पूजा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित

असली प्राचीन शास्त्रोक्त चमत्कारी

सिद्ध श्री बगलामुखी

महाउपासना-महासाधना,
स्तुति एवं सिद्धियों सहित

बगलामुखी उपासना एवं तांत्रिक प्रयोग की प्रमाणिक पुस्तक

प्रस्तुति एवं सम्पादन
काली पंडित

पूजा प्रकाशन, दिल्ली

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

असली प्राचीन शास्त्रोक्त चमत्कारी

सिद्ध श्री बगलामुखी

महाउपासना, स्तुति एवं सिद्धियों सहित

(बगलामुखी उपासना एवं
प्रयोग की प्रामाणिक पुस्तक)

प्रस्तुति एवं संपादन
काली पंडित

卐 प्रकाशक 卐

पूजा प्रकाशन

(सदर बाजार स्टेशन के बराबर में मस्जिद के बाहर)
पुल कुतब रोड, सदर बाजार, दिल्ली-110006
फोन न. : 011-45516164, 9811873658, 9811716164
Email : gargbooks@yahoo.co.in
sales@poojaprakashan.com
Visit us : www.poojaprakashan.com

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रकाशक : **पूजा प्रकाशन**
(सदर बाजार स्टेशन के बराबर में मस्जिद के बाहर)
पुल कुतब रोड, सदर बाजार, दिल्ली-110006
फोन न. : 011-45516164, 9811873658
9811716164
Email : gargbooks@yahoo.co.in
sales@poojaprakashan.com
Visit us : www.poojaprakashan.com

प्रमुख विक्रेता : **गर्ग कम्पनी बुकसेलर**
पुल कुतुब रोड, सदर बाज़ार, दिल्ली-110006

पुस्तक : सिद्ध श्री बगलामुखी महाउपासना

प्रस्तुति एवं संपादन : काली पंडित

₹ : 300/-

शब्द सज्जा : स्वामिनारायण प्रिंटर्स, दिल्ली-34 फोन: 45606505 मो.: 9560229526

मुद्रक : एम. एस. प्रिंटर्स, लाल कुआं, दिल्ली-110006

चेतावनी भारतीय कॉपीराइट एक्ट के अन्तर्गत इस पुस्तक तथा इसमें समाहित सारी सामग्री (रेखांकन) व छायाचित्रों सहित के सर्वाधिकार 'प्रस्तोता एवं पूजा प्रकाशन' के पास सुरक्षित हैं। इसलिए कोई भी सज्जन इस पुस्तक का नाम टाइटल डिज़ाइन, अंदर का मैटर व चित्र आदि आंशिक या पूर्ण रूप से तोड़-मरोड़कर एवं किसी भी भाषा में छापने व प्रकाशित करने का साहस न करे अन्यथा कानूनी तौर पर वह हर्जे-खर्चे व हानि का स्वयं जिम्मेदार होगा। किसी भी प्रकार के वाद-विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही रहेगा।

विशेष चेतावनी *श्री वृद्धि और सुख -शान्ति के लिए मंत्र-तंत्र-यंत्र साधनाओं का विशेष महत्व है। परन्तु यदि किसी साधक को प्रस्तुत पुस्तक में दी गई साधना के प्रयोग में विधिगत वस्तुगत अशुद्धता अथवा त्रुटि के कारण किसी भी प्रकार की क्लेश-जनक हानि होती है अथवा कोई अनिष्ट होता है तो इसका उत्तरदायित्व स्वयं उसी का होगा। प्रस्तोता, प्रकाशक एवं मुद्रक उसके लिए उत्तरदायी नहीं होंगे। अतः कोई भी प्रयोग अपने गुरु या किसी योग्य व्यक्ति के संरक्षण में ही करें।*

SIDH SHRI BAGLAMUKHI MAHAUPASNA
Printed By : Pooja Prakashan, Delhi (India)
Presentation and edited by: Kali Pandit

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्राक्कथन

श्री बगलामुखी दश महाविद्याओं में से एक हैं। इनकी उपासना या साधना दक्षिण व उत्तर दोनों ही आम्ना पद्धति से की जाती है। यही एक ऐसी देवी हैं जो वाम व दक्षिण मार्ग के साधकों द्वारा आराधित हैं। इनके भैरव आनंद भैरव व गणेश हरिद्रा गणेश हैं। इनके शिव एकमुखी महारुद्र हैं तथा रात्रि वीररात्रि है। इनकी साधना में वीर व दिव्य दोनों ही भावों की प्रधानता है।

अथर्वासूत्र रूप शक्ति वल्गामुखी कहलाती है, वल्गा वैदिक नाम है। यही वैदिक वल्गा नाम आगम अर्थात तंत्र में बगला कहलाता है। इसलिए वल्गामुखी या बगलामुखी में कोई अंतर नहीं है, दोनों एक ही हैं। प्रायः साधकजन नाम के फेर से भ्रमित होते भी देखे गए हैं।

बगलामुखी को श्रीविद्या, ब्रह्मविद्या भी कहा जाता है। इनकी सर्वप्रथम आराधना भगवान विष्णु ने की थी। ये शत्रु का दमन करनेवाली व साधक का हित साधनेवाली महाशक्ति हैं। अतः साधकों को इनकी साधना द्वेषवश कभी नहीं करनी चाहिए। इतना भी बता देना आवश्यक है कि इनकी साधना गुरु के सान्निध्य में और उनके निर्देशानुसार ही करनी चाहिए, अन्यथा अनर्थ भी हो सकता है।

महाशक्ति बगलामुखी शीघ्र फलदायिनी हैं। बगलामुखी तंत्र में इनके ध्यान का स्पष्टीकरण करते हुए इस प्रकार बतलाया गया है–

जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं,
वामेन शत्रून् परिपीडयंतीम्।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन,
पीतांबराढ्यां द्विभुजां नमामि।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

साधको! अध्यात्म का क्षेत्र एक अपार सागर है, जिसका कोई छोर दूर-दूर तक दृष्टिगत नहीं होता। एकमात्र गुरुदेव ही ऐसी विभूति हैं, जो इस आध्यात्मिक सागर से हाथ पकड़कर सुरक्षित रूप से मानव को उसके लक्ष्य तक ले जाने की सामर्थ्य रखते हैं। क्षेत्र कोई भी हो, जब तक योग्य मार्गदर्शक नहीं होता है तब तक मानव मात्र तिनके की तरह इधर-उधर डूबता उतराता रहता है। कभी वह संसाररूपी वायु चक्र के चक्रवात में चकराता है तो कभी सिन्धु-भंवर में।

क्षेत्र विज्ञान का हो अथवा ज्ञान का, बिना योग्य मार्गदर्शन के कोई छोर दृष्टिगत नहीं होता। फिर साधना का क्षेत्र तो इतना विशाल है कि इसका पार गुरु-कृपा के अभाव में प्राप्त करना निस्संदेह सम्भव ही नहीं है। गुरु-कृपा प्राप्त होने पर इष्ट कृपा स्वयं प्राप्त होने लगती है। गुरु की श्रेणी इसीलिए कोटि-कोटि विद्वानों ने ईश्वर से भी ऊपर रखी है।

यदि आप साधना के पवित्र क्षेत्र में पदार्पण करना चाहते हैं और सफल होना चाहते हैं तो सबसे पहले ऐसे योग्य और अनुभवी गुरु का वरण करें जो आपका सही मार्गदर्शन कर सकें। साधक को सीधे ही यंत्र प्रयोग या अनुष्ठान नहीं करना चाहिए। अपने गुरु से मार्गदर्शन प्राप्त करना उनका पहला और आवश्यक कर्त्तव्य है। उनके श्रीचरणों में बैठकर ही साधक को ध्वन्यात्मक ज्ञान व मंत्र का सही उच्चारण करते हुए साधना क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए।

मुझे विश्वास है कि साधक इन दो शब्दों को ही बहुत अधिक मानते हुए इस ग्रन्थ में प्रस्तुत की गई पूजा-पद्धति व निर्देशों का अनुकरण करते हुए और श्री गुरु-चरण रज ललाट पर धार्य करते हुए श्री बगलामुखी के सान्निध्य व असीम कृपा से स्वयं को ओत-प्रोत करते हुए साधना मार्ग में सफलता की उच्चता का वरण करेंगे। साधक, गृहस्थ व योगीराज यदि प्रस्तुत पुस्तक में प्रदत्त विषयों का परिशीलन व अनुकरण करते हुए माँ पराम्बा पीताम्बरा के कृपा पात्र बन सकें, तो मैं स्वयं को अपने किए गए प्रयास में सफल समझूँगा।

साधकगणों से मेरा यह विनम्र अनुरोध है तथा कर्त्तव्य भी है कि इस ग्रन्थ में वर्णित प्रयोगों से आप लोगों का उपकार ही करें। यदि नाश ही करना है तो आप अपने अन्दर छिपे काम, क्रोध, लोभ, मोह और मद का नाश करें, लोगों का नहीं,

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

क्योंकि व्यक्ति के सबसे बड़े शत्रु ये पंच विकार हैं। माँ पराम्बा बगला भोग और मोक्ष दोनों की दात्री हैं, अतः आप संयम करते हुए, सत्यकार्यों को बरतते हुए, मोक्ष की कामना करके, भोगों को भोगते हुए, पीताम्बरा की अनंत कृपा से साधना की असीम शिखरता प्राप्त करें यही मेरी हृदय से कामना है। विद्या का दुरूपयोग करके इसकी प्रतिष्ठा व गरिमा को ठेस न पहुँचाएं।

यद्यपि इस ग्रन्थ की रचना करने में, सम्पादन व व्याख्या करने में मैंने यथाशक्ति सतर्कता बनाए रखी है और पूर्ण प्रयास किया है कि कहीं कोई भी त्रुटि न होने पाए, परन्तु व्यक्ति से त्रुटि हो जाना सम्भव है, इसलिए यदि कोई त्रुटि कहीं रह गई हो, तो साधक वर्ग से, मनीषियों से उसके लिए क्षमा चाहूँगा। अन्ततः यही कहूँगा कि— **रिपु-स्तम्भन-कामो बगलामुखीयुपासीत। अन्तः शत्रु-स्तम्भन-कामो-वा॥**

अर्थात् शत्रु स्तम्भन के लिए बगलामुखी की उपासना करें अथवा आन्तरिक शत्रुओं (पंच-विकारों) के स्तम्भन की इच्छा रखने वाले बगलामुखी की उपासना करें।

-काली पंडित

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

श्री बगलामुखी का परिचय

व्यष्टिरूप में शत्रुओं को नष्ट करने की इच्छा रखने वाली तथा समष्टिरूप में परमात्मा की संहार शक्ति ही बगलामुखी हैं। पीताम्बरा विद्या के नाम से विख्यात बगलामुखी की साधना प्रायः शत्रु भय से मुक्ति और वाक् सिद्धि के लिए की जाती है। इनकी उपासना में हरिद्रा माला, पीत पुष्प एवं पीत वस्त्र का विधान है। महाविद्याओं में इनका आठवाँ स्थान है।

इनके ध्यान में कहा गया है कि ये सुधा समुद्र के मध्य में स्थित मणिमय मंडप में रत्नमय सिंहासन पर विराज रही हैं। ये पीत वर्ण के वस्त्र, पीत आभूषण तथा पीत पुष्पों की ही माला धारण करती हैं। इनके एक हाथ में शत्रु की जिह्वा और दूसरे हाथ में मुद्‌गर है। **स्वतंत्र तंत्र** के अनुसार भगवती बगलामुखी के प्रादुर्भाव की कथा इस प्रकार है :—

सत्य युग में संपूर्ण एक बार जगत को नष्ट करने वाला भयंकर तूफान आया। प्राणियों के जीवन पर आए संकट को देखकर भगवान् महाविष्णु चिंतित हो उठे। वह सौराष्ट्र देश में हरिद्रा सरोवर के समीप जाकर भगवती को प्रसन्न करने के लिए तप करने लगे। श्रीविद्या ने उस सरोवर से बगलामुखी रूप में प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिया तथा विध्वंसकारी तूफान का तुरन्त स्तंभन कर दिया। बगलामुखी महाविद्या भगवान् विष्णु के तेज से युक्त होने के कारण वैष्णवी हैं। मंगलवारयुक्त चतुर्दशी की अर्धरात्रि में इनका प्रादुर्भाव हुआ था। इस विद्या का उपयोग दैवी प्रकोप की शान्ति, धन-धान्य के लिए, पौष्टिक कर्म एवं आभिचारिक कर्म के लिए भी होता है। यह भेद केवल प्रधानता के अभिप्राय से है, अन्यथा इनकी उपासना भोग और मोक्ष दोनों की सिद्धि के लिए की जाती है।

यजुर्वेद की **काठक संहिता** के अनुसार दसों ये दिशाओं को प्रकाशित करने वाली, सुन्दर स्वरूपधारिणी विष्णु पत्नी, त्रिलोक जगत् की ईश्वरी

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कही जाती हैं। स्तंभनकारिणी शक्ति व्यक्त और अव्यक्त सभी पदार्थों की स्थिति का आधार पृथ्वीरूपा शक्ति है। बगला उसी स्तंभन शक्ति की अधिष्ठात्री दैवी हैं। शक्तिरूपा बगला की स्तंभन शक्ति से द्युलोक वृष्टि प्रदान करता है। उसी से आदित्य मंडल ठहरा हुआ है और उसी से स्वर्गलोक भी स्तंभित है। भगवान् श्री कृष्ण ने भी गीता में **'विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्'** कहकर उसी शक्ति का समर्थन किया हैं। तंत्र में वही स्तंभन शक्ति बगलामुखी के नाम से जानी जाती है।

माता बगलामुखी को **'ब्रह्मास्त्र'** के नाम से भी जाना जाता है। ऐहिक या पारलौकिक देश अथवा समाज में दु:खद अरिष्टों के दमन और शत्रुओं के शमन में बगलामुखी के मंत्र समान कोई मंत्र नहीं है। चिरकाल से साधक इन्हीं महादेवी का आश्रय लेते आ रहे हैं। इनके बडवामुखी, जातवेदमुखी, उल्कामुखी, ज्वालामुखी तथा बृहद्भानुमुखी पाँच मंत्र भेद हैं। **कुंडिका तंत्र** में बगलामुखी के जप के विधान पर विशेष प्रकाश डाला गया है। **मुंडमाला तंत्र** में तो यहाँ तक कहा गया है कि इनकी सिद्धि के लिए नक्षत्रादि विचार और कालशोधन की भी आवश्यकता नहीं है।

बगला महाविद्या ऊर्ध्वाम्नाय के अनुसार ही उपास्य हैं। इस आम्नाय में शक्ति केवल पूज्य मानी जाती है, भोग्य नहीं। श्रीकुल की सभी महाविद्याओं की उपासना गुरु के सान्निध्य में रहकर सतर्कतापूर्वक, सफलता की प्राप्ति होने तक करते रहना चाहिए। इसमें ब्रह्मचर्य का पालन और बाहर-भीतर की पवित्रता अनिवार्य है। सर्वप्रथम बह्माजी ने बगला महाविद्या की उपासना की थी। बह्माजी ने इस विद्या का उपदेश सनकादिक मुनियों को दिया। सनत्कुमार ने देवर्षि नारद को और नारद ने सांख्यायन नामक परमहंस को इसका उपदेश दिया। सांख्यायन ने 36 पटलों में उपनिबद्ध बगला तंत्र की रचना की। बगलामुखी के दूसरे उपासक भगवान् विष्णु और तीसरे उपासक परशुराम हुए तथा परशुराम ने यह विद्या आचार्य द्रोण को बताई।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पूजन व हवन सामग्री

1. माता बगला की मूर्ति
2. बगला यंत्र
3. केले का खम्भा
4. वन्दनवार
5. चौकी
6. पीढ़ा
7. कलश
8. पञ्च पल्लव
9. गोबर
10. गोमूत्र
11. गंगाजल
12. रोरी
13. सिन्दूर
14. पंचपात्र
15. हवन पात्र
16. सप्तमृत्तिका
17. वरण सामग्री
18. नारियल
19. चम्पा का फूल
20. पीला चन्दन
21. हल्दी पिसी हुई
22. हल्दी की माला
23. पीला वस्त्र, टिकुली, आभूषण
24. पीले चावल
25. अबीर, गुलाल
26. कलावा
27. पान, सुपारी
28. पेड़ा, बताशा, बेसन का लड्डू
29. पीला जनेऊ
30. पीले फल
31. पीले पुष्प (कनेर, प्रियङ्गु)
32. हरिद्रा माला
33. धूप-दीप
34. नैवेद्य, ऋतुफल
35. कपूर
36. आसन
37. कच्ची मिट्टी का बैल
38. कच्चे चने
39. पीली सरसों
40. सरसों का तेल
41. हवन के लिए नीम या खैर की लकड़ी
42. त्रिमधु (घी, शहद, शक्कर)
43. गुग्गल
44. तुलसी, दूर्वा
45. गुरुच
46. लाजा
47. तिल-यव
48. चावल
49. गोदुग्ध
50. हरताल
51. लवण

इसके अतिरिक्त कार्यानुसार अन्य पूजन सामग्री एकत्र कर लें।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

विषय सूची

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री बगला प्रातः स्मरणम्

प्रातः स्मरामि मधु पूर्ण सुधा समुद्रम्,
तन्मध्य दिव्य मणिद्वीप मनोहरं च।
कल्पाटवीममित रत्न विभूष कोटम्,
श्रीमण्डपं विशद शोभि हृदि स्फुरन्तम्।।

प्रातर्नमामि मधुसूदन त्रीक्षणाब्जैः,
नीराजितं ह्यति नतैः मुकुट-प्रदीपै।
सौवर्ण वर्णमतुलं तं पाद पीठम्,
देव्या निवेषित सदंघ्रि द्वयं ललामम्।।

प्रातर्भजामि भव भूरि भयापहां ताम्,
पीताम्बरां करसु मुद्‌गर वैरि जिह्वाम्।
सु स्तम्भिनीं सु वदनां करुणार्द्र चित्ताम्,
सृष्ट्युत्पत्ति स्थिति नियामिनि ब्रह्म विद्याम्।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

❁ बगला-उत्पत्ति ❁

पार्वती-उवाच

॥ दोहा ॥

हे आनन्दानन्द! समर्थ! कुछ युति बनाओ।
बगला प्राकट्य की अद्भुत कथा सुनाओ॥

शंकर-उवाच

हे देवेशि! सुमुखी! पहले, श्रद्धा मैं मन में लाऊँ।
तब बगला उत्पत्ति की, तुम्हें कथा सुनाऊँ॥

एक समय सतयुग में, भू-मण्डल पर तूफान उठा।
जीव, चराचर लगे बिखरने, जैसे सोया श्मशान उठा॥

प्रलय काल सा रूप भयंकर, लगा मिटाने जग चर को।
शेषनाग पर सोए विष्णु, चिन्तन में अति लीन हुए।
उग्र तपस्या करने से, स्वयं प्रभु अति क्षीण हुए॥

भई संतुष्टा त्रिपुर सुन्दरी, लखि नारायण का भाव विह्वल।
एक तेज सा फैला जग में, चमके अवनि, अम्बर, तल॥

सौराष्ट्र प्रान्त में सरोवर हरिद्रा, जहाँ भवानी प्रकट हुई।
मातृ-सरोवर, वारि-वासन, पीत-रीत अति निकट हुई॥

विख्यात हुई यह वीर रात्रि, उसी तेज के आने से।
भौमवार दिन, तिथि चतुर्दश, कुल-नक्षत्र-मकार हो जाने से॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मातृ शक्ति थी यह अनुपम, विष्णु श्रद्धा से विनत हुए।
पञ्च मकार से सेवित शक्ति, नयना मद से तिक्त किए॥

प्रकटा तेज, तेज से उनके, उधर प्रभु ने तेज दिया।
उन तेजों का मिलन हुआ, और बगला ने अवतार लिया॥

तब बगला महामाया ने, उस विकट प्रलय पर वार किया।
करुण हृदय से बाधित हो, जड़-चेतन का उद्धार किया॥

इसलिए माँ पीत-अम्बर में, क्षीर-हृदय पर रहती हैं।
जग-स्तम्भा, जगद्-धात्री, स्वयं कहानी कहती हैं॥

मुद्गर-धारिणी, रिपु स्तम्भा की, अद्भुत यही कहानी है।
अष्टम विद्या, जग विख्याता, महामाया महारानी है॥

॥ दोहा ॥

मंगलवार दिन चतुर्दशी हुई अवतरित मात।
बगलामुखी के जन्म की यही कथा विख्यात॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री बगलामुखी के विषय में 21 बातें

1. **नाम**— वल्गामुखी, बगला या बगलामुखी, पीताम्बरा, ब्रह्मास्त्र विद्या।
2. **आम्नाय**—इस विद्या के दो आम्नाय हैं: 'उत्तराम्नाय' और 'दक्षिणाम्नाय'।
3. **कुल**— यह 'श्री कुल' की विद्या है।
4. **आचार**— इसका आचार वाम है, दक्षिण भी है। दोनों आचार हैं।
5. **विद्या**— 'दिवा दक्षिण- साध्याऽपि, निशि वाम-प्रसादना।' यह 'विद्या' ही कही है।
6. **शिव**— इस विद्या के शिव 'त्र्यम्बक' हैं।
7. **गणेश**— इस विद्या के गणेश 'हरिद्रा गणपति' हैं।
8. **भैरव**— इसके भैरव 'आनंद-भैरव' हैं। कोई-कोई 'मृत्युञ्जय शिव' को भी इसका भैरव कहते हैं। वे इस प्रमाण से कहते हैं कि दश महाविद्याओं में जो शिव हैं, वही भैरव भी हैं।
9. **यक्षिणी**— इस विद्या के साथ साधना-योग्य यक्षिणी 'विडालिका' नाम की है।
10. **अंग-विद्या**— मृत्युञ्जय मंत्र, बटुक-मंत्र, पञ्चास्त्र (1.आग्नेय, 2. वारुण, 3. पर्जन्य, 4. सम्मोहन, 5. पाशुपत), कुल्लुका, तारा, स्वप्नेश्वरी और योगिनी मंत्र— ये इसकी अंग-विद्याएँ हैं।
11. **कुल्लुका**—इस विद्या की कुल्लुका 'ॐ हूं क्ष्रौं'— यह त्र्यम्बक मंत्र है। इस मंत्र को शिर पर 10 बार जपना चाहिए।
12. **सेतु**— इस विद्या का 'सेतु' मंत्र 'ह्रीं स्वाहा' है। इसे कण्ठ पर 10 बार जपते हैं।
13. **महासेतु**— इसका 'महासेतु' मंत्र एक्षाकर 'स्त्रीं' है। इसे हृदय में 10 बार जपते हैं।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

14. **निर्वाण**— इस विद्या की मातृका 'ह्रूं ह्रीं श्रीं' से सम्पुटित 'मूल-मंत्र' का जप ही इसकी निर्वाण विद्या है। पुरश्चरण व पर्वादि विशेष अवसर पर करें, नित्य नहीं।

15. **दीपन**—इसके दीपन के लिए मूल-मंत्र को योनि-बीज 'ईं' से पुटित कर 7 बार जपें। ऐसा भी नित्य नहीं, पुरश्चरणादि में या पर्वादि में ही करें।

16. **जीवन**— मूल-मंत्र के अन्त में 'ह्रीं ॐ स्वाहा' मंत्र 10 बार जपें। यह भी नित्य नहीं।

17. **मुख-शोधन**— त्र्यक्षरी 'ऐं ह्रीं ऐं' से नित्य प्रायः मुखशोधन करें। दातून करने के बाद अपनी जिह्वा पर अनामिका से जलसंकेत से इसे लिखकर 10 बार जपें।

18. **शापोद्धार**— 'ॐ ह्लीं बगले! रुद्र-शापं विमोचय-विमोचय ॐ ह्लीं स्वाहा' मंत्र के पूर्व 10 बार जपें। यह प्रयोग पुरश्चरणादि में, विशेषावसर पर ही करें, नित्य नहीं।

19. **उत्कीलन**— 'ॐ ह्रीं स्वाहा' इस चतुरक्षरी को मंत्र के आदि में 10 बार जपें। यह भी पुरश्चरणादि में और पर्वादि विशेषावसर पर ही करणीय है।

20. **भाव**— इस विद्या की साधना में 'वीर-भाव' और 'दिव्य-भाव' दो भाव हैं। आदि में 'वीर-भाव' से ही चलें। क्रमशः 'तुरीय श्रम' तक 'दिव्य-भाव' प्राप्त हो जाता है।

21. **क्रम**—इस विद्या की साधना 'सौभाग्य-क्रम' से ही सर्व-सिद्धिदायी होती है अर्थात् शक्ति-साधना, सौभाग्य-पूजादि 'कुलार्णव' तन्त्रोक्त करें।

❀❀❀

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शत्रु बाधा निवारण व बगलामुखी

शत्रु संहार व शत्रु बाधा निवारण के लिए अगर कोई साधना है, तो वह है भगवती बगलामुखी साधना। राजसत्ता पर बैठा व्यक्ति, चाहे वह कोई भी हो, अनिवार्य रूप से इस साधना की प्राप्ति के लिए आतुर होता है। इतिहास साक्षी है कि भारत के बहुत से राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री दतिया में बगलामुखी के सिद्ध पीताम्बर पीठ पर अपना माथा टेकने आते रहे हैं।

बगलामुखी को स्तंभन की देवी माना जाता है। शत्रु बाधा हो, या कोर्ट-कचहरी का चक्कर, बगलामुखी साधना से अनुकूलता की प्राप्ति होती ही है। भगवती बगलामुखी के मंत्र के बारे में यह कहा जाता है कि यह अकेला मंत्र प्रचंड तूफान को भी रोकने में पूर्णत सक्षम है। ऐसे अद्वितीय मंत्र की साधना करना जीवन का सौभाग्य होता है। अपनी जीवन रक्षा तथा विपरीत परिस्थिति से बचाव के लिए यह अद्वितीय है।

1. पूर्ण ब्रह्मचर्य का पालन करें।
2. साधना क्रम में स्त्री स्पर्श, चर्चा, संसर्ग का पूर्णतः वर्जित (जाग्रत और स्वप्नावस्था, किसी में भी) होता है।
3. साधना डरपोक व्यक्तियों को तथा बच्चों को नहीं करनी चाहिए। बगलामुखी देवी अपने साधक को भयभीत करके परीक्षा लेती हैं। साधना काल में भयानक आवाज़ें या विचित्र आभास हो सकते हैं। इसलिए दृढ़ इच्छा शक्ति और संकल्प से युक्त व्यक्ति ही साधना करें।
4. साधना से पहले गुरु का ध्यान और पूजन अनिवार्य है।
5. हरिद्रा गणपति का पूजन तथा 1 माला जप अवश्य करें।
6. बगलामुखी के भैरव मृत्युंजय हैं। इसलिए साधना के पूर्व एक माला महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।
7. पीले रंग के वस्त्र तथा आसन होने चाहिए।
8. साधना उत्तर दिशा की ओर देखते हुए करें।
9. मंत्र जाप हल्दी की माला से करें। हल्दी की माला बाज़ार में मिल जाती है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यदि न मिले, तो हल्दी की गाँठों को पानी में भिगो दें। वे फूलकर मुलायम हो जाएगी। तब 108 टुकड़े काटकर माला गूँथ लें। एक टुकड़ा सुमेरु अर्थात् माला के प्रारम्भ को इंगित करने वाला बीच का मनका बनाकर लगा लें। इस प्रकार 109 टुकड़ों की ज़रूरत होगी। याद रखें कि काटने और गूँथने का काम गीले टुकड़ों से ही करें। यदि सूखे टुकड़ों को छेदने की कोशिश करेंगे तो वे टूट जाएँगे। अब इस गुंथी हुई माला को सुखा लें। माला तैयार है। इससे मंत्र जाप कर सकते हैं।

10. जप के बाद यह माला अपने गले में धारण कर लें। इस बात का ध्यान रखें कि इसे कोई अन्य व्यक्ति स्पर्श न करे। यदि इस बात का डर हो तो जाप के बाद माला साधना कक्ष में ही रखें।
11. साधना रात्रि में 9 बजे से 12 बजे के मध्य आरम्भ करनी चाहिए।
12. मंत्र के जाप की संख्या स्वयं की क्षमतानुसार निश्चित करें। इस प्रकार कम से कम 16 दिन तक मंत्र जाप करें।
13. मंत्र जाप शुक्ल पक्ष में ही आरम्भ करें। नवरात्रि सर्वश्रेष्ठ है।
14. मंत्र जाप के पहले हाथ में जल लेकर अपनी इच्छा स्पष्ट रूप से बोलकर व्यक्त करें। गलत इच्छा या परपीड़ा के लिए प्रयोग न करें।
15. मंत्र जाप के समय यदि आवाज़ अपने आप तेज़ हो जाए, तो उसे न रोकें।
16. साधना काल में इसकी चर्चा किसी से न करें।
17. साधना काल में तेल या घी का दीपक अवश्क जलाएँ।

शत्रु नाश के लिए बगलामुखी मंत्र

ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं, स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।''

बगलामुखी बीज मंत्र— **ह्लीं**

अपनी क्षमतानुसार शत्रु नाश या बीज मंत्र का उपयोग करें। पुरश्चरण अर्थात् पूर्ण अनुष्ठान 1,25,000 मंत्रों का या 1250 माला जाप से पूर्ण माना जाता है।

❁❁❁

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दस महाविद्याओं में अभूतपूर्व महाशक्ति बगलामुखी

- *दस महाविद्याओं में अभूतपूर्व महाशक्ति बगलामुखी*
- *महाविद्या बगलामुखी की उपासना*

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

1

दश महाविद्याओं में अभूतपूर्व महाशक्ति बगलामुखी

यद्यपि अनादिकाल से आदि शक्ति की एक ही उपासना पद्धति थी, परन्तु, साधकों की रुचि भेद के कारण यह पद्धति विविध उपासना पद्धतियों में परिणत होते हुए दश महाविद्याओं के रूप में भी प्रचलित हो गई।

दश महाविद्याओं में बगलामुखी की उपासना प्रायः संकट के समय पर विशेष रूप से की जाती है। बगला देवी शत्रुओं के मुख और वाणी को स्तंभित कर देती हैं, जिह्वा को कीलित कर देती हैं तथा बुद्धि को नष्ट कर देती हैं। एक तंत्र शास्त्र के अनुसार बगलामुखी का अर्थ निम्न है—

वकारे वारुणी प्रोक्ता, गकारे सिद्धिदा स्मृता, लकारे पृथिवी चैव चैतन्या च प्रकीर्तिता जगन्माता जगद्धात्री जगतामुपकारिणी।

यजुर्वेद के आभिचारिक प्रकरण में बगलामुखी देवी का वैदिक रूप कुछ इस प्रकार से वर्णित है।

रक्षोहणं वलगहनं वैष्णवीमिदमहं तं वलगमुत्किराति। यं मं निष्टयो यममसतया निचखानेदमहंत निचखानोत्कृत्या किरामि।

इसी प्रकार अथर्ववेद के पंचम काण्ड के छठे अनुवाक् में बगलामुखी देवी का सूक्त उपलब्ध है। सूक्त की कुछ पंक्तियाँ ये हैं—

या ते चक्रुरामे पात्रे यां चक्रुर्मिश्रधान्ये, या ते चक्रूरमूलायां वलगं वा चशच्याम् कृत्याकृतं वलगिनं मूलिनं शथऽप्वस्तया।

बगलामुखी के स्वरूप वर्णन में **''पीतांबरोपनिषद्''** नाम से एक उपनिषद् भी प्राप्त होता है। रुद्रयामल तंत्र, मेरु तंत्र, सांख्यायन तंत्र, षट्कर्म

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दीपिका तथा अग्निपुराण के पाशुपतदानाध्याय में भी इस देवी के माहात्म्य का वर्णन विस्तार से उपलब्ध होता है। मारण, मोहन, उच्चाटन आदि अनेक क्रियाओं के लिए, शत्रु को परास्त करने के लिए, मुकदमे में विजय प्राप्ति के लिए, फँसा हुआ पैसा निकालने के लिए, ऐसे अनेक कार्यों के लिए इस देवी की विभिन्न रूपों में उपासना की जाती है। विधिवत् गुरु से दीक्षा प्राप्त व्यक्ति ही इस देवी की उपासना करने का अधिकारी माना जाता है।

सांख्यायन तंत्र के अनुसार बिना दीक्षा प्राप्त किए यदि कोई साधक पुस्तक में लिखे मंत्र को देखकर जप करने लगता है, तो उसके चंडाल हो जाने की संभावना बन जाती है तथा साधना का कोई भी फल प्राप्त नहीं हो पाता। अतः दीक्षा प्राप्त करना अनिवार्य है। इनकी आराधना में त्रुटियों की संभावनाएँ रहती हैं जिनसे भारी नुकसान उठाना पड़ता है। उदाहरण के तौर पर यदि बिना कवच धारण किए कोई व्यक्ति उपासना करने लग जाए तो योगिनियाँ उस साधक का रक्त पान करना प्रारम्भ कर देती हैं। साधक के विक्षिप्त होने की भी पूर्ण संभावना रहती है।

बगलामुखी मंत्र में 36 अक्षर हैं। देवर्षि नारद इसके ऋषि हैं। इसका छंद बृहती है तथा बगलामुखी देवता हैं। मंत्र इस प्रकार है— **ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं, स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।**

चंपा के फूल, दूर्वा, शहद तथा धान की खीलें पीताम्बरा को बहुत प्रिय हैं। इन्हें सबसे अधिक प्रिय है पीत वर्ण। यह स्वयं भी पीत वस्त्र धारण करती हैं, सोने के सिंहासन पर विराजमान होती हैं, चंपा के पुष्पों की माला धारण किए हुए हैं। इनके हाथ में मुद्‌गर, पाश, वज्र तथा शत्रु की जिह्वा है तथा ये स्वर्णाभूषणों से अलंकृत हैं। साधक को भी उपासना करते समय पीत वस्त्र धारण करना है, हरिद्रा (हल्दी) की माला पर जप करना है, पीले आसन पर बैठना है, पीला ही खान-पान और पीले का ध्यान करना है। पीले पुष्प तथा पीली वस्तुओं से ही पूजा करने का विधान है।

भगवती के मंत्रों का 1 लाख जाप एक सम्पूर्ण अनुष्ठान कहलाता है। दशांश होम करते समय चतुरस्र, त्रिकोण तथा **षट्‌कोणीय यज्ञ कुंड,** मारण-मोहन उच्चाटनादि संकल्पानुसार बनाया जाता है। समयाचार तंत्र के अनुसार बगलामुखी के लिए बलि देने हेतु मंत्र अग्रलिखित है:—

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं ह्रीं बगलामुखी सर्वशत्रुस्तम्भिनी सर्वराजवशंकरी एष ते बलिः गृहन ममाभीष्टं कुरु-कुरु हुं फट् स्वाहा।

इसी प्रकार भगवती के यंत्र की स्थापना, अर्चना, अभिषेक तथा तर्पण आदि द्वारा पूजा की जाती है। तर्पण गुड़ोदक द्वारा प्रशस्त माना गया है। बगलामुखी की आराधना, उपासना, जप, ध्यान आदि का समुचित समय रात्रि 10 बजे से प्रातःकाल 4 बजे तक उत्तम माना जाता है। भगवती को रविवार और गुरुवार अधिक प्रिय हैं। मध्यप्रदेश के जिला दतिया शहर में **''पीतांबरापीठ''** नाम से बगलामुखी देवी का सिद्ध पीठ है।

❀❀❀

महाविद्या बगलामुखी की उपासना

देवी बगलामुखी का प्रभाव विशेष रूप से शत्रु दमन के कार्य में दृष्टिगत होता है। वाद-विवाद, प्रतिरोध, मामला-मुकद्दमा, शत्रुकृत उपद्रव, तांत्रिक षट्कर्म, अभिचार कृत्य (उच्चाटन, स्तंभन और मारण) आदि जैसी समस्याओं के निराकरण में माँ बगलामुखी तंत्र की सफलता असंदिग्ध रहती है।

श्री बगलामुखी को **''ब्रह्मास्त्र''** के नाम से भी जाना जाता है। साथ ही **''श्री बगला''** को तामसी मानना उचित नहीं, क्योंकि इनके आभिचारिक कृत्यों में रक्षा की ही प्रधानता होती है और यह कार्य इसी शक्ति द्वारा होता है।

उपासना विधि

सबसे पहले किसी शुभ मुहूर्त्त में सोने, चाँदी या ताँबे के पतरे पर माँ बगलामुखी यंत्र की रचना करें। यंत्र यथासंभव उभरे हुए रेखांकन में हो। यंत्र तैयार हो जाने पर इनकी प्राण-प्रतिष्ठा एवं पूजा अनिवार्य है। प्राण-प्रतिष्ठा के उपरान्त यंत्र को पूजा गृह या घर-मकान के किसी एकान्त स्थान में (वह स्थान साफ-सुथरा और पवित्र होना चाहिए) लकड़ी के पीढ़े पर पीले वस्त्र का आसन बिछाकर, रवि पुष्य या गुरु पुष्य योग में देवी बगलामुखी के चित्र के साथ स्थापित करें।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यंत्र स्थापना के पश्चात् उसकी पूजा तथा मंत्र जाप करें। जप के समय सबसे पहले देवी बगलामुखी का विनियोग करें। इसके लिए दाएँ हाथ में जल लेकर निम्न मंत्र के उच्चारण सहित जल को चित्र और यंत्र के सम्मुख छोड़ दें।

विनियोग

ॐ अस्य बगलामुखी मंत्रस्य नारद ऋषिः, त्रिष्टुप्छंदः, श्री बगलामुखी देवता, ह्लीं बीजं, स्वाहा शक्तिः, प्रणवः कीलकं ममाभीष्ट सिद्धयर्थे जपे विनियोगः।

इसके बाद करन्यास, हृदयादिन्यास करके देवी का ध्यान करें।

ऋष्यादिन्यास

ॐ नारद ऋषये नमः शिरसि, त्रिष्टुप्छंदसे नमः मुखे; बगलामुख्यै नमः हृदये; ह्लीं बीजाय नमः गुह्ये; स्वाहा शक्तये नमः पादयोः, प्रणव कीलकाय नमः नाभौ। मम संकल्प सिद्धयर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

करन्यास

ॐ ह्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः, बगलामुखी तर्जनीभ्यां नमः, सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां नमः, वाचं मुखं पदं स्तंभय अनामिकाभ्यां नमः, जिह्वां कीलय कनिष्ठिकाभ्यां नमः, बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यास

ॐ ह्लीं हृदयाय नमः, बगलामुखी शिरसे स्वाहा, सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्, वाचं मुखं पदं स्तंभय कवचाय हुं, जिह्वां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्, बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्।

इसके पश्चात् देवी का ध्यान करें।

मन्त्राक्षरन्यास

ॐ नमो मूर्ध्नि। ह्लीं नमो भाले। बं नमो भ्रुवोर्मध्ये। गं नमो दक्षिणनेत्रे। लां नमो वामनेत्रे। मुं नमो दक्षिण श्रोत्रे। खिं नमो वामश्रोत्रे।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सं नमो दक्षिण नासायां। वं नमो वाम नासायां। दुं नमो दक्षिण गण्डे। ष्टां नमो वाम गण्डे। नां नमो ऊर्ध्वोष्ठे। वां नमो अधरोष्ठे। चं नमो दक्षिणांसे। मुं नमोवामांसे। खं नमो गले। यं नमो दक्षिण बाहुमूले। दं नमो दक्षिण हस्तमध्ये। स्तं नमो दक्षिण मणिबन्धे। भं नमो दक्षिण हस्तांगुलि मूले। यं नमो दक्षिण हस्तांगुल्यग्रे। जिं नमो वाम बाहुमूले। ह्वां नमो वाम हस्तमध्ये। कीं नमो वाम हस्त मणिबन्धे। लं नमो वाम हस्तांगुलिमूले। यं नमो वाम हस्तांगुल्यग्रे। बुं नमो दक्षिणोरौ। द्धिं नमो जानुनि। विं नमो दक्षिण पादांगुल्यग्रे। नां नमो दक्षिण पादांगुलि मूले। शं नमो दक्षिण पादांगुल्यग्रे। यं नमो वामोरौ। ह्लीं नमो वाम जानुनि। ॐ नमः वाम गुल्फे। स्वां नमो वाम पादांगुलिमूले। हां नमो वाम पादांगुल्यग्रे।

ध्यान मंत्र

मध्ये सुधाब्धि मणि मंडप रत्नवेद्यां सिंहासनो परिगतां परिपीत वर्णाम्। पीतांबराभरणमाल्य विभूषितांगीं देवीं भजामि धृतमुद्गर वैरिजिह्वाम्॥ जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं। वामेन शत्रुन् परिपीडयंतीम्॥ गदाभिघातेन च दक्षिणेन। पीतांबराढ्यां द्विभुजां नमामि॥

मंत्र

ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं, स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।

पहले ध्यान मंत्र द्वारा देवी का चिंतन-स्तवन करना चाहिए। तत्पश्चात् बगलामुखी मंत्र का जाप करना चाहिए। जप करने के उपरान्त तर्पण-मार्जन का भी विधान है। हवन और ब्राह्मणों को भोजन प्रत्येक स्थिति में अत्यन्त आवश्यक है। साथ ही निम्न बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए :—

1. साधना काल में पीले वस्त्र, पीले रंग का ऊनी आसन, पीले पुष्प, पीला चंदन और पीली माला का उपयोग करना चाहिए। नैवेद्य भी पीला होना चाहिए।
2. मंत्र जप से पूर्व (ध्यान के पश्चात्) 10 बार **'ॐ ह्लीं ऐं'** के उच्चारण द्वारा वाणी का शोधन करना चाहिए।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

3. मंत्र का जप मानसिक रूप से करना चाहिए।

4. मंत्र जप के पूरे समय में यंत्र के सम्मुख घृत का दीप जलता रहना चाहिए।

5. साधना काल में ब्रह्मचर्य, सात्विकता, भूमि शयन, संयम अनिवार्य है।

6. साधना काल में अलौकिक अनुभूतियों से न तो तनिक भी विचलित होना चाहिए और न ही किसी से इनकी चर्चा ही करनी चाहिए।

7. चन्द्रमा की विपरीत स्थिति में (जन्म राशि से चतुर्थ, अष्टम या द्वादश भाव में स्थित चन्द्रमा) साधना का प्रारम्भ सर्वथा निषिद्ध है। इस नियम की अवहेलना करने से साधक का अनिष्ट होने की पूरी संभावना रहती है।

8. साधना काल में विभिन्न विघ्न बाधाओं से त्राण के लिए मंत्र जाप के पूर्व (ध्यान मंत्र से भी पहले) निम्न "**बगलामुखी कवच**" का पाठ अवश्य करना चाहिए।

ॐ ह्लीं ऐं हृदयं पातु पादौ श्री बगलामुखी ललाटं सततं पातु दुष्टग्रह निवारिणी रसनां पातु कौमारी भैरवी चक्षुषोर्म्मम् कटौ पृष्ठे महेशानी कर्णो शंकर भामिनी वर्जितानी तु स्थानानि यानि च कवचेन ही तानि सर्वाणि में देवी सततं पातु स्तंभिनी।

उपासना

देवी बगलामुखी की उपासना, मंत्र, यंत्र और तंत्र किसी भी माध्यम से की जाए, निश्चित रूप से वह चमत्कारी प्रभाव की सृष्टि करती है। मंत्र और यंत्र का उपयोग करते हुए बगलामुखी तंत्र की साधना की जाए तो निस्संदेह विशेष प्रभाव की अनुभूति होती है। इस तंत्र साधना के चमत्कार से प्रभावित एवं चमत्कृत होकर प्रसिद्ध आंग्ल विद्वान समर फील्ड ने लिखा था कि इस तंत्र की शक्ति का सामना करने में विश्व की संयुक्त शक्ति भी सफल नहीं हो सकती है, क्योंकि यह अजेय है। बगलामुखी तंत्र वस्तुतः शत्रु दमन के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

पुराणों के अनुसार सबसे पहले "**श्री बगला**" की साधना श्री प्रजापति ने वैदिक रीति से की और वह सृष्टि की संरचना में सफल हुए। श्री प्रजापति ने इस

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

महाविद्या का उपदेश सनकादिक मुनियों को दिया। सनत्कुमार ने श्री नारद को तथा श्री नारद ने सांख्यायन नामक परमहंस को बताया तथा सांख्यायन ने 36 पटलों में उपनिबद्ध "**बगला तंत्र**" की रचना की। दूसरे उपासक भगवान् श्री विष्णु हुए, जिनका वर्णन "**स्वतंत्र तंत्र**" में मिलता है। तीसरे उपासक श्री परशुराम जी हुए तथा परशुराम जी ने यह विद्या आचार्य द्रोण को बताई। महर्षि च्यवन ने इसी विद्या के प्रभाव से इन्द्र के वज्र को स्तभिंत कर दिया था।

श्रीमद्गोविन्दपाद की समाधि में विघ्न डालने वाली रेवा नदी का स्तंभन श्री शंकराचार्य ने इसी विद्या के बल से किया था। महामुनि श्री निंबार्क ने एक परिव्राजक को नीम वृक्ष पर सूर्य का दर्शन इसी विद्या के प्रभाव से कराया था। अतः साधकों को चाहिए कि "**श्री बगला**" की विधिपूर्वक उपासना कर इस मानव जीवन को सफल बनाएँ।

❀❀❀

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बगलामुखी पूजन का सामान्य विधान

- गणेश पूजा
- ध्यान मंत्र
- नमस्कार मंत्र
- संक्षिप्त षोडशोपचार पूजा
- गणेश कवच
- संकल्प
- पूजा गृह प्रवेश
- वास्तु पूजा
- मुख्य दीप स्थापना
- दीप स्थापना
- दीप स्तुति
- निम्न मंत्रों से दिशाओं का बंधन
- भैरव पूजन
- आसन शोधन
- गुरुओं का अर्चन
- वंदना
- गुरु पादुका मंत्र
- गुरु को पूर्ण समर्पण

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

2

बगलामुखी पूजन का सामान्य विधान

।। ॐ गं गणपतये नमः ।।

गणेश पूजा

गणेश आसन–दक्षिण दिशा में रखें

पूजा-मंत्र ॐ एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय
धीमहि तन्नो दन्ती प्रचोदयात्।।

(इस गणेश गायत्री मंत्र से आवाहन आदि मुद्राओं द्वारा गणेश स्थापना करें)

ध्यान मंत्र

एकदन्तं चतुर्हस्तं पाशांकुशधारिणम्।
अभयं वरदं हस्तैः विभ्राणं मूषकध्वजम्।।
रक्तं लम्बोदरं शूर्पकर्णकं रक्तवाससम्।
रक्त गंधानुलिप्ताङ्ग रक्तपुष्पैः सुपूजितम्।।
भक्तानुकम्पिनं देवं जगत्कारणमच्युतम्।
आविर्भूतं च सृष्ट्यादौ प्रकृते पुरुषातपरम्।
एवं ध्यायति यो नित्यं स योगी योगिनांवरः।।

नमस्कार मंत्र

(योनि मुद्रा प्रदर्शन करें)

नमो व्रातपतये नमो गणपतये नमः प्रमथपतये नमस्तेऽस्तु,
लम्बोदरायैकदन्ताय विघ्नविनाशिने
शिवसुताय श्रीवरदमूर्तये नमो नमः।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

संक्षिप्त षोडशोउपचार पूजा

एतत् पाद्यं श्रीलम्बोदराय निवेदयामि नमः।

(पुष्प-चंदन-गंध मिश्रित जल चरणों में अर्पित करें)

इदं अर्घ्यं श्री गजाननाय निवेदयामि नमः।

(शंख में जल लेकर अर्घ्य दें)

इदमाचमनीयं श्री गणाध्यक्षाय निवेदयामि नमः।

(अश्वत्थ-पत्र से आचमन के लिए जल दें)

मन्दाकिन्यास्तु यद्वारि सर्वपापहरं शुभम्।
तदिदं कल्पितं देव! स्नानार्थं प्रतिगृह्यताम्।।

(स्नान कराएं)

इदं परिधेय वस्त्रं, इदं उत्तरीयवासश्च श्री गणेशाय निवेदयामि नमः।

(परिधेय तथा उत्तरीय दो वस्त्र भेंट करें)

नवभिः तन्तुभिर्युक्तंत्रिगुणं देवतामयम्। उपवीतं मयादत्तं गृहाण परमेश्वर, ॐ गणेशाय नमः यज्ञोपवीतं समर्पयामि।

(यज्ञोपवीत भेंट करें)

विलेपनं सुरश्रेष्ठ गृहाण परमेश्वर। ॐ गणेशाय नमो नमः, चन्दनं समर्पियामि।

(चन्दन समर्पित करें)

श्री विघ्नविनायकाय अक्षतान् समर्पयामि, नमः।

(अक्षत भेंट करें)

इमानि पुष्पाणि श्री गणेशाय निवेदयामि, नमः।

(पुष्प समर्पित करें)

इमं धूपं श्री गणेशाय निवेदयामि, नमः।

(धूप भेंट करें)

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

इमं दीपं श्री गणेशाय निवेदयामि, नमः।
(दीप समर्पित करें)

इदं नैवेद्यं श्री गणेशाय निवेदयामि, नमः।
(भोग में लड्डू चढ़ाएं, धेनु मुद्रा प्रदर्शित कर प्रसाद अर्पित करें)

एतत् ताम्बूलं श्री गणेशाय निवेदयामि, नमः।
(पान, सुपारी, इलायची, लौंग एक साथ भेंट करें)

इमं दक्षिणां श्री गणेशाय निवेदयामि, नमः।
(मुद्रा भेंट करें)

श्री गणेशाय नमः कर्पूर-नीराजनं समर्पयामि।
(कपूर ले आरती करें)

श्री गणेशाय नमः प्रदक्षिणां समर्पयामि।
(मानसिक पाँच परिक्रमा करें)

गणेश-कवच

ॐ नमस्ते गणपतये। त्वमेव प्रत्यक्षं तत्वमसि।
त्वमेव केवलं कर्तासि। त्वमेव केवलं धर्तासि।
त्वमेव केवलं हर्तासि। त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रह्मासि।
त्वं साक्षात् आत्मासि नित्यम्।।
ऋतं वच्मि। सत्यं वच्मि। अव त्वं माम्। अव वक्तारम्।
अव श्रोतारम्। अव दातारम्। अब धातारम्। अव अनूचानम्।
अव शिष्यम्। अव पश्चात्तात्। अव पुरस्तात्। अव चोत्तरात्तात्। अव दक्षिणात्तात्। अव चोर्ध्वत्तात्। अव अधरात्तात्-सर्वतो मां पाहि-पाहि समन्तात्।।

संकल्प

ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः। ॐ नमः परमात्मने श्री ब्रह्मणो द्वितीय परार्धे श्री श्वेतवराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरेऽष्टाविंशतितमे कलियुगे

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रथमेचरणे जम्बूद्वीपे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गतब्रह्मवर्तैक देशे पुण्य प्रदेशे अमुक संवत्सरे मासानामासे अमुक मासे अमुकपक्षे अमुकतिथौ अमुक वासरे अमुक नक्षत्रे अहं श्री बगलाभगवती प्रीत्यर्थं श्री बगला आराधन्नां च करिष्ये।

पूजा गृह-प्रवेश

ॐ ऐं ह्लीं श्रीं द्वाराधिष्ठित् गणेशादि देवताभ्यो नमः।

ॐ मं महोदराय नमः। ॐ भं भैरवाय नमः।

(तीन बार बोलकर द्वार पर स्थित गणपति आदि देवताओं को प्रणाम करें।)

वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभः। गणेशाय नमस्तुभ्यं अनुज्ञां दातुमर्हसि।

(पूजागृह में प्रवेश करते समय अपनी आत्मा में महान ईश्वरीय तेज का संधान करें।)

(पूजागृह में बाएं अंग को न रखकर पहले दाएं पाँव तथा शरीर को आगे बढ़ाएं।)

अंदर पहुंचते ही इस मंत्र का उच्चारण करें।

ॐ अपसर्पन्तु ते भूता ये भूता भुवि स्थिताः।
ये भूता विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।।
अपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशः।
सर्वेषां अविरोधेन पूजाकर्म समारभे।।

हुं फट् स्वाहा (उक्त मंत्रों को पढ़ते समय तिल, सरसों और चावलों को बखेरना है)

वास्तु-पूजा

तत्पश्चात् नैर्ऋत्य कोण में सर्पाकार वास्तु देवता को स्थापित करें।

(पंचोपचार विधि से आवाहन-स्थापनादि की मुद्रा प्रदर्शन करते हुए इस मंत्र से पूजा करें।)

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मंत्र-ॐ नैर्ऋत्कोणे वास्तुपुरुषाय नमः।

(पंचोपचार पूजा इसी मंत्र से करें)

मुख्यदीप स्थापना

(हल्दी से लिपे-पुते पीले स्थान पर पीले लेपन (चावल-हल्दी-चंदन का लेप या घोल) से ईशान में त्रिकोण बनाकर उसमें बीज मंत्र लिखें। फिर निम्न मंत्र का उच्चारण कर 36 पीले तंतुओं वाला स्वर्ण अथवा पीतल का दीपक जलाएं।

मंत्र

भो दीप! देवी स्वरूपस्त्वं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत।
यावत् कर्म समाप्तिः स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव।।

(दीप की गंध और पीले पुष्पों से पंचोपचार पूजा करें)

"**ॐ जयध्वनि मन्त्रमातः स्वाहा**" मंत्र कहकर घंटा बजावें।

अन्य दो दीपकों का प्रज्वलन

(त्रिकोण में बीज मंत्र लिखकर ही हो।)

प्रथम घी का दीपक मैया के दायें तरफ।

और द्वितीय पीले तेल का दीपक मैया के बाँये तरफ प्रज्ज्वलित करें।

दीप-स्थापना

(द्वितीय एवं तृतीय)

दीप-पूजा मंत्र

"**ॐ ऐं ह्लीं रक्तवर्णद्वादशशक्ति युक्ताय दीपनाथाय नमः।**"

दीप-स्तुति

भो दीप! देवी स्वरूपस्तवं कर्मसाक्षी ह्यविघ्नकृत्।
यावत् कर्म समाप्तिः स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भक्तयादीप प्रवक्ष्यामि देवाय परमात्मने।
त्राहि मां निर्यात् घोरात् दीपज्योति नमोस्तुऽते।।
(तृतीय दीप को भी इसी पद्धति से जलाएं)

निम्न मंत्रों से दिशाओं का बंधन करें

ॐ पूर्वे रक्षतु वाराहः आग्नेय्यां गरुडध्वजः।
दक्षिणे पद्मनाभस्तु नैर्ऋत्यां मधुसूदनः।।
पश्चिमे पातुगोविन्दो वायव्यां तु जनार्दनः।
उत्तरे श्रीपति रक्षेत् ऐशान्यां तु महेश्वरः।।
ऊर्ध्वं गोवर्धनो रक्षेद् हयधोऽनन्तस्तथैव च।
एवं दश दिशो रक्षेद् वासुदेवौ जनार्दनः।।
रक्षाहीनं तु यत्स्थानं रक्षत्वीशो ममाद्रिधृक्।
यदत्र संस्थितं भूतं स्थानमाश्रित्य सर्वदा।।
स्थानं त्यक्त्वा तु तत्सर्वं यत्रस्थं तत्र गच्छतु।
आपक्रामन्तु भूतानि पिशाचाः सर्वतो दिशः।।
सर्वेषां अविरोधेन पूजाकर्म समारभे।

भैरव पूजन

पूजा के लिए भैरव आज्ञा लेना।
तीक्ष्णदन्त महाकाय कल्पान्त दहनोपमम्।
भैरवाय नमस्तुभ्यं अनुज्ञां दातुमर्हसि।।
(भैरव की पंचोपचार पूजा दक्षिण दिशा में करें।)

मंत्र-भं भैरवाय नमः।

आसन-शोधन

(तांत्रिक विधि)

विनियोग-पृथ्वीति मंत्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

छन्दः कूर्मो देवता आसन पवित्र–करणे विनियोगः।

(जलांजलि विसर्जित करें।)

मंत्र–"ॐ रक्ष रक्ष हुं फट् स्वाहा।"

कहकर भूमि का तीन बार प्रोक्षण करें। तत्पश्चात् भूमि पर 'त्रिकोण' बनाकर उसमें माया बीज अर्थात् 'ह्लीं' अक्षर को हल्दी से लिखें और इस मंत्र से उस त्रिकोण बिन्दु का पीले अक्षत, पीत पुष्प, पीत गंधादि से पूजन करें। फिर पीले रूमाल (वस्त्र) से ढक दें। उसके ऊपर आसन लगाएं और धेनु मुद्रा का प्रदर्शन करें।

आसन के ऊपर से ही उस त्रिकोण बिन्दु में **गं गणपतये नमः ॐ सं सरस्वत्यै नमः।** वायव्य दिशा में **ॐ दुं दुर्गायै नमः।** ईशान में **ॐ क्षं क्षेत्रपालाय नमः।** इस प्रकार से पूजन करके आसन की ओर देखें। फिर यह मंत्र पढ़ें–

पृथ्वी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता।
त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु चासनम्।।

इस प्रकार पृथ्वी की प्रार्थना करके पूर्व दिशा की ओर मुँह करके पद्म आसन में बैठ जाएं।

गुरुओं का अर्चन

(साधक पीठ के वाम भाग में गुरुओं को आसन दें)

स्थापना आदि के मंत्रः

ॐ गुरुभ्यो नमः। परम गुरुभ्यो नमः। परमेष्ठि गुरुभ्यो नमः। परात्पर गुरुभ्यो नमः। सर्व गुरुभ्यो नमः। अस्मद् गुरुभ्यो नमः। ॐ गुरुर्ब्रह्माः गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्मः तस्मै श्री गुरुवे नमः।

वंदना

श्री नाथादिगुरुत्रयं गणपति पीठत्रयं भैरवम्।
सिद्धौघ वटुकत्रय पादयुगं दूतीत्रयं मण्डलम्।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वीराद्य अष्ट चतुष्कः षष्ठिनवकं वीरावलीपंचकम्।
श्रीमन्मालिनी मन्त्रराज सहितं वन्देगुरोर्मण्डलम्।।
वन्दे गुरुपद द्वन्द्वनवाङ्मनसगोचरम्।
रक्तशुक्ल- प्रभामिश्रमतवर्क्यं त्रिपुरं महः।।
(वन्दना करते समय योनि मुद्रा से प्रणाम करें)

शक्तिसाधना के उन्नीस सिद्ध गुरुओं को नमन
(योनि मुद्रा के साथ)

1. ॐ परप्रकाशानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
2. ॐ परशिवानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
3. ॐ परशक्त्यम्बा श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
4. ॐ कौलेशानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
5. ॐ शुक्लाम्बा श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
6. ॐ कुलेश्वरानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
7. ॐ कामेश्वर्यम्बा श्रीपादुका पूजयामि नमः।
8. ॐ भोगानंदनाथ श्रीपादुकां पूजायामि नमः।
9. ॐ क्रीडानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
10. ॐ समयानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
11. ॐ सहजानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
12. ॐ गगनानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
13. ॐ विश्वानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
14. ॐ विमलानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
15. ॐ मदनानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
16. ॐ भुवनानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
17. ॐ लीलाम्बा श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
18. ॐ स्वात्मानंदनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।
19. ॐ प्रियाम्बा श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

अंत में 10 बार गुरु पादुका मंत्र का जप करें।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गुरु पादुका मंत्र

ऐं ह्रीं श्रीं ह्स्ख्फ्रें ह स क्ष म ल व र यूं स ह क्ष म ल व र यीं ह्सौं स्हौं श्री प्रकाशानन्दनाथ श्रीपादुकां पूजयामि नमः।

गुरु को पूर्ण-समर्पण

ॐ गुह्याति-गुह्य-गोप्ता त्वं गृहणास्मत्कृतं जपम्।
सिद्धिः भवतु मे देव त्वत् प्रसादात् सुरेश्वर।।
ॐ कर्पूर गौरं करुणावतारं संसारसारं भुजगेन्द्रहारम्।
सदा वसन्तं हृदयारविन्दे भवं भवानी सहितं नमामि।।
नमस्ते नाथ भगवन् शिवाय गुरुरूपिणे।
विद्यावतार संसिद्ध्यै स्वीकृतानेकविग्रह।।
नारायण स्वरूपाय परमार्थैकरूपिणे।
सर्वाज्ञानतमोभेद भाविने चिद्घनायते।।
स्वतंत्राय दयाक्लृप्त विग्रहाय शिवात्मने।
परतन्त्राय भक्तानां भव्यानां भव्यरूपिणे।।
विवेकिनां विवेकाय विमर्शाय विमर्शिनाम्।
प्रकाशानां प्रकाशाय ज्ञानिनां ज्ञानदायिने।।
पुरस्तात् पार्श्वयोः पृष्ठे नमस्कुर्यादुपर्यधः।
सदामद् चित्तरूपेण विधेहि भवदासनम्।।

❁❁❁ — —

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बगला संध्या-विधि

- संकल्प
- विनियोग
- आचमन मंत्र
- संक्षिप्त डशोपचार पूजा
- गणेश कवच
- संकल्प
- पूजा गृह प्रवेश
- वास्तु पूजा
- मुख्य दीप स्थापना
- दीप स्थापना
- दीप स्तुति
- निम्न मंत्रों से दिशाओं का बंधन
- भैरव पूजन
- आसन शोधन
- गुरुओं का अर्चन
- वंदना
- गुरु पादुका मंत्र
- गुरु को पूर्ण समर्पण

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

3

बगला संध्या-विधि

(न्यासक्रम सहित)

(बगला संध्या की जगह वैदिक संध्या भी की जा सकती है।)

संकल्प

ॐ विष्णुर्विष्णुर्विष्णुः। ॐ नमः परमात्मने, श्री पुराण पुरुषोत्तमस्य श्री विष्णोराज्ञया प्रवर्तमानस्याद्य श्री ब्रह्मणो द्वितीयपरार्द्धे श्री श्वेतवाराहकल्पे वैवस्वतमन्वन्तरेऽष्टाविंशतितमे कलियुगे प्रथम चरणे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे आर्यावर्तान्तर्गतब्रह्मावर्तैकदेशे पुण्यप्रदेशे यथानाम संवत्सरे मासानाम उत्तमे अमुक मासे अमुक पक्षे अमुक तिथौ अमुक वासरे अमुक नक्षत्रे अमुक राशिस्थिते सूर्ये शुभ करणे एवं गुण विशेषण विशिष्टायां शुभ पुण्यतिथौ अमुक गोत्रोत्पन्नः अमुक शर्मा अहं श्री बगलादेवतापीत्यर्थं संध्या वन्दनं करिष्ये।

विनियोग

ॐ अस्य श्री बगलामुखि महामंत्रस्य नारदऋषिः, वृहतीच्छंदः श्री बगलामुखि देवता, ह्वीं बीजं, स्वाहा शक्तिः, मम संध्याकर्म प्रतिपादनार्थे जपे विनियोगः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आचमन मंत्र

ॐ ऐं आत्मतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा।
ॐ ह्लीं विद्यातत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा।
ॐ क्लीं शिवतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा।
ॐ ऐं ह्लीं क्लीं सर्वतत्त्वं शोधयामि नमः स्वाहा।

मूल मंत्र से बाह्य शुद्धीकरण (शरीर पर तीन बार कुशा से जल छिड़कें)

शत्रुनाशन मंत्र

ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।

शिखा बंधन

शिखा बंधन-विनियोगः

ॐ अस्य श्री कुत्स ऋषिः जगतीछन्दः रुद्रोदेवता शिखाबंधने विनियोगः।

ॐ मणिधारिणि वज्रिणि महाप्रतिसरे रक्ष-रक्ष हुं फट् स्वाहा।

मस्तक पर तिलक धारण-(मूल मंत्र से और हल्दी चंदन से)

ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।

तीन बार प्राणायाम

पूरक, कुम्भक और रेचक करते समय अलग-अलग तीन-तीन बार मन ही मन मूल मंत्र का उच्चारण करें।

ॐ अस्य श्री बगलामुखि मंत्रस्य नारद ऋषिः, त्रिष्टुपछन्दः, बगला देवता, ह्लीं बीजं, स्वाहा शक्तिः ममाऽभीष्ट सिध्यर्थे न्यास कर्मार्थ विनियोगः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ऋष्यादिन्यास

ॐ नारद ऋषये नमः शिरसि। ॐ वृहतीच्छन्दसे नमः मुखे। बगलामुखि देवतायै नमः हृदि। ह्लीं बीजाय नमः गुह्ये (हस्तप्रक्षालन) स्वाहा शक्तये नमः पादयोः। (हस्त प्रक्षालन)

करन्यास

ॐ ह्लीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। बगलामुखि तर्जनीभ्यां नमः। सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां नमः। वाचं मुखं पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां नमः। जिह्वां कीलय कनिष्ठिकाभ्यां नमः। बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यास

ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। बगलामुखी शिरसे स्वाहा सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम्। जिह्वां कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्। बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा अस्त्राय फट्।

प्रात : ध्यान

उदयादित्य संकाशां पुस्तकाक्षरकरां स्मरेत्।
कृष्णाजिनधरां ब्राह्मीं ध्यायेत्तारांकिताम्बरे।।

मध्याह्न ध्यान

पीतवर्णा चतुर्बाहुं शंखचक्रलसत्कराम्।
गदापद्मधरां देवीं सूर्यासन कृताश्रयाम्।।
मध्याह्ने वरदादेवीं गायत्री स्मरेद्धृदि।

सायाह्न ध्यान

शुक्लां शुक्लाम्बरधरां वृषासनकृताश्रयाम्।
त्रिनेत्रां वरदां पाशं शूलं च नृकरोटिकाम्।।
सूर्यमण्डल मध्यस्थां ध्यायेद देवीं समभ्यसेत्।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बगला-ध्यान

मध्ये सुधाब्धि-मणिमण्डप-रत्नवेद्य
सिंहासनोपरिगतां परिपीतवर्णाम्।
पीताम्बराभरण-माल्य-विभूषिताङ्गीं
देवीं स्मरामि धृत-मुद्गरवैरिजिह्वाम्।
जिह्वाग्रमादायकरेण देवीं
वामेन शत्रून् परिपीडयन्तीम्।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन
पीताम्बराढ्यां द्विभुजां नमामि।

देह मार्जन

मूलमंत्र से तीन बार साधक अपने मस्तक पर, दो बार भुजाओं पर, तीन बार अपने हृदय में, तीन बार नाभि में और दो बार पैरों पर गंगा जल से या कर्मपात्र जल से छीटा दें।

पुनः ध्यान

प्रातः स्मरामि बगलां कमलायताक्षीमिन्दुप्रसन्नवदनां परिपीत वर्णाम्।
पाणिद्वयेन दधतीं च शिला गिरीन्द्रे द्वेषाञ्छवासनगतां मदमत्त चित्ताम्।।
प्रातः नमामि बगलामुखि धर्ममूर्तिं कारुण्यपूर्णनयना मुखमन्दहासाम्।
इन्दुप्रसन्नवदनां परिपीत वर्णां पीताम्बरां रुचिरं कञ्चुक शोभमानाम्।।
प्रातः भजामि यजमान सुसौख्यदात्रीं कामेश्वरीं कनक भूषणभूषताङ्गीम्।
गंभीर-धीर हृदयां रिपुबुद्धि हन्त्रीं सम्पद् प्रदां जगति पादजुषां नराणाम्।।
श्लोकं इदं पुण्यं बगलायास्तु यः पठेत्।
रिपुवाधा विनिर्मुक्तो लक्ष्मीस्थैर्यं आप्नुयात्।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अघमर्षण

वाएं हाथ में जल लेकर दाहिने हाथ से ढक लें तथा **हं यं रं वं लं** बीज मंत्रों से तीन बार अभिमंत्रित करके उस जल को बायीं नासिका से भीतर की ओर खींचने की भावना करें और भावना द्वारा यह अनुभव करें कि इस जल से मेरे भीतर का सारा पाप धुल गया है। इसलिए यह जल काला हो गया है और दाहिनी नासिका-मार्ग से निकल आया है। फिर उस दूषित जल को अपने वामांग से सहारे रखें बज्रमय पाषाण खण्ड पर **ॐ क्रः अस्त्राय फट्** कहकर दे मारें। तत्पश्चात् मूल मंत्र से दोनों हाथ धोकर, मूल मंत्र से ही एक आचमन करें।

श्री बगला देवी माता को अर्घ्य (तीन बार)

ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यम भर्गोदिवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।

उदयादित्य मण्डलवर्तिन्यै श्री बगलायै इदमर्घ्यं स्वाहा।।

तत्पश्चात् सूर्य देवता को तीन बार अर्घ्य निवेदन निम्न मंत्र से—

ॐ ह्रीं हं सः सूर्याय एषोऽर्घः इदं अर्घ्यं दत्तं न मम।

पुनः तीन बार मूल मंत्र से आचमन।

उपस्थान विधि

प्रातः उपस्थान (प्रातः का प्रणाम)

गंभीरां च मदोन्मत्तां स्वर्णकान्ति समप्रभाम्।
चतुर्भुजां त्रिनयनां कमलासन संस्थिताम्।।
मुद्गरं दक्षिणे पाशं वामे जिह्वां च वज्रकम्।
पीताम्बरधरां साद्रदृढपीन पयोधराम्।।
पीतभूषण भूषाङ्गी धृतचंद्रार्धशेखराम्।
रत्नसिंहासनासीनां अम्बां त्रैलोक्यसुन्दरीम्।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मध्याह्न उपस्थान (मध्याह्न का प्रणाम)

दुष्टस्तम्भनं उग्रविघ्नशमनं दारिद्रय विच्छेदनं।
भूनिपदाशमनं चलन मृगदृशांचेतः समाकर्षणम्।
सौभाग्यैकनिकेतनं मम दृशोः कारुण्यपूर्णेक्षणे
शत्रोः मारणमाविरस्तु पुरतो मातः त्वदीयंवपुः।।

सायंकालीन-उपस्थान (संध्या का प्रणाम)

मातः भञ्जय मद्विपक्षवदनं जिह्वाञ्चलं कीलय।
ब्राह्मी मुद्रय मुद्रयाशुधिषणां अग्रे गतिं स्तम्भय।।
शत्रूश्चूर्णय चूर्णयाशु गदया गौराङ्गि पीताम्बरे।
विघ्नौघं बगले हर प्रणमतां कारुण्यपूर्णेक्षणे।।

बगलागायत्री जप

विनियोग–ॐ अस्य बगलागायत्री मन्त्रस्य ब्रह्मात्रृषिः, गायत्रीछन्दः, बगलानाम्नी चिन्मयशक्तिरूपिणी गायत्रीदेवता, ॐ बीजं, ह्लीं शक्तिः विद्महे कीलकं गायत्री जपे विनियोगः।

मंत्र–ॐ ह्लीं ब्रह्मास्त्रायै विद्महे। स्तम्भनवाणायै धीमहि तन्नो बगला प्रचोदयात्। (108 जप अर्थात् एक माला)

बगला के कुछ साधक तांत्रिक संध्या के स्थान पर वैदिकी संध्या ही करते हैं। संध्या कोई भी हो करनी चाहिए। बिना संध्या के शिवा स्वरूपा पीताम्बरा बगला श्रेष्ठ फल प्रदान नहीं करती।

न्यास-क्रम

सृष्टि-मातृकान्यास

1. ॐ नमः ब्रह्मरन्ध्रे।
2. ह्लीं नमः ललाटे।
3. बगलामुखि नमः नेत्रयोः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

4. सर्वनमः कर्णयोः।
5. दुष्टानां नमः नासोः।
6. वाचं नमः गण्डे।
7. मुखं नमः दन्तेषु।
8. पदं नमः ओष्ठयोः।
9. स्तम्भय नमः जिह्वायाम्।
10. जिह्वां नमः मुखे।
11. कीलय नमः पृष्ठे।
12. बुद्धिं नमः सर्वाङ्गे।
13. विनाशय नमः हृदि।
14. ह्लीं नमः स्तनयो। (दोनों स्तनों का स्पर्श)
15. ॐ नमः कुक्षो। (दोनों कुक्षों में स्पर्श)
16. स्वाहा नमः गुह्ये। (लिंग प्रदेश में स्पर्श)

स्थिति मातृकान्यास

1. ॐ नमः अंगुष्ठयोः।
2. ह्लीं नमः तर्जन्योः।
3. बगलामुखि नमः मध्यमयोः।
4. सर्व नमः अनामिकयोः।
5. दुष्टानां नमः कनिष्ठकयोः।
6. वाचं नमः ब्रह्मरन्ध्रे।
7. मुखं नमः मुखे।
8. पदं नमः हृदि।
9. स्तम्भय नमः नाभ्यादिपादान्तकम्।
10. जिह्वां नमः कंठादि नाभ्यान्तम्।
11. कीलय नमः ब्रह्मरन्ध्रात् कण्ठान्तम्।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

12. बुद्धिं नमः पादांगुष्ठयोः।

13. विनाशय नमः पाद तर्जन्योः।

14. ह्लीं नमः पादमध्यमयोः।

15. ॐ नमः पादानामिकयोः।

16. स्वाहा नमः पादकनिष्ठिकयोः।

रहस्य न्यास

ॐ अस्य श्री रहस्यन्यास मन्त्रस्य ब्रह्माविष्णुमहेश्वर ऋषयः ऋग्यजुस्सामानिच्छन्दासि चिन्मय शक्ति महापीताम्बरा बगलामुखि देवता रहस्य न्यास पूर्णता सिद्धये विनियोगः।

ब्रह्माविष्णुमहेश्वर ऋषिभ्यो नमः-शिरसि। ऋग्यजुस्सा-मेभ्यश्छन्दोभ्यो नमः-मुखे। परम् चैतन्यशक्ति महापीताम्बरा बगलामुखि देवतायै नमः-हृदये।-विनियोगः नमः-पादयोः।

1. ऐं क्लीं सौं सौं क्लीं ऐं श्रीं ह्रीं हंसः सोहं ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा नमः मूलाधारे।।
2. ऐं क्लीं सौं सौं क्लीं ऐं श्रीं ह्रीं हंसः सोहं ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा नमः स्वाधिष्ठाने।
3. ऐं क्लीं सौं सौं क्लीं ऐं श्रीं ह्रीं हंसः सोहं ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा नमः मणिपूरे।
4. ऐं क्लीं सौं सौं क्लीं ऐं श्रीं ह्रीं हंसः सोहं ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा नमः विशुद्धौ।
5. ऐं क्लीं सौं सौं क्लीं ऐं श्रीं ह्रीं हंसः सोहं ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा नमः सहस्त्रारे।
(कुछ विद्वान् इस रहस्य न्यास में आज्ञा चक्र को भी सम्मिलित रखते हैं।)

मातृकान्यास

(यह न्यास करन्यास है।)

विनियोगः-अथान्तमातृकान्यासस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, मातृकासरस्वती देवता, ह्लीं बीजानि, स्वराशक्तयः अव्यक्तं कीलकं मातृकान्यासे विनियोगः।

ॐ ह्लीं अं कं खं गं घं ङं आं अंगुष्ठाभ्यां नमः।
ॐ ह्लीं इं चं छं जं झं ञं ईं तर्जनीभ्यां नमः।
ॐ ह्लीं उं टं ठं डं ढं णं ऊं मध्यमाभ्यां नमः।
ॐ ह्लीं एं ह्लीं तं थं दं धं नं ऐं अनामिकाभ्यां नमः।
ॐ ह्लीं ओं पं फं बं भं मं औं कनिष्ठिकाभ्यां नमः।
ॐ ह्लीं यं रं लं वं शं षं सं हं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

वर्णाश्रित हृदयादिन्यास

ॐ ह्लीं अं कं खं गं घं ङं आं हृदयाय नमः।
ॐ ह्लीं इं चं छं जं झं ञं ईं शिरसे स्वाहा।
ॐ ह्लीं उं टं ठं डं ढं णं ऊं शिखायै वषट्।
ॐ ह्लीं एं तं थं दं धं नं ऐं कवचाय हुम्।
ॐ ह्लीं ओं पं फं बं भं मं औं नेत्रत्रयाय वौषट्।
ॐ ह्लीं अं यं रं लं वं शं षं सं हं अः अस्त्राय फट्।

अन्तर्मातृका न्यास

ध्यानम्-
आधारे लिंगनाभौ प्रकटितहृदयेतालुमूले ललाटे।
द्वै पत्रे षोडशारे द्विदश दशदले द्वादशार्धेचतुष्के।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बालान्ते बालमध्ये ड फ क ठ सहिते
कण्ठदेशे स्वराणाम् हं क्षं तत्वार्थयुक्तं
सकल दलगतं वर्णरूपं नमामि।

(इन स्वरों का न्यास कंठ स्थान में धूम्रवर्ण वाले सोलह दलों के विशुद्धाख्य चक्र में किया जाता है।)

विनियोग–ॐ अस्य अंतर्मातृकान्यास मंत्रस्य ब्रह्मऋषिः गायत्री छन्दः, सरस्वती देवता, ह्लीं बीजानि, स्वाहाशक्तिः अव्यक्त कीलकं, बगलामुखित्वेन मम ज्ञानसमृद्धयर्थं अन्तमातृकान्यासे विनियोगः।

ॐ अं नमः।
ॐ आं नमः।
ॐ इं नमः।
ॐ ईं नमः।
ॐ उं नमः।
ॐ ऊं नमः।
ॐ ऋं नमः।
ॐ ॠं नमः।
ॐ लृं नमः।
ॐ ल्हं नमः।
ॐ एं नमः।
ॐ ऐं नमः।
ॐ ओं नमः।
ॐ औं नमः।
ॐ अं नमः।
ॐ अः नमः।

(इन वर्णों का न्यास हृदय में रक्त वर्ण के बारह दलों के अनाहत चक्र में किया जाता है।)

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ॐ कं नमः।

ॐ खं नमः।

ॐ गं नमः।

ॐ घं नमः।

ॐ ङं नमः।

ॐ चं नमः।

ॐ छं नमः।

ॐ जं नमः।

ॐ झं नमः।

ॐ ञं नमः।

ॐ टं नमः।

ॐ ठं नमः।

(इन वर्णों का न्यास नाभि स्थान पर अपनी पाँचों अंगुलियों को रखकर मेघ वर्ण के दस दलों वाले मणिपूरक चक्र में किया जाता है।)

ॐ डं नमः।

ॐ ढं नमः।

ॐ णं नमः।

ॐ तं नमः।

ॐ थं नमः।

ॐ दं नमः।

ॐ धं नमः।

ॐ नं नमः।

ॐ पं नमः।

ॐ फं नमः।

(इन वर्णों का न्यास लिंग स्थान पर दाहिने हाथ की अंगुलियों को रखकर विद्युत वर्ण के छह दलों वाले स्वाधिष्ठान में किया जाता है।)

ॐ बं नमः।

ॐ भं नमः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ॐ मं नमः।

ॐ यं नमः।

ॐ रं नमः।

ॐ लं नमः।

(इन वर्णों का न्यास मूलाधार में किया जाता है। इसमें केवल चार दल होते हैं।)

ॐ वं नमः।

ॐ शं नमः।

ॐ षं नमः।

ॐ सं नमः।

(हाथ धोकर)

भ्रू मध्ये श्वेतवर्णे द्विदले आज्ञा चक्रे

(यह दो दलों का श्वेतवर्ण का आज्ञा चक्र हैं।)

ॐ हं नमः।

ॐ क्षं नमः।

बहिर्मातृका न्यास

ॐ अस्य श्रीबहिर्मातृकान्यासस्य ब्रह्मा ऋषिः, गायत्री छन्दः, मातृकासरस्वती देवता, ह्लीं बीजानि स्वराः शक्तयः अव्यक्तं कीलकं न्यासे विनियोगः।

ॐ ह्लीं अं नमः मुखे।
ॐ ह्लीं इं नमः दक्षिणे नेत्रे।
ॐ ह्लीं उं नमः दक्षिण कर्णे।
इसके उपरान्त **'वं'** का उच्चारण कर सामान्य अर्घ्य पात्र की स्थापना चतुरस्त्र मण्डल में करें और पुष्प में जल लेकर आत्मशुद्धि करें, फिर मूल मंत्र को पढ़ते हुए अपने चारों ओर पुष्प से जल का प्रोक्षण करें। इसके उपरान्त अन्य पात्र स्थापित करें। अब अपने बाईं ओर गन्ध मिश्रित जल से भूमि का लेपन कर षट्कोण के अन्दर में 'बिन्दु' बनाएँ उसके बाहर वृत्त व चतुरस्त्र का निर्माण करें। **''आधारशक्तयै नमः''** बोलकर गंध, पुष्प, अक्षत आदि से 'बिन्दु' पर पूजन करें फिर मण्डल का निर्माण करके मूल मंत्र से आधार पात्र को धो लें और मण्डल में स्थापना कर दें **'रं दशकलात्मने धर्म प्रदाय वह्निमण्डलाय नमः'** बोलकर आधार का पूजन करें और इसके चारों ओर अग्नि की दश कलाओं का पूजन करें, यथा—

(1) **यं धूम्रार्चिषे नमः।**
(2) **रं उष्मायै नमः।**
(3) **लं ज्वलिन्यै नमः।**
(4) **वं ज्वालिन्यै नमः।**
(5) **शं विस्फुल्लिङ्गिन्यै नमः।**
(6) **षं सुश्रियै नमः।**
(7) **सं सुरूपायै नमः।**
(8) **हं कपिलायै नमः।**
(9) **लं हव्यवाहायै नमः।**
(10) **क्षं कव्यवाहायै नमः।**

इन मंत्रों के द्वारा प्रदक्षिणा क्रम में पूजन करने के बाद **''फट्''** बोलकर घट का प्रक्षालन करें और रक्तवस्त्र, पुष्पमाला आदि से सजाकर **''नमः''** का उच्चारण कर आधार का स्थापन करें। फिर **''द्वादश कलात्मने अर्थप्रदाय अर्कमण्डलाय नमः''** से घट-पूजन करें और सूर्य की भावना करते हुए **''सूर्यमण्डलाय नमः''**

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बोलकर द्वादश सूर्यकलाओं का अक्षत अथवा लाल पुष्पों से आगे लिखें क्रम से अर्चन करें—

(1) कं भं तपिन्यै नमः।
(2) खं बं तापिन्यै नमः।
(3) गं बं धूम्रायै नमः।
(4) घं पं मरीच्यै नमः।
(5) ङं नं ज्वालिन्यै नमः।
(6) चं धं रुच्यै नमः।
(7) छं दं सुषुम्नायै नमः।
(8) जं थं भोगदायै नमः।
(9) झं तं विश्वायै नमः।
(10) ञं णं बोधिन्यै नमः।
(11) टं ढं धरिण्यै नमः।
(12) ठं डं क्षमायै नमः।

इन मंत्रों से पूजन प्रदक्षिणा क्रम में ही करें। फिर पात्र को हाथ में लेकर उसे कपड़े से ढक दें। फिर सुधादेवी का ध्यान करें।

सुधा ध्यान

समुद्रे मध्यमाने तु क्षीराब्धौ सारोत्तमे।
तत्रोत्पन्नां सुधां देवीकन्यकारूपधारिणीम्॥
अष्टादश भुजैर्संयुक्ता रक्तामयतलोचनाम्।
शङ्ख खड्ग धनुश्चैव कपालं मुसलं तथा॥
शक्तिं गदाम्बुजं घण्टां दधानां सोत्तैर्भुजैः।
चक्रं मुष्टिं शरं शूलं लोहखेटकतोमरम्॥
अभयं भिन्दिपालं च दधानां दक्षिणैर्भुजैः।
त्रिनेत्रां दीर्घतन्वङ्गी कालाग्निसदृशोपमाम्॥
मन्दारवेष्टितां नित्यां बहुरूपधरां शुभाम्।
त्रासयन्तमसुरान् सर्वान् देवानामभयङ्करीम्॥
या सुधा सा उमादेवी यो मदः स महेश्वरीः।
यो वर्णः स भवेद् ब्रह्मा यो गन्ध स जनार्दनः॥
स्वादे च संस्थितः सोमः शब्दे दैवो हुताशनः।
इच्छायां मन्मथो देवः लीलायां किल भैरवः॥
फेने गङ्गा स्थिता देवी बोधस्थाः सप्त सागराः।
इच्छाशक्तिः सुधामोदे ज्ञानशक्तिस्तु तद्रसे॥
तम्स्वादे च क्रियाशक्तिः तदुल्लासे परा चितिः॥

ऐसा ध्यान करके घट का चन्दन, अक्षत, पुष्पों से पूजन कर नमस्कार करें। फिर मूल मंत्र का उच्चारण करके घट में जल डालकर सुगन्धादि डालें और—

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

"ॐ सां सीं सूं क्ष म ल व र यूं षोड्शकलात्मने कामप्रदाय सोमण्डलाय नमः" का उच्चारण करके सोममण्डल की भावना करके गंध, अक्षत्, पुष्प आदि से पूजन करें, जिसका क्रम निम्नवत् होगा—

(1)	अं अमृतायै नमः।	(9)	लृं चन्द्रिकायै नमः।
(2)	आं मानदायै नमः।	(10)	ल्हं चन्द्रिकायै नमः।
(3)	इं पूषायै नमः।	(11)	एं ज्योत्सनायै नमः।
(4)	ईं तुष्टयै नमः।	(12)	ऐं श्रियै नमः।
(5)	उं पुष्टयै नमः।	(13)	ओं प्रीत्यै नमः।
(6)	ऊं रत्यै नमः।	(14)	औं अङ्गदायै नमः।
(7)	ऋं धृत्यै नमः।	(15)	अं पूर्णायै नमः।
(8)	ॠं शशिन्यै नमः।	(16)	अः पूर्णामृतायै नमः।

इसके उपरान्त "अस्त्राय फट्" से पात्र का संरक्षण करके मूल मंत्र में "ॐ" से अवगुण्ठन कर "धेनु मुद्रा" का प्रदर्शन करें और कुछ जल स्वयं पर तथा पूजन सामग्री पर छिड़कें। स्वयं में भगवती की भावना करते हुए निम्नलिखित मंत्र से गंध लगे पुष्पों को अर्पित करें—

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं विकारशोषिणी अस्य विकारापनयनाय ॐ फट्।"

और पुष्प को जल में भिगोकर "ईशान" दिशा में गिराकर शापमोचन करें। कलश के ऊपर हाथ रखकर निम्नलिखित मंत्र पढ़ें—

शाप विमोचन मंत्र

"शां शीं शूं शैं शौं शः शुक्रशाप विमोचितायै सुरादेंव्यै नमः।"

इस मंत्र का दस बार उच्चारण करें फिर निम्नलिखित मंत्र का दस बार उच्चारण करें—

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्रां क्रीं क्रूं क्रौं क्रः कृष्ण शापं विमोचय विमोचय अमृतं स्त्रावय स्त्रावय स्वाहा।"

अब 'शुक्र शाप' विमोचन करें— (3 बार जपें)

"सूर्यमण्डल सम्भूते वरुणालयसम्भवे।
अमावीजमये देवि शुक्रशापाद् विमुच्यताम्॥"

इसके उपरान्त तीन बार जपकर 'ब्रह्मशाप' विमोचन करें—

"एकमेव परं ब्रह्म स्थूलसूक्ष्ममयं ध्रुवम्।
कचोद्भवां ब्रह्महत्यां तेन ते नाशयाम्यहम्॥"

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अब निम्नलिखित मंत्र का तीन बार जप करें और जल को अभिमन्त्रित करें—

वेदानां प्रणवो बीजं ब्रह्मानन्दमयं यदि।
तेन सत्येन मे देवि ब्रह्महत्यां व्यपोहतु॥

अब निम्नलिखित मंत्र से कलश को आच्छादित करें—

ॐ ऐं अखण्डैकसानन्दपरे परसुधात्मनि।
स्वच्छन्दस्फुरणामन्तन्निधेहि कुलरूपिणि॥
ॐ क्लीं अकुलस्थामृताकरे सिद्धज्ञानकलेवरे।
अमृतत्वं निधेह्यस्मिन् वस्तुनि क्लिन्नरूपिणि॥
ॐ सौः तदरूपेणैकरस्य च दत्वा त्वेतत् स्वरूपिणि।
भूत्वा पामृताकारे मयि विस्फुरणं कुरु॥

इस मंत्र से कलश को ढकते हुए "**अमोघायै नमः, उत्पलायै नमः, सखायै नमः, समाराध्यायै नमः**" पूजा करके उसके ऊपर पात्र स्थापित कर दें। फिर उसका पवित्रीकरण करें—

पावमानः परानन्दः पावमानः परो रसः।
पावमानं परं ज्ञानं तेन त्वां पावयाम्यहम्॥

फिर मूल मंत्र का उच्चारण करें और निम्नलिखित मंत्र पढ़कर आनन्द भैरव व आनन्द भैरवी का ध्यान करें—

सूर्यकोटिप्रतिकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलम्।
अष्टादशभुजं देवं पञ्चवस्त्रं त्रिलोचनम्॥
अमृतार्णवमध्यस्थं ब्रह्मपद्मोपरि स्थितम्।
वृषारुढं नीलकण्ठं सर्वाऽऽभरणभूषितम्॥
कपालखट्वाङ्गधर घण्टाडमरुवादिनम्।
पाशाङ्कुशधरं देवं गदामुसलधारिणम्॥
खड्गखेटकपट्टीश मुद्गरशूल धारिणम्।
विचित्रं खेटकं मुण्डं वरदाभयपाणिनम्॥
लोहितं देवदेवेशं भावयेत् साधकोत्तमः।

भैरव-ध्यान करने के उपरान्त तीन बार निम्नलिखित मंत्र से पूजन करें—

"हं सं क्षं मं लं वं रं यूं आनन्द भैरवाय वषट्।"

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अब निम्नवर्णित मंत्र से भैरवी का ध्यान करें—

भावये च परां देवीं चन्द्रकोटियुतप्रभाम्।
हिमकुन्देन्दुधवलां पञ्चवक्त्रां त्रिलोचनाम्॥
अष्टदशभुजैर्युक्तां सर्वाऽन्दकरोद्यताम्।
प्रहसन्तीं विशालाक्षीं देवदेवस्य सन्निधौ॥

इस प्रकार आनन्द भैरवी का ध्यान करके— "**ह म क्ष म ल व र यीं आनन्द भैरव्यै वषट्।**" से तीन बार पूजन करें। इसके उपरान्त इस गायत्री मंत्र से अभिमन्त्रित करें— **सुरादेव्यै च विदमहे, समुद्रोद्भवे च धीमहि। तन्नस्तुष्टिः प्रचोदयात्॥**

इस मंत्र से अभिमंत्रित करने के उपरान्त (कल्पना रूप में) द्रव्य के मध्य में त्रिकोण लिखें और बाईं ओर से, पश्चिम से लेकर दक्षिण दिशा तक "**अं आं इं ईं उं ऊं ऋं ॠं हं क्षं—लृं ल्हं एं ऐं ओं औं अंः अः**" सोलह स्वर व उनके बीच में '**हं क्षं**' लिखे। इसके उपरान्त अर्घ्य का शोधन निम्नलिखित मंत्रों से करें—

प्रथम शोधन

सर्वप्रथम मूलाधार से कुण्डली का उत्थान करके उसे शिव से मिलाएँ (भावना करें) और यह भी भावना करें कि उसके मिलन से जो अमृत धारा निकल रही है, वह आपके नासापुट से होकर द्रव्य (विशेषार्घ्य) में गिर रही है। अब गङ्गादि तीर्थों का आह्वान करें और "**वं**" बीज से "**धेनुमुद्रा**" द्वारा अमृतीकरण करके, "**मत्स्य मुद्रा**" आच्छादित करते हुए "**हुम्**" से अवगुण्ठन कर चक्र का संरक्षक करें। "**अस्त्राय फट्**" से दिग्बन्धन करके मूल मंत्र "**ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा**" का आठ बार जप करने से प्रथम शोधन होता है।

द्वितीय शोधन

विशेषार्घ्य के द्वितीय शोधन के लिए वायु '**यं**' से शोषण, अग्नि बीज '**रं**' से दहन और '**वं**' बीज से अमृतीकरण करें। '**यं**' बीज का उच्चारण करते समय बाएँ हाथ की अंगुलियों को नीचे की ओर करके मिलाने व सात बार बीजाक्षर का उच्चारण करने से पूजागत दोषों का निवारण होता है। इसी प्रकार '**रं**' बीज का उच्चारण करने से तथा दाएँ हाथ की अंगुलियों को अधोगत करने से पूजागत दोषों का भस्मीकरण व '**वं**' बीज का उच्चारण कर '**धेनु मुद्रा**' का प्रदर्शन करने से अमृतीकरण होता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

"मां मीं मूं मैं मौं मः मांसाशिनि दक्षिणे मासं पवित्रं कुरु कुरु स्वाहा।"

तृतीय शोधन

इस शोधन हेतु द्वितीय शोधन की पूरी प्रक्रिया करें, फिर निम्नलिखित मंत्र पढ़ते हुए "**आगम मंत्र**" से मत्स्य मुद्रा आच्छादित करके तृतीय शोधन पूर्ण करें—

"क्रां क्रीं क्रूं क्रैं क्रौं क्रः कण्टक भक्षिणि कण्टकं भक्ष भक्ष स्वाहा।"

चतुर्थ शोधन

चतुर्थ शोधन हेतु पहले तृतीय शोधन की प्रक्रिया की पुनरावृत्ति करें और प्रार्थना करें—

"पोलिके त्वं महादेवि भैरवाऽऽनन्ददायिनि।
सर्वसम्यकप्रदे देवि! मन्त्रसिद्धिं प्रयच्छ मे॥"

इसके उपरान्त "**योनि मुद्रा**" का प्रदर्शन करें और थोड़ा-सा विशेषार्घ्य कलश में छोड़ें, मूल मंत्र का आठ बार जाप करके कलश के समीप चन्दन, लाल चन्दन, रोली को मिलाकर त्रिकोण, वृत्त व चतुरस्त्र बनाएँ जिसमें शुद्धि मुद्रा से मीन को शुद्ध कर बलि हेतु रखें और "**तत्व मुद्रा**" (अंगूठा व अनामिका को मिलने से तत्व मुद्रा बनाती है) द्वारा "**ह्रीं पथिव देवेभ्यो नमः**" मंत्र पढ़ते हुए बलि प्रदान करें। पुनः बाएँ हाथ से बलि को उठाकर कलश के ऊपर तीन बार घुमाते हुए गिरा दें। फिर "**कारण कलश**" की स्थापना कर "**शक्तिशोधन**" करें।

शक्ति शोधन

उपरोक्त समस्त क्रिया करने के उपरान्त शक्ति शोधन करें। इसके लिए गंध, तेल, चन्दन आदि भगवती को लगाएँ। फिर दिव्य पील रंग के, समस्त प्रकार के आभूषणों से भगवती को सजाने की भावना करें और "**ॐ ह्रीं त्रिपुरायै नमः, इमां शक्तिं पवित्रां कुरु कुरु स्वाहा**" "**मम शक्तिं कुरु कुरु**" पढ़कर सामान्य अर्घ्य लेकर समस्त पूजन सामग्री पर व अपने ऊपर छिड़कें और मूल मंत्र का जप करें। तदोपरान्त—

ॐ हं ॐ हुं फट् स्वाहा।
ॐ ह्रीं श्रीं सुरतप्रिये।
ॐ ह्रीं श्रीं ॐ फट् स्वाहा।
ऐं प्लूं हौं जूं सः अमृते अमृतोद्भवे अमृतवर्षिणी शुक्र शापं

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मोचय मोचय अमृतं स्त्रावय अमृतं कुरु कुरु स्वाहा।

इसके बाद निम्नलिखित मंत्र से शक्ति शोधन करके श्रीचक्र के मध्य में विशेषार्घ्य की स्थापना कर दें—

ॐ विष्णुर्योनि कल्पयतु त्वष्टा रुपाणि पिंशतु।
आसिञ्चतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते॥
गर्भं देहि सिनीवाली गर्भं देहि सरस्वति।
गर्भं तेऽश्विनौ देवौ आधृतां पुष्करस्त्रजौ॥

तदोपरान्त पुष्प से सामान्यार्घ्य लेकर अपने ऊपर छिड़कें। अग्नि मूल मंत्र से भी चारों ओर जल छिड़कें। फिर त्रिकोण में माया बीज (स्थिर) "ह्लीं" लिखकर षट्कोण, वृत, चतुरस्त्र बनाएँ तथा मूल मंत्र से त्रिकोण में पूजा करें। इसके बाद छहों अङ्गों का पूजन करें। यह क्रिया इस चित्र में स्पष्ट है—

षडङ्ग पूजन

(1) ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। हृदय शक्ति श्री पादुकां पूजयामि नमः।

(2) ॐ बगलामुखि शिरसे स्वाहा। शिरः शक्ति श्री पादुकां पूजयामि नमः।

(3) ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। शिखा शक्ति श्री पादुकां पूजयामि नमः।

(4) ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुं। कवच शक्ति श्री पादुकां पूजयामि नमः।

(5) ॐ जिह्वां कीलय नेत्र त्रयाय वौषट्। नेत्र शक्ति श्री पादुकां पूजयामि नमः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

(6) **ॐ बुद्धिं विनाशय अस्त्राय फट्। अस्त्र शक्ति श्रीपादुकां पूजयामि नमः।**

'**षडङ्ग पूजन**' के उपरान्त चतुरस्त्र में पीठ पूजन करें। इसके बाद "**अस्त्र मंत्र**" से जल छिड़ककर त्रिपदी की स्थापना करें। इसके ऊपर **अग्नि की दश कलाओं** का पूजन करें। यथा—

(1) **यं धूम्रार्चिषे नमः।**

(2) **रं ऊष्मायै नमः।**

(3) **लं ज्वलिन्यै नमः।**

(4) **वं ज्वालिन्यै नमः।**

(5) **शं विस्फुलिङ्गियै नमः।**

(6) **षं सुश्रियै नमः।**

(7) **सं सुरूपायै नमः।**

(8) **हं कपिलायै नमः।**

(9) **लं हव्यवाहायै नमः।**

(10) **क्षं कव्यवाहायै नमः।**

अग्निकला पूजन के उपरान्त द्वादश सूर्यकलाओं का पूजन करें—

द्वादश सूर्यकलाएँ

(1) **कं भं तपिन्यै नमः।**

(2) **खं बं तापिन्यै नमः।**

(3) **गं फं धूम्रायै नमः।**

(4) **घं पं मरीच्यै नमः।**

(5) **ङं नं ज्वालिन्यै नमः।**

(6) **चं धं रुच्यै नमः।**

(7) **छं दं सुषुम्नायै नमः।**

(8) **जं थं भोगदायै नमः।**

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

(9) झं तं विश्वायै नमः।

(10) त्रं णं बोधिन्यै नमः।

(11) टं ढं धरिण्यै नमः।

(12) ठं डं क्षमायै नमः।

सूर्यकला के पूजनोपरान्त विलोममातृकाओं का उच्चारण करते हुए पात्र में जल भरें—

विलोम मातृका

क्षं लं हं सं षं शं वं लं रं यं मं भं बं फं पं नं धं दं थं तं णं ढं डं ठं ञं झं जं छं चं ङं घं गं खं कं अः अं औं ओं ऐं एं लृं ल्हं ऋं ऋं ऊं उं ईं इं आं अं।

तदोपरान्त षोडश चन्द्रकलाओं का पूजन करें—

(1) अं अमृतायै नमः।
(2) आं मानदायै नमः।
(3) इं पूषायै नमः।
(4) ईं तुष्टयै नमः।
(5) उं पुष्टयै नमः।
(6) ऊं रत्यै नमः।
(7) ऋं धृत्यै नमः।
(8) ॠं शशिन्यै नमः।
(9) लृं चन्द्रिकायै नमः।
(10) ल्हं कान्त्यै नमः।
(11) एं ज्योत्सनायै नमः।
(12) ऐं श्रियै नमः।
(13) ओं प्रीत्यै नमः।
(14) औं अङ्गदायै नमः।
(15) अं पूर्णायै नमः।
(16) अः पूर्णामृतायै नमः।

इसके पश्चात् जल के ऊपर "**अङ्कुश मुद्रा**" से अमृतीकरण करके आवाहिनी, स्थापिनी, सन्निधापिनी, सन्निरोधिनी मुद्राओं का प्रदर्शन करें। "**शङ्ख मुद्रा**", "**योनि मुद्रा**" का प्रदर्शन करके गन्ध, अक्षत आदि से देवी की पूजा करें। हृदयादि षडङ्ग पूजन करें और विशेषार्घ्य पात्र को "**मत्स्य मुद्रा**" से आच्छादित करके मूल मंत्र का आंठ बार जप करें।

इस प्रकार विशेषार्घ्य पात्र दक्षिण में, प्रोक्षणी पात्र व शक्तिपात्र उत्तर में और उसके उत्तर में आचमनीय पात्र व सामान्यार्घ्य पात्र की स्थापना की जाती है। इसी प्रकार अन्य पात्रों की स्थापना की जाती है। इसके उपरान्त अपने बाएँ गुरु व दाएँ गणेश पूजन किया जाता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गुरु पूजन

पात्र स्थापना के उपरान्त अपने बाईं ओर गुरु पूजन करें—

मंत्र

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं हं सः शिवः सोऽहं हस्ख्फ्रें ह स क्ष म ल व र यूं ह्सौः स ह क्ष म ल व र यीं स्हौः हं सः सोऽहं स्वरूप निरूपण हेतु श्री गुरवे नमः। ज्ञानशक्त्याम्बा सहित अमुकानन्द नाथ श्री पादुकां पूजयामि नमः।"

(अमुकानन्द नाथ के स्थान पर अपने गुरु का नाम लें।)

गणेश पूजन

अब अपने दाईं ओर गणेश पूजन करें—

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं गं गणपतये नमः। महागणपति श्रीपादुकां पूजयामि नमः।"

गुरु व गणेश पूजन के उपरान्त पीठ पूजन करें।

पीठ पूजन

श्रीचक्र में देवताओं का आह्वान करके उनकी यथा स्थान स्थापना करें। पञ्चमुद्राओं (आवाहिनी आदि) का प्रदर्शन करें। चक्र के मध्य भाग में (बिन्दु पर) चन्दन, अक्षत व पुष्प से शिव-शक्ति का पूजन करें। फिर उन्हें प्रणाम करके मानस पूजन करें। तदोपरान्त भावना करें कि वासनारूपी तत्व, स्वयं करके मानस पूजन करें। तदोपरान्त भावना करें कि वासनारूपी तत्व, स्वयं प्रकाश-आत्मा (कुण्डलिनी) के द्वारा भस्मीभूत हो रहे हैं।

कुण्डलिनि ध्यान

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं कुण्डलिन्यधिष्ठित चिदग्निमण्डलाय नमः।"

इसके उपरान्त कुण्डलिनि रूपी आत्मा से होम व पूर्णाहुति की भावना करते हुए निम्नलिखित मंत्र का उच्चारण करें।

"ॐ ऐं ह्रीं श्रीं इतः पूर्वं प्राण बुद्धि देह धर्माधिकारतः जाग्रत स्वप्न सुषुप्त्यवस्थासु मनसा वाचा कर्मणा हस्ताभ्यां पदभ्यां उदरेण शिश्ना यत्स्मृतं यदुक्तं यत्कृतं तत्सर्वं ब्रह्मार्पणम् भवतु स्वाहा।"

आर्द्रं ज्वलति ज्योतिर्हमस्मि ज्योतिर्ज्वलति ब्रह्माहमस्मि।
योऽहमस्मि ब्रह्माहमस्मि अहमस्मि ब्रह्माहमस्मि।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अहमेवाहं मां जुहोमि स्वाहा ॥

अब नियमानुसार भगवती की आरती करें। ताम्बूल प्रदान कर प्रदक्षिणा करके दक्षिणा प्रदान करें। फिर शान्ति स्तोत्र पढ़ें—

शान्ति स्तोत्रम्

सपुंजकानां परिपालकानां, यतेन्द्रियाणां च तपोधानानाम्।
देशस्य राष्ट्रस्य कुलस्य राज्ञां, करोतु शान्तिं भगवान कुलेशः ॥
नन्दन्तु साधककुलान्यणिमादि सिद्धाः, शापाः पतन्तु समयद्विषि योगिनीनाम्।
सा शाम्भवी स्फुरतु कापि ममाप्यवस्था, यस्यां गुरोश्चरण पङ्कजमेव लभ्यम् ॥
शिवाद्यवनिपर्यन्तं ब्रह्मादिस्तम्ब संयुतम्, कालाग्न्यादि शिवान्तं च जगद्यज्ञेन तृप्यतु ॥

शान्ति स्तव के उपरान्त विशेषार्घ्य पात्र को दोनों हाथों से मस्तक तक उठाकर उसमें से विशेषार्घ्य दूसरे पात्र में लेकर अपने सामने रखें। भगवती को साष्टाङ्ग प्रणाम करें और प्रार्थना करें—

"असाधु साधु वा कर्म यद् यदाचरितं मया।
तत् सर्वं कृपया देवि! गृहाणाऽऽराधनं मम ॥"

"श्रीपीताम्बरार्घ्य स्वाहा।"
यज्ञच्छिद्रं तपच्छिद्रं यच्छिन्द्रं पूजने मम।
सर्वं तदच्छिद्रमस्तु पीताम्बराप्रसादतः ॥
अब विशेषार्घ्य पात्र को ललाट से लगाएँ और अर्घ्य ग्रहण करें।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मंत्र और उनके प्रयोग

- अन्य प्रयोग
- देव स्तम्भन
- मनुष्य स्तम्भन
- आकर्षण
- विद्वेषण
- शत्रु नाश
- उच्चाटन
- रोग नाश
- कार्य सिद्धि
- शत्रु शक्तिनाश
- तीव्रगति
- अदृश्य
- शत्रुरोधक
- रिपुगति स्तम्भन
- वाणी स्तम्भन
- जल स्तम्भन
- यंत्र-तर्पण प्रयोग
- कृत्याशान्ति
- विद्वेषण
- उच्चाटन
- शत्रुनाश
- मारण
- राज्यलाभ
- ताप-हरण
- उग्र ज्वर नाशक
- धन-वृद्धि
- पित्त रोग नाश
- स्त्री आकर्षण
- वाणी-स्तम्भन
- शत्रु को पागल करने हेतु
- शत्रु-मारण

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

5

मंत्र और उनके प्रयोग

बगलामुखी मंत्र प्रयोग और बगलामुखी अनुष्ठान विश्वप्रसिद्ध है। मनुष्य-जीवन के साथ समस्याएँ भी लगी हुई हैं। मात्र यह विद्या ही ऐसी है, जो जीवन की समस्त आपदाओं को, समस्याओं को दूर कर सकती हैं, परन्तु इसके प्रयोग में अत्यन्त सावधानी की आवश्यकता है, क्योंकि सूक्ष्म-सी गलती होने के कारण इसका दुष्प्रभाव देखना पड़ता है। यह विद्या तुरन्त की अर्श से फर्श पर ले आती है।

इस मंत्र की साधना से शत्रुओं पर निश्चय ही विजय प्राप्त की जा सकती है। राज्य वर्ग को अपने पक्ष में किया जा सकता है। साथ ही विद्या प्राप्ति और आर्थिक उन्नति हेतु भी इस विद्या का अनुष्ठान किया जाता है। यह विद्या सभी विद्याओं में श्रेष्ठ कही गई है। मंत्र का स्वरूप इस प्रकार है—

''ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।''

कहीं-कहीं इस मंत्र का यह सवरूप भी मिलता है—

''ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं स्तम्भय जिह्वां कीलय-कीलय बुद्धिं नाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।''

इस मंत्र के द्वारा बुद्धि, देव, दानव, शस्त्र व शत्रु-स्तम्भन आदि का प्रयोग किया जाता है। शत्रु स्तम्भन के लिए नीचे लिखे मंत्र में **''अमुक''** के स्थान पर शत्रु का नाम अथवा राजा (अधिकारी) के नाम का प्रयोग करना चाहिए।

''ॐ ह्लीं बगलामुखी सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं मम अमुक नामकं शत्रुं स्तम्भय-स्तम्भय जिह्वां कीलय बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा।''

अन्य प्रयोग

शत्रु स्तम्भन के लिए इस मंत्र का दस हज़ार बार जाप करके उसका दशांश हवन, हवन का दशांश तर्पण, तर्पण का दशांश मार्जन तथा मार्जन का दशांश ब्राह्मण भोज कराना चाहिए।

देव स्तम्भन

साधक माँ बगला का ध्यान कर एक लाख मंत्रों का जप करें। फिर चम्पा के पुष्पों से हवन कर माँ बगला का पूजन करें। ऐसा करने से मनुष्य, देवता को भी अपने वश में कर लेता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मनुष्य स्तम्भन

ऐसा करने के लिए साधक पीले वस्त्र धारण कर, पीला चन्दन लगाकर, हल्दी की माला से मंत्र का एक लाख बार जप करें। पीत-पुष्पों से पीत वर्णा भगवती बगला का ध्यान, पूजन कर घी, शहद व शक्कर में तिलों के साथ हवन करें। ताड़ पत्र, नमक व हल्दी की गाँठ से होम करने पर शत्रु स्तम्भन होता है।

आकर्षण

घी, शहद व शक्कर सहित नमक का होम करने से मनुष्य का आकर्षण होता है।

विद्वेषण

तेल मिश्रित नीम के पत्तों से हवन करने पर दो व्यक्तियों में विद्वेषण अर्थात् झगड़ा होता है।

शत्रु नाश

बगरू, राई, भैंस का घी और गुग्गल से श्मशान की अग्नि में रात्रि में होम करने से शत्रु नाश होता है।

उच्चाटन

शत्रुओं के उच्चाटन के लिए गिद्ध व कौए के प्राप्त पंखों को कड़ुवे तेल (सरसों के तेल) में मिलाकर होम करने से शत्रुओं का उच्चाटन होता है। होम चिता की अग्नि में करें।

रोगनाश

त्रिमधु में दूर्वा, गुरुच व लाजा से होम करने पर अथवा ऐसे हवन के दर्शन मात्र से ही समस्त रोगों का नाश हो जाता है।

कार्य सिद्धि

पर्वत शिखा पर, घोर जंगल में, नदी किनारे या शिवालय में ब्रह्मचर्यरत रहते हुए एक लाख जाप इस मंत्र के करने से सभी कार्य सिद्ध होते हैं।

शत्रु-शक्तिनाश

एक रंग वाली गौ-दुग्ध में शक्कर व शहद मिलाकर उसे तीन सौ मूल मंत्रों से अभिमन्त्रित कर पीने से शत्रु की शक्ति नष्ट होती है।

तीव्रगति

सफेद पलाश की लकड़ी से सुन्दर खड़ाऊँ बनाकर लाल रंग से रंगकर उन पर चौदह लाख मंत्रों का जप करके धारण करने पर मनुष्य क्षण मात्र में सौ योजन तक चला जाता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अदृश्य

पारद, शिलाजीत, ताड़पत्रों के चूर्ण में शहद मिलाकर अपने सभी अंगों में लगाकर चौदह लाख मंत्र जप करने से मनुष्य अदृश्य हो जाता है।

शत्रुरोधक

हरताल, निशाचूर्ण (हल्दी चूर्ण) व धतूरे के रस को घोटकर यंत्र में बीज मंत्र व शत्रु नाम लिखकर उस यंत्र को पीले धागे से लपेटकर रख दें। घूमते चाक की मिट्टी लाकर उसका सुन्दर बैल बनाकर उसके मध्य में उक्त निर्मित यंत्र को रख दें और हरताल से बैल पर लेपन कर चौदह दिनों तक उसकी पूजा करने पर शत्रु का बोल, गति व कार्य रुक जाते हैं।

रिपुगति स्तम्भन

बाएँ हाथ में प्रेत भूमि (श्मशान) से खप्पर लेकर, चिता के अंगार से खोपड़ी में यंत्र का निर्माण करें। उस खोपड़ी को भूमि में गाड़ देने से रिपु की गति स्तम्भित हो जाती है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वाणी स्तम्भन

कफन (शव पर पड़ी चादर या कपड़ा) पर चिता के कोयले से यंत्र का निर्माण करें। एक मेढक लेकर यंत्र को उसके मुँह में रख दें और फिर मेढक को पीले कपड़े में लपेटकर पीत पुष्पों से उसका पूजन करने से शत्रु की वाणी स्तम्भित हो जाती है।

जल स्तम्भन

इन्द्र व वरुण मंत्रों से यंत्र को सात बार अभिमन्त्रित कर जल में फेंक देने से जल का स्तम्भन हो जाता है। इसके अतिरिक्त भी इस महायंत्र के बहुत से प्रयोग हैं, जिनका वर्णन स्थानाभाव के कारण किया जाना सम्भव नहीं है। निश्चित रूप से इस मंत्र के द्वारा जो न किया जा सके, संसार में ऐसा कोई कार्य नहीं है।

यंत्र-तर्पण प्रयोग

प्रिय साधको! माँ भगवती के यंत्र को यंत्रराज की संज्ञा से विभूषित किया गया है। यंत्रराज के तर्पण द्वारा भी बहुत से असाध्य कार्यों को सम्पन्न किया जाता है। यथा—

कृत्याशान्ति

गुड़ मिश्रित जल से पाँच हज़ार तर्पण करने से कृत्या की शान्ति होती है।

विद्वेषण

नीम की पत्तियों व जावित्री कुएँ के पानी में मिलाकर पाँच हज़ार तर्पण करने से विद्वेषण अर्थात् दो व्यक्तियों में झगड़ा हो जाता है।

उच्चाटन

आक का दूध व शुद्ध दूध मिलाकर तीन हज़ार मंत्रों से वस्त्र के अन्दर ढककर तर्पण करने से शत्रु का उच्चाटन होता है।

शत्रुनाश

उड़द, श्मशान की मिट्टी व चिता का कोयला बराबर मात्रा में मिलाकर रात्रि में तर्पण करने से शत्रु का नाश हो जाता है।

मारण

अश्वगन्धा के पत्ते व जावित्री के पत्ते मिलाकर पाँच हज़ार तर्पण करने से शत्रु मारण प्रयोग फलीभूत होता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

राज्यलाभ

जल में कस्तूरी मिलाकर तर्पण करने से राज्य लाभ की प्राप्ति होती है।

ताप-हरण

चन्दन से तर्पण करने पर ताप दूर होता है।

उग्र ज्वर नाशक

एक माह तक 600 मंत्रों से कपूर मिले जल से तर्पण करने से उग्र ज्वर व पित्त रोग शान्त हो जाते हैं।

धन-वृद्धि

गाय के दूध से तर्पण करने पर इच्छित धन की प्राप्ति होती है।

पित्त रोग नाश

मट्ठे से तर्पण करने से पित्त रोग का नाश हो जाता है।

स्त्री आकर्षण —

हरिद्रा चूर्ण से तर्पण करने से मनचाही स्त्री का आकर्षण होता है।

वाणी-स्तम्भन

केला, गाय का दूध व शक्कर सम भाग में लेकर आठ फलाश के पत्तों के साथ तर्पण करने से वक्ता रिपु का मुँह बंद हो जाता है।

शत्रु को पागल करने हेतु

गधे का रक्त जल में मिलाकर तर्पण करने से शत्रु पागल हो जाता है।

शत्रु-मारण

सियार का रक्त जल में मिलाकर तर्पण करने से शत्रु क्षय रोगी होकर छः माह के अन्दर मृत्यु को प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त यंत्र-तर्पण से साधक को अभीष्ट की प्राप्ति होती है।

नोट— *जहाँ जप संख्या का उल्लेख नहीं है, वहाँ साधक पाँच हज़ार तर्पण करें। जहाँ दिनों की संख्या का उल्लेख नहीं है, वहाँ 15 दिनों से तात्पर्य है।*

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

6

श्री बगलामुखी का जयकारा

सुधा-सिन्धु के बीच महा-मणि मण्डप सोहे,
उसमें कंचन-पीठ-प्रभा से त्रिभुवन मोहे।
सुनहरी फैली प्रभा अपार।
बगलामुखी का जय - जयकार ॥1॥

पीताम्बर कमनीय कनक के भूषण साजै,
विकसित चम्पक-सुमन-माल उर बीच बिराजै।
भाल पर केशर-तिलक निहार॥ बगला... ॥ 2 ॥

एक हाथ में रिपु की जिह्वा पकड़ रही है,
दूजे कर में गदा लिए रिपु झड़क रही है।
भक्त पर करती कृपा उदार॥ बगला... ॥ 3 ॥

जो पीताम्बर पहर पीत-उपचार चढ़ावे,
हल्दी की जप-माल बना बगला को ध्यावे।
करै जप प्रति-दिन पाँच हज़ार॥ बगला... ॥ 4 ॥

श्रीहरि शक्ति-सचेत चित्त स्थिर कर नर ध्यावे,
वह अराति-दल विघ्न-दुःख दारिद्रय मिटावे।
विजय पावे बहु बारम्बार।
बगलामुखी की जय-जयकार॥ 5 ॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री बगलामुखी स्तोत्रम्

- श्री बगलामुखी स्तोत्रम्
- श्री बगलापञ्जर स्तोत्रम्
- अथ बगलाहृदय स्तोत्रम्
- अथ बगलाहृदय
- श्री बगलासहस्रनाम (पीताम्बर) स्तोत्रम्
- श्री बगला अष्टोत्तर शतनामस्तोत्रम्
- कीलक स्तोत्रम्

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

7

श्री बगलामुखी स्तोत्रम्

प्रस्तुत स्तोत्र प्राचीन दुर्लभ ग्रंथ "**रुद्रयामल तंत्र**" से उद्धरित है। इस स्तोत्र का पाठ करने से माता बगला बहुत प्रसन्न होती हैं और प्राणी के शत्रुओं का स्तम्भन, आपदाओं का नाश और सौभाग्य का ऐसा उदय करती हैं कि शत्रु स्तम्भित होकर उस प्राणी को देखते ही रह जाते हैं।

विनियोग –

ॐ अस्य श्री बगलामुखीस्तोत्रस्य नारद ऋषिः, श्री बगलामुखी देवता, त्रिष्टुप छन्दः, मम सन्निहितानां विरोधिनां दुष्टानां वाङ्मुख-पद-बुद्धिनां स्तम्भनार्थे श्री माहामाया बगलामुखी वर प्रसाद सिद्धयर्थं जपे (पाठे) विनियोगः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अङ्गन्यास

ॐ ह्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। (अंगूठे का स्पर्श करें)

ॐ बगलामुखी तर्जनीभ्यां नमः। (तर्जनी का स्पर्श करें)

ॐ सर्वदुष्टानां मध्यमाभ्यां नमः। (मध्यमा का स्पर्श करें)

ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां नमः। (अनामिका का स्पर्श करें)

ॐ जिह्वां कीलय कनिष्ठिकाभ्यां नमः। (कनिष्ठिका का स्पर्श करें)

ॐ बुद्धि विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः। (हथेली के अगले व पृष्ठ भागों का स्पर्श करें)

हृदयादि न्यास

ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। (हृदय का स्पर्श करें)

ॐ बगलामुखी शिरसे स्वाहा। (सिर का स्पर्श करें)

ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्। (शिखा का स्पर्श करें)

ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम्। (दोनों हाथों से कवच बनाएँ)

सर्वप्रथम विनियोग करें और हाथ में लिया हुआ जल भूमि पर छोड़ दें। तदोपरान्त मंत्र का अङ्गन्यास आदि करें।

ॐ जिह्वाँ कीलय नेत्रत्रयाय वौषट्।

ॐ बुद्धिं विनाशय ह्लीं स्वाहा अस्त्राय फट्।

ध्यान

सौवर्णासन संस्थितां त्रिनयनां पितांशुकोल्लासिनीं,
हेमाभांसुरुचिं शशाङ्कमुकुटां सच्चम्पक स्त्रग्युताम्।
हस्तैर्मुद्‌गर - पाश - वज्र - रसनां संबिभ्रतीं भूषणैः,
व्याप्ताङ्गी बगलामुखीं त्रिजगतां संसतम्भिनी चिन्तयेत्।।

जप मंत्र

ॐ बगलामुखी सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय।
जिह्वां कीलय बुद्धि विनाशय ॐ ह्लीं स्वाहा।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

स्तोत्र

मध्ये सुधाब्धि- मणि मण्डप रत्नवेदीं,
सिंहासनो परिगतां परिपीतवर्णाम्।
पीताम्बराभरण - माल्य - विभूषिताङ्गीं,
देवीं भजामि धृत- मुद्गर- वैरिजिह्वाम्॥1॥

जिह्वाग्रमादाय करेण देवीं, वामेन शत्रुन् परिपीडयन्तीम्।
गदाभिघातेन च दक्षिणेन, पीताम्बराढ्यां द्विभुजां नमामि॥ 2॥

भावार्थ—अमृतसागर के मध्य, मणिमण्डप की रत्नवेदी पर एक सिंहासन पर पीतवर्णा देवी विराजमान हैं। उनके वस्त्राभूषण, माला आदि सब कुछ पीत रंग के हैं। बायें हाथ में शत्रु की जिह्वा पकड़कर दाहिने हाथ में मुद्गर लेकर शत्रु पर प्रहार कर रही हैं। ऐसी माँ पीताम्बरा को मैं प्रणाम करता हूँ।

चलत्कनक- कुण्डलोल्लसित- चारू गण्डस्थलां,
लसत्कनक- चम्पक- द्युति- मदिन्दु- बिम्बाननाम्।
गदाहत- विपक्षकां कलित- लोल- जिह्वां चंचलाम्,
स्मरामि बगामुखीं विमुख-वाङ-मनःस्तम्भिनीम्॥ 3॥

भावार्थ—चंचल स्वर्ण कुण्डलों से सुसज्जित कपोलों वाली, कनक व चम्पा के पुष्प जैसे शरीर की कान्तिपूर्ण चन्द्रमुखी, गदा-प्रहार से शत्रुओं की हन्ता, सुन्दर चंचल जिह्वा वाली, विमुखों की वाणी व मन का स्तम्भन करने वाली माँ बगलामुखी का मैं स्मरण करता हूँ।

पीयूषोदधि-मध्य-चारु-विलसद्-रत्नोज्ज्वले मण्डपे,
तत्सिंहासन-मूल-पतित-रिपुं प्रेतासनाध्यासिनीम्।
स्वर्णाभां कर-पीडितारि-रसनां भ्राम्यद् गदां विभ्रमा,
नित्यं ध्यायति यान्ति तस्य विलयं सद्योऽथ सर्वापदः॥ 4॥

भावार्थ—जो साधक अमृत-समुद्र के मध्य में रत्नोज्ज्वलित मण्डप, रत्नजड़ित सिंहासन पर आसीन स्वर्ण आभा वाली, एक हाथ से शत्रु जिह्वा और दूसरे में घूमती हुई गदा (मुद्गर) धारण किए हुए, प्रेतासन पर आसीन, रिपुओं के शीश झुकाने वाली, आपका ध्यान करता है, उसकी सभी आपदाओं का तुरन्त विलय हो जाता है, अर्थात् नाश हो जाता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

देवी! त्व्चरणाम्बुजार्चनकृते यः पीत पुष्पाञ्जलिं,
मुद्रा वामकरे निधाय च मनन मंत्रों मनोज्ञाक्षरम्।
पीठाध्यानपरोऽथ कुम्भक वशाद् बीज स्मरेत् पार्थिवं,
तस्यामित्रमुखस्य वाचि हृदये जाडयं भवते तत्क्षणात्॥ 5॥

भावार्थ—हे देवी! जो साधक आपके चरण- कमलों का पीत पुष्पों की अञ्जलि से अर्चन करता है, मुद्रा बनाकर आपके ध्यान में तत्पर होकर कुम्भक मनोहर अक्षर वाले भूमि बीज **लं** का का स्मरण करता है, उसके अमित्रों अर्थात् शत्रुओं की वाणी और हृदय में तत्क्षण जड़ता आ जाती है, अर्थात् स्तम्भन हो जाता है।

वादी मूकति रङ्कति क्षितिपतिर्वैश्वानरः शीतति,
क्रोधी शाम्यति दुर्जनः सुजनति क्षिप्रानुगः खञ्जति।
गर्वी खर्वति सर्वविच्च जडति त्वद्यन्त्रणा यन्त्रितः,
श्रीर्नित्ये! बगलामुखी! प्रतिदिनं कल्याणि तुभ्यं नमः॥ 6॥

भावार्थ—हे कल्याणि! आपके मन्त्र के द्वारा यन्त्रित किया गया वादी गूंगा, छत्रपति रं, अग्नि शीतल, क्रोधी शान्त, दुर्जन सुजन, धावक लंगड़ा, गर्वयुक्त छोटा और सर्वज्ञ जड़ हो जाता है। अतएव, हे लक्ष्मी स्वरूपा नित्ये! माँ बगला! कल्याणी! मैं आपको प्रतिदिन नमन् करता हूँ।

मन्त्रस्तावदलं विपक्षदलने स्तोत्रं पवित्र च ते,
यन्त्र वादि नियन्त्रणं त्रिगतां जैत्रं च चित्रं च ते।
मातः! श्री बगलेति नाम ललितं यस्याऽस्ति जन्तोर्मुखे,
त्वन्नाम स्मरेण संसदि मुखस्तम्भो भवेद् वादिनाम्॥ 7॥

भावार्थ—शत्रुओं के दल के दमन के लिए आपका मन्त्र ही पर्याप्त है और वैसा ही पवित्र स्तोत्र भी। वक्ताओं के नियन्त्रण हेतु आपका त्रिलोक प्रसिद्ध विजयशाली यन्त्र भी विलक्षण है। माँ! **श्री बगला** आपका यह ललित नाम जिस भी साधक के मुख की शोभा बढ़ाता है, वह धन्य है, क्योंकि आपके नाम के स्मरण मात्र से ही वक्ताओं के मुख स्तम्भित हो जाते हैं।

दुष्ट-स्तम्भनमुग्र-विघ्न-शमनं दारिद्रय-विद्रावणम्,
भूभृद्संद्मनं च यन्मृगदृशां चेतः समाकर्षणम्।
सौभाग्यैक-निकेतनं समदृशां कारुण्यपूर्णऽमृतम्,
मृत्योर्मारणमाविरस्तु पुरतो मातस्त्वदीयं वपुः॥8॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भावार्थ—दुष्टों का स्तम्भन करने वाला, उग्र विघ्नों का शमन कारक, दरिद्रता का नाश करने वाला, भूपतियों का दमन कारक, मृग जैसी चंचल चितवनों वाली के चित्त का भी आकर्षण करने वाला, सौभाग्य का एक मात्र निवास, करुणा पूर्ण नेत्रों वाला, मृत्यु का भी मारण करने वाला आपका सुन्दर शरीर है। माँ! मुझे दर्शन दो।

मातर्भञ्जय मद्-विपक्ष-वदनं जिह्वां च संकीलय,
ब्राह्मीं मुद्रय दैत्य-देव-धिषणामुग्रां गतिं स्तम्भय।
शत्रूंश्चूर्णय देवि! तीक्ष्ण-गदया गौराङ्गि पीताम्बरे!
विघ्नौघं बगले! हर प्रणमतां कारुण्य पूर्णेक्षणे॥ ९॥

भावार्थ—हे गौराङ्गी! पीताम्बरे! हे देवी! मेरे शत्रुओं की वाणी को बन्द कर दो। उनकी जिह्वा को कील दो। ब्राह्मी मुद्रा धारण कर दैत्य और देवों की उग्र गति को स्तंभित कर दो। माँ! अपनी तीक्ष्ण गदा से मेरे शत्रुओं को चूर्ण कर दो। अपनी करुणापूर्ण दृष्टि से साधकों के विघ्न समूह को दूर कर दो।

मातर्भैरवि! भद्र-कालि! विजये! वाराहि विश्वाश्रये!
श्रीविद्ये! समये! महेशि! बगले! कामेशि! रामे रमे!
मातङ्गि! त्रिपुरे! परात्पर-तरे! स्वर्गापवर्ग-प्रदे!
दासोऽहं शरणागतः करुणया विश्वेश्वरि! त्राहिमाम्॥ 10॥

भावार्थ—हे माँ! भैरवी! भद्रकाली! विजया! वाराही! भुवनेश्वरि! श्री विद्या! षोडशी! महेशी! बगला! रमा अर्थात् कमला! मातङ्गी! सब आप ही हैं। माँ–स्वर्ग और मोक्ष प्रदायिनि भी आप ही हैं। हे माँ! हे विश्वेश्वरी! करुणा करके मेरी रक्षा करो। मैं आपका दास हूँ और आपकी शरण में हूँ।

त्वं विद्या परमा त्रिलोकजननि विघ्नौघ विध्वंसिनी,
योषाकर्षण कारिणी त्रिजगतामानन्द-सम्वर्धिनी।
दुष्टोच्चाटन कारिणी पशुमनः सम्मोह-संदायिनी,
जिह्वा कीलन भैरवि विजयते ब्रह्मास्त्र विद्या परा॥ 11॥

भावार्थ—आप! परम विद्या हैं, त्रिलोक जननी हैं, विघ्नों का नाश करने वाली हैं, स्त्रियों को आकर्षित करने वाली हैं, तीनों जगतों का आनन्द संवर्धन करने वाली हैं, दुष्टों का उच्चाटन करने वाली हैं, पशुमन को सम्मोहन देने वाली हैं, दुष्टों की जिह्वा कीलन में भैरवी हैं और विजय प्रदान करने में परा ब्रह्मास्त्र विद्या हैं।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पीतवस्त्र वसनाभरि-देह-प्रेत-जासन निवेशित देहाम्,
फुल्लपुष्प-रविलोचन-रम्यां दैत्यजाल दहनोज्ज्वल-भूषाम्।
पर्यंकोपरि-लसदद्विभुजां कम्बु-हेमन्त-कुण्डल-लोलाम्।
वैरिनिर्दलकारण-रोषां चिन्तयामि बगलां हृदयाब्जे॥ 12॥

भावार्थ—पीतवस्त्रा, शत्रु के शव पर आसन लगाए, पुष्प की तरह कोमलांगी, सूर्य की तरह नेत्रों वाली, दैत्यों के लिए उज्ज्वल वस्त्र धारण किए, पलंग पर शोभायमान, दो हाथों वाली, वलयाकार स्वर्ण कुण्डल से शोभित, बैरियों के दलन हेतु अत्यन्त रोषयुक्त माँ बगला का मैं हृदय कमल में ध्यान करता हूँ।

सत् कृतं जप संध्याह्नं चिन्तनं परमेश्वरि।
शत्रुणां स्तम्भनार्थाय तद् गृहाण नमोस्तुऽते॥13॥

भावार्थ—हे पराम्बा! हे परमेश्वरी! माँ बगले! दुष्टों के स्तम्भनार्थ, आपके विषय में मैंने जपादि पूर्वक जो कहा है, उसे आप स्वीकार करें। माँ पीताम्बरा! आपको मेरा बारम्बार नमस्कार है।

विद्या-लक्ष्मीर्नित्य-सौभाग्यमायुः, पुत्रैः पौत्रैः सर्व-साम्राज्य सिद्धिः।
मानं भोगो वश्यमारोग्य-सौख्यं, प्राप्तं सर्वं भू-तले त्वत्-परेण।।14।।

भावार्थ—सम्पूर्ण विद्याएं, लक्ष्मी, नित्य सौभाग्य, दीर्घायु, पुत्र-पौत्रादि सहित सर्व-साम्राज्य-सिद्धि, मान, भोग, वश्यता, आरोग्यता, सुख आदि समस्त जो-जो भी मनुष्य को प्राप्त होना चाहिए, वह सब तुम्हारी कृपा से इस पृथ्वी पर ही साधक को प्राप्त होता है।

गेहं नाकमि, गर्वितः प्रणमति, स्त्री-सङ्गमो मोक्षति,
द्वेषी मित्रति, पातकं सु-कृतति, क्षमा-वल्लभो दासति।
मृत्युर्वैद्यति, दूषण सु-गणति, त्वत्-पाद-संसेवनात्,
वन्दे त्वां भव-भीति-भञ्जन-करीं गौरीं गिरीश-प्रियाम्।।15।।

भावार्थ—हे माँ! तुम्हारी चरण सेवा से घर स्वर्ग बन जाता है, अहंकारी नम्र तथा विनीत बन जाता है, स्त्री-संसर्ग करने वाला मोक्ष प्राप्त करता है, शत्रु मित्र बन जाता है, पापी पुण्यवान बन जाता है, राजा दास बन जाता है, यम भी वैद्य बन जाता है तथा दुर्गुण सद्गुण में बदल जाता है। हे संसार-भय दूर करनेवाली, शिव-प्रिया, गौरी, बगला! तुम्हारी वन्दना करता हूँ।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आराध्या जगदम्ब! दिव्य-कविभिः सामाजिकैः स्तोतृभि-
माल्यैश्चन्दन-कंकुमैः परिमलैरभ्यर्च्चिता सादरात्।
सम्यङ्-न्यासि-समस्त-निवहे, सौभाग्य-शोभा-प्रदे!
श्रीमुग्धे बगले! प्रसीद विमले, दुःखापहे! पाहि माम्।।16।।

भावार्थ—अध्यात्मवादी कवि, सामाजिक जनता और स्तुति करनेवाले भक्त जगज्जननी बगला की सादर पूजा करते हैं। पुष्पमाला, चन्दन, कुंकुम, परिमल से अर्चित सम्यक् रूप से रहनेवाली, सौभाग्यप्रदा, श्री मुग्धा, विमला, दुःख-हारिणी माँ बगला मेरी रक्षा करें।

सिद्धि साध्येऽवगन्तुं गुरु वर-वचनेष्वार्ह-विश्वास-भाजाम्,
स्वान्तः पद्मासनस्थां वर-रुचि-बगलां ध्यायतां तार-तारम्।
गायत्री-पूत-वाचां हरि-हर-नमने तत्पराणां नराणाम्,
प्रातर्मध्याह्न-काले स्तव-पठनमिदं कार्य सिद्धि-प्रदंस्यात्।।17।।

भावार्थ—हे हरि-हर आदि की वन्दनीया माँ बगला! सद्गुरु के वचनों में विश्वास रखनेवाला, तुममें अटल भक्ति रखनेवाला, गायत्रीसिद्ध व्यक्ति साध्य-विषय में सिद्धि प्राप्ति के लिए अपने हृदय में पद्मासना, उत्तम ज्योति-विशिष्टा बगला का ध्यान कर प्रातः और मध्याह्न में इस स्तव का निरन्तर पाठ करे, तो कार्य सिद्ध होता है।

विद्या लक्ष्मीः सर्व-सौभाग्यमायुः पुत्रैः पौत्रैः सर्व साम्राज्य सिद्धिः।
मानं भोगो वश्यमारोग्य सौख्यम्, प्राप्तं सर्वं भू-तले त्वत् परेण।।18।।

भावार्थ—विद्या, लक्ष्मी, सारे सौभाग्य, आयु, पुत्र-पौत्रादि के साथ सारे साम्राज्य की प्राप्ति, सम्मान, भोग, यश, आरोग्य तथा सुख आदि संसार का सब कुछ तुम्हारी आराधना से प्राप्त होता है।

यत् कृतं जप-संध्यानं चिन्तनं परमेश्वरि!
शत्रूणां स्तम्भनार्थाय, तद्गृहाण नमोऽस्तुते।।19।।

भावार्थ—हे परमेश्वरि! शत्रुओं के स्तम्भन के लिए मैंने जो ज़प, ध्यान तथा चिन्तन किया, वह सब ग्रहण करो। तुमको मेरा प्रणाम।

फल-श्रुति

नित्यं स्तोत्रामिदं पवित्रमिह यो देव्याः पठत्यादरात्।
धृत्वा यन्त्रमिदं तथैव समरे बाहौ करे वा गले।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

राजानोऽप्यरयो मदान्ध-करिणः सर्पा मृगेन्द्रादिकाः।
ते व यान्ति विमोहिता रिपु-गणा लक्ष्मी स्थिरा सर्वदा।।20।।

भावार्थ—भगवती पीताम्बरा के इस पवित्र स्तोत्र का पाठ जो साधक नित्य आदर-पूर्वक करता है तथा इनके यन्त्र को बाहु में अथवा कर में या गले में युद्ध-काल में धारण करता है, तो राजा एवं शत्रुगण विमोहित हो जाते हैं। इतना ही नहीं, ऐसे साधक को लक्ष्मी की भी स्थिरता प्राप्त होती है।

संरम्भे चोर-सङ्घे प्रहरण-समये बन्धने व्याधि-मध्ये।
विद्या-वादे विवादे प्रकुपित-नृपतौ दिव्य-काले निशायाम्।।
वश्ये वा स्तम्भने वा रिपु-वध-समये निर्जने वा वने वा।
गच्छँस्तिष्ठँस्त्रि कालं यदि पठति शिवं प्राप्नुयादाशु धीरः।।21।।

भावार्थ—हे देवि! विप्लव काल में, चोरों के समूह में शत्रु पर प्रहार काल में, बन्धन में, व्याधि-पीड़ा में, विद्या सम्बन्धी विवाद में मौखिक कलह में, नृप कोप में और रात्रि के दिव्य काल में वश्य कार्य में स्तम्भन में तथा शत्रु वध के समय निर्जन स्थान में अथवा वन में कहीं भी चलता हुआ, बैठा हुआ तीनों काल में जो साधक तुम्हारे स्तोत्र का पाठ करता है, वह धीर पुरुष शीघ्र ही कल्याण प्राप्त करता है।

अनुदिनमभिरां साधको यस्त्रि-कालम्,
पठति स भुवनेऽसौ पूज्यते देववर्गैः।
सकलममल कृत्यं तत्व द्रष्टा च लोके,
भवति परम सिद्धा लोक माता पराम्बा।।22।।

भावार्थ—जो साधक नित्य त्रि सन्ध्या में इसका पाठ करता है, वह इस संसार में देवताओं के द्वारा पूजित होता है। उसके सारे काम बन जाते हैं और वह संसार में तत्वदर्शी बनता है। जगज्जननी पराम्बा बगला उसके लिए परम सिद्ध देवी बन जाती हैं।

ब्रह्मास्त्रमिति विख्यातं त्रिषु लोकेषु विश्रुतम्।
गुरु-भक्ताय दातव्यं न देयं यस्य कस्यचित्।।23।।

भावार्थ—त्रिलोक में ब्रह्मास्त्र नाम से विख्यात यह स्तोत्र सबको न देकर केवल गुरु-भक्त शिष्यों को ही देना चाहिए।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री बगलापञ्जर स्तोत्रम्

यह अति गोपनीय व रहस्यपूर्ण पञ्जर अति दुर्लभ तथा परीक्षित है। इस पञ्जर का जप अथवा पाठ करने वाला साधक प्रत्येक क्षेत्र में सफलता का सोपान चढ़ता है। घोर दारिद्रय व विघ्नों के नाशक इस स्तोत्र का पाठ करने वाले साधक की माँ बगला स्वयं रक्षा करती हैं। अरिदल साधक को मूक होकर देखते रह जाते हैं।

विनियोग

ॐ अस्य श्रीमद् बगलामुखी पीताम्बरा पञ्जर स्तोत्रस्य भगवान नारद ऋषि, अनुष्टुप छन्दः, जगद् वश्यकरी श्री पीताम्बर बगलामुखी देवता, ह्लीं बीजं, स्वाहा शक्ति, क्लीं कीलक मम संकल्प सिद्ध्यर्थ पाठे विनियोगः।

ऋषिन्यास

ॐ भगवान-नारद ऋषये नमः शिरसि, अनुष्टुप छन्दसे नमो मुखे, जगद्-वश्यकरी श्री पीताम्बरा बगलामुखी देवतायै नमो हृदये, ह्लीं बीजाय नमो दक्षिण स्तने, स्वाहा शक्तये नमो वाम स्तने, क्लीं कीलकाय नमो नाभौ, मम परसैन्य मन्त्र तन्त्र आदि कृंत विपक्ष क्षयार्थं श्रीमत्पीताम्बरी बगलादेव्या प्रीतये, स्वाभीष्ट सिद्धये च जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

षडंगन्यास

ह्लां अंगुष्ठाभ्यां नमः।	ह्लां हृदयाय नमः।
ह्लीं तर्जनीभ्यां स्वाहा।	ह्लीं शिरसे स्वाहा।
ह्लूं मध्यमाभ्यां वषट्।	ह्लूं शिखायै वषट्।
ह्लैं अनामिकाभ्यां हुँ।	ह्लैं कवचाय हुं।
ह्लौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्।	ह्लौं नेत्र-त्रयाय वौषट्।
ह्लः करतलकरपृष्ठाभ्यां फट्।	ह्लः अस्त्राय फट्।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

करन्यास

ॐ ह्लीं अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ बगलामुखि तर्जनीभ्यां नमः। ॐ सर्व दुष्टानां मध्यमाभ्यां नमः। ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय अनामिकाभ्यां नमः। ॐ जिह्वां कीलय कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ बुद्धिं विनाशय ह्लीं। ॐ स्वाहा करतल कर पृष्ठाभ्यां नमः।

हृदयादिन्यास

इसी प्रकार मूल मन्त्र से अङ्गन्यास करें-

ॐ ह्लीं हृदयाय नमः।

ॐ बगलामुखि शिरसे स्वाहा।

ॐ सर्वदुष्टानां शिखायै वषट्।

ॐ वाचं मुखं पदं स्तम्भय कवचाय हुम्।

ॐ जिह्वां कीलय नेत्र त्रयाय वौषट्।

ॐ बुद्धिं विनाशय ह्लीं ॐ स्वाहा, अस्त्राय फट्।

ध्यान

मध्ये सुधाब्धि-मणि-मण्डप-रत्नवेद्यां,
सिंहासनो परिगतां परिपीतवर्णाम्।
पीताम्बराभरण- माल्य- विभूषिताङ्गी,
देवीं स्मरामि धृत-मुद्गर-वैरि-जिह्वां।

इसके उपारंत मानस पूजा करें-

श्री पीताम्बरायै नमः लं पृथिव्यात्मकं गंधं परिकल्पयामि।
श्री पीताम्बरायै नमः हं आकाशात्मकं पुष्पं परिकल्पयामि।
श्री पीताम्बरायै नमः यं वायवात्मकं धूपं परिकल्पयामि।
श्री पीताम्बरायै नमः इं अग्नि तत्वात्मकं दीपं परिकल्पयामि
श्री पीताम्बरायै नमः शं शक्ति तत्वात्मक ताम्बूलं परिकल्पयामि
श्री पीताम्बरायै नमः वं अमृतात्मकं नैवेद्यं परिकल्पयामि।

इसके उपरांत महामाया को योनिमुद्रा से प्रणाम करके स्तोत्र पाठ शुरू करें-

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

॥ पञ्जर स्तोत्र ॥

सूत उवाच

सहस्त्रादित्यं संकाशं शिवं साम्बं सनातनम्।
प्रणम्य नारदः प्राह विनम्र तत कंधरः॥

नारद उवाच

भगवन् साम्ब तत्वज्ञ सर्व दुखापहारक।
श्रीमत् पीताम्बरा देव्याः पंजरं पुण्यदं सदा॥
प्रकाशय विभोनाथ! कृपां कृत्वा ममोपरि।
यद्यहं तव पादाव्ज धूलिधूसरित सदा॥

शिव उवाच

पञ्जरं तत् प्रवक्ष्यामि देव्याः पाप प्रणाशनम्।
यं प्रविश्य न बाधन्ते बाणैरपि नरा क्वचित्॥1॥
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं श्रीमत्पीताम्बरादेवी बगला बुद्धिवर्धिनी।
पातु मम निशं साक्षात् सहस्त्रार्कसमद्युतिः॥2॥
शिखादिपादपर्यंत वज्रपञ्जर धारिणी।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं श्रीमद् ब्रह्मास्त्रविद्याया पीताम्बरा विभूषिता॥3॥
बगला मामवत्वत्र मूर्ध भागं महेश्वरि।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं कामाङ्कुशकला पातु बगला शास्त्र बोधिनी॥ 4॥
पीताम्बरा सहस्त्राक्षा ललाटं कामितार्थदा।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं पातु बगला पीताम्बरा सुधारिणी॥5॥
कर्णयोश्चैव युगपद अतिरत्न प्रपूजिता।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं पातु बगला नासिकां मे गुणाकरा॥6॥
पीतपुष्पै पीतवस्त्रै पूजिता वेददायिनी।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं पातु बगला ब्रह्माविष्ण्वादिसेविता॥7॥
पीताम्बरा प्रसन्नास्या नेत्रयोर्युगपद् भ्रुवो।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं पातु बगला वलिदा पीतवस्त्रधृक्॥8॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अधरोष्ठौ तथा दन्तान् जिह्वां च भुखगां मम।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं पातु बगला पीताम्बर सुधारिणी ॥9॥
गले हस्ते तथा वाह्वोः युगपद् बुद्धिदा सताम्।
ॐ एं ह्लीं श्रीं पातु बगला दिव्यस्त्रगनुलेपना ॥10॥
हृदये च स्तनौ नाभौ करावपि कृशोदरी।
ॐ ऐं ह्लीं श्रीं पातु बगलापीतवस्त्र घनावृता ॥11॥
जंघायां च तथा चोर्वौर्गुल्फयोश्चातिवेगिनी।
अनुक्तमपि यत् स्थानं त्व केशनखलोमकम् ॥12॥
असृंग मांस तथाऽस्थिनी सन्धयश्चापि मे परा।
ताः सर्वा बगलादेवी रक्षेन्मे च मनोहरा ॥13॥
इत्येतद् वरदं गोप्यं कलावपि विशेषतः ।।14।।
पञ्जरं बगलादेव्या दीर्घदारिद्र्यनाशनम्।
पञ्जरं यः पठेत् भक्तया स विघ्नैर्नाभिभूयते ।।15।।
अव्याहतगतिश्चवस्य ब्रह्माविष्ण्वादिसत्पुरे।
स्वर्गे मर्त्ये च पाताले नाऽरयस्तं कदाचन ।।16।।
प्रबाधन्ते नरव्याघ्रं पञ्जरस्थं कदाचन।
अतो भक्तैः कौलिकैश्र्व स्वरक्षार्थं सदैव हि ।।17।।
पठनीयं प्रयत्नेन सर्वाऽनर्थ विनाशनम्।
महादारिद्रयशमनं सर्वमाङ्ल्यवर्धनम् ।।18।।
विद्याविनयसत्सौख्यं महासिद्धिकरं परम्।
इदं ब्रह्मास्त्रविद्यायाः पञ्जरं साधु गोपितम् ।।19।।
पठेत् स्मरेद् ध्यानसंस्थः स जीयान् मरणान् नरः।
यः पञ्जरं प्रविश्यैव मन्त्रं जपति वै भुवि ।।20।।
कौलिकोऽकौलिको वापि व्यासवद् विचरेद् भुवि।
चन्द्रसूर्य प्रभुर्भूत्वा वसेत् कल्पायुतं दिवि ।।21।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सूत उवाच

इति कथितमशेषं श्रेयसामादिबीजं
भवशतदुरितघ्नं ध्वस्तमोहान्धकारम्।
स्मरणतिशयेन प्राप्तिरेवात्र मर्त्यः
यदि विशति सदा वै पञ्जरं पण्डितः स्यात्।।22।।

।। इति श्री परमरहस्यातिरहस्ये बगलापञ्जर स्तोत्रं समाप्तम्।।

।। पञ्जरन्यास स्तोत्रम्।।

बगलापूर्वतो रक्षेद् आग्नेय्यां च गदाधरी।
पीताम्बरे दक्षिणे च स्तम्भिनी चैव नैर्ऋते।। 1।।

जिह्वां कीलयन्तो रक्षेद् पश्चिमे सर्वदा हि माम्।
वयव्वे च मदोन्मत्ता कौवेर्यां च त्रिशूलिनी।। 2।।

ब्रह्मास्त्र देवता पातु ऐशान्यां सततं मम।
संरक्षेन मां तु सततं पाताले स्तब्ध मातृका।। 3।।

ऊर्ध्वं रक्षेन महादेवि जिह्वां स्तम्भनकारिणी।
एवं दश दिशौ रक्षेद् बगला सर्वसिद्धिदा।। 4।।

एवं न्यास विधिं कृत्वा यत् किंचित जपमाचरेत्।
तस्याः संस्मरणादेव शत्रूणां स्तम्भनं भवेत्।। 5।।

अथ बगलाहृदय स्तोत्रम्

(सिद्धेश्वर तन्त्रोक्तम्)

विनियोग

ॐ अस्य श्रीबगलामुखीहृदय-मालामन्त्रस्य नारदऋषिः, अनुष्टुप्छन्दः, श्रीबगलामुखी देवता, ह्लीं बीजम्, क्लीं शक्तिः, ऐं कीलकम्, श्री बगलामुखीप्रसादसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हाथ में जल लेकर 'ॐ अस्य श्रीबगलामुखीहृदय-मालामन्त्रस्य0' से 'जपे विनियोगः' तक पढ़कर भूमि पर जल छोड़ दें।

न्यास

ॐ नारदऋषये नमः शिरसि। ॐ अनुष्टुप्छन्दसे नमः मुखे। ॐ श्रीबगलामुख्यै देवतायै नमो हृदये। ॐ ह्लीं बीजाय नमो गुह्ये। ॐ क्लीं शक्तये नमः पादयोः। ॐ ऐं कीलकाय नमः। ना मौत मम संकल्प सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।

तदन्तर 'ॐ नारदऋषये नमः' से 'ॐ ऐं कीलकाय नमः सर्वाङ्गे' तक पढ़कर न्यास करें।

करन्यास

ॐ ह्लीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः। क्लीं तर्जनीभ्यां नमः। ॐ ऐं मध्यमाभ्यां नमः। ॐ ह्लीं अनामिकाभ्यां नमः। ॐ क्लीं कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः।

फिर 'ॐ ह्लीं अङ्गुष्ठाभ्यां नमः' से 'ॐ ऐं करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः' तक पढ़कर, प्रत्येक मंत्र से करन्यास करें।

हृदयादिन्यास

ॐ ह्लीं हृदयाय नमः। ॐ क्लीं शिरसे स्वाहा। ॐ ऐं शिखायै वषट्। ॐ ह्लीं कवचाय हुम्। ॐ क्लीं नेत्रत्रयाय वौषट्। ॐ ऐं अस्त्राय फट्। ॐ ह्लीं क्लीं ऐं इत्यनेन दिग्बन्धः।

पश्चात् 'ॐ ह्लीं हृदयाय नमः से 'ॐ ह्लीं क्लीं ऐं' यहाँ तक पढ़कर हृदयादिन्यास के साथ दिग्बन्ध करें।

ध्यान

पीताम्बरां पीतमाल्यां पीताभरण-भूषिताम्।
पीतकञ्जपदद्वन्दां बगलाऽम्बां भजेऽनिशम्॥ 1॥

इस प्रकार ध्यान के बाद पूजन करें।

पीत-शङ्ख-गदाहस्ते पीत-चन्दन-चर्चिते।
बगले! मे वरं देहि शत्रुसङ्घ-विदारिणि!॥ 2॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उसके बाद 'पीताम्बरां०' से 'भजेऽनिशम्' तक श्लोक उच्चारण कर देवी ध्यान करें एवं पूजन करें। तत्पश्चात् 'पीतशंख' से 'शत्रुसङ्घविदारिणि' तक श्लोक पढ़कर देवी की प्रार्थना करें। तदनन्तर 'ॐ क्लीं ऐं०' से 'स्वाहा' तक मंत्र का जप करें। फिर पहले की तरह हृदयादि षडङ्गन्यास कर स्तोत्र का पाठ करें।

पश्चात् 'वन्देऽहं बगलां देवीं०' से आरम्भ कर 'तस्य दर्शनमात्रतः' तक (पचीस श्लोक) बगलाहृदयस्तोत्र का पाठ करें।

ॐ ह्लीं क्लीं ऐं बगलामुख्यै गदाधारिण्यै प्रेतासनाध्यासिन्यै स्वाहा। इति मंत्र को जपकर पूर्व की पंक्ति करके स्तोत्र पाठ करें।

तद्यथा -

वन्देऽहं बगलां देवीं पीत-भूषण-भूषिताम्।
तेजोरूपमयीं देवीं पीततेजःस्वरूपिणीम्॥ 1॥
गदाभ्रमणभिन्नाभ्रां भ्रुकुटी-भीषणाननाम्।
भीषयन्तीं भीमशत्रून् भजे भवस्य भक्तिदाम्॥ 2॥
पूर्णचन्द्रसमानास्यं पीतगन्धाऽनुलेपनाम्।
पीताम्बर परीधानां पवित्रामाश्रयाम्यहम्॥ 3॥
पालयन्तीमनुपलं प्रसमीक्ष्याऽवनीतले।
पीताचाररतां भक्तां स्ताम्भवानीं भजाम्यहम्॥ 4॥
पीत-पद्म-पदद्वन्द्वां चम्पकारण्यरूपिणीम्।
पीतावतंसां परमां वन्दे पद्मज-वन्दिताम्॥ 5॥

लसच्चारु-सिञ्जत्-सुमञ्जीरपादां चलत-स्वर्णकर्णावतंसाञ्चितास्याम्।
चलत्पीत-चन्द्राननां चन्द्रवन्द्यां भजे पद्मजादीड्य-सत्पादपद्माम्॥ 6॥
सुपीताभयामालया पूतमन्त्रं परं ते जपन्तो जयं स लभन्ते।
रणे राग-रोषाप्लुतानां रिपूणां विवादे बलाद् वैरकृद्घातमातः॥ 7॥
भरत्पीत-भास्वत्प्रभाहस्कराभां गदागञ्जितामित्रगर्वां गरिष्ठाम्।
गरीयो गुणागार-गात्रां गुणाढ्यां गणेशादि-गम्यां श्रये निर्गुणाढ्यम्॥ 8॥
जना ये जपन्त्युग्रवीजं जगत्सु परं प्रत्यहं ते स्मरन्तः स्वरूपम्।
भवेद् वादिनां वाङ्-मुख-स्तम्भ आद्ये जयो जायते जल्पतामाशु तेषाम्॥ 9॥
तव ध्याननिष्ठा प्रतिष्ठात्म प्रज्ञावतां पादपद्मार्चने प्रेमयुक्ताः।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

प्रसन्ना नृपाः प्राकृताः पण्डिता वा पुराणादिका दासतुल्या भवन्ति। 10॥

नमामस्ते मातः कनक-कमनीयाङ्घ्रि-जलजं
बलद्-विद्युद्-वर्णं घन-तिमिर-विध्वंसकरणम्।
भवाब्धौ मग्नात्मोत्तरणकरणं सर्वशरणं
प्रपन्नानां मातर्जगति बगले ! दुःखदमनम्॥ 11॥

ज्वलज्ज्योत्स्नारत्नाकर मणिविषक्ताङ्कभवनं
स्मरामस्ते धाम स्मर-हर-हरीन्द्रेन्दु-प्रमुखैः।
अहोरात्रं प्रातः प्रणय-नवनीयं सुविशदं
परं पीताकारं परिचित-मणिद्वीप-वसनम्॥ 12॥

वदामस्ते मातः श्रुतिसुखकरं नाम ललितं
लसन्मात्रावर्णं जगति बगलेति प्रचरितम्।
चलन्तस्तिष्ठन्तो वयमुपविशन्तोऽपि शयने
भजामो यच्छ्रेयो दिवि दुरवलभ्यं दिविषदाम्॥ 13॥

पदार्चायां प्रीतिः प्रतिदिनमपूर्वा प्रभवतु
यथा ते प्रसन्नयं प्रतिपलमपेक्ष्यं प्रणमताम्।
अनल्पं तन्मातर्भवति भृतभक्त्या भवतु नो
दिशातः सद्भक्तिं भुवि भगवतां भूरि-भवदाम्॥ 14॥

मम सकल रिपूणां वाङ्मुखे स्तम्भयाशु
भगवति रिपुजिह्वां कीलय प्रस्थतुल्याम्।
व्यवसित-खलबुद्धिं नाशयाऽऽशु प्रगल्भां
मम कुरु बहुकार्यं सत्कृपेऽम्ब! प्रसीद॥ 15॥

ब्रजतु मम रिपूणां सद्मनि प्रेतसंस्था कर-धृत-गदया तां घातयित्वाऽऽशु रोषात्।
सधन-वसन-धान्यं सद्म तेषा प्रदह्य पुनरपि बगला स्वस्थानमायातु शीघ्रम्॥16॥

कर-धृत रिपुजिह्वा-पीडन-व्यग्रहस्तां पुनरपि गदया तांस्ताडयन्तीं सुतन्त्राम्।
प्रणत सुरगणानां पालिकां पीतवस्त्रां बहुबल-बगलां तां पीतवस्त्रां नमामः॥ 17॥

हृदय-वचन-कायः कुर्वतां भक्ति-पुञ्जं
प्रकटित-करुणार्द्रां प्रीणती जल्पतीति।
धनमथ बहुधान्यं पुत्र-पौत्रादि-वृद्धिः
सकलमपि किमेभ्यो देयमेवं त्व वश्यम्॥ 18॥

तव चरण सरोजं सर्वदा सेव्यमानं

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

द्रुहिण-हरि-हराद्यैर्देववृन्दैः शरण्यम्।
मृदुलमपि शरं ते शर्म्मदं सूरिसेव्यं
वयमिह करवामो मातरेतद् विधेयम्॥ 19॥
बगलाहृदयस्तोत्रमिदं भक्तिसमन्वितः।
पठेद्यो बगला तस्य प्रसन्ना पाठतो भवेत्॥ 20॥
पीतध्यानपरो भक्तो यः शृणोत्यविकल्पतः।
निष्कल्मषो भवेन्मर्त्यो मृतो मोक्षमवाप्नुयात्॥ 21॥
आश्विनस्य सिते पक्षे महाष्टम्यां दिवानिशम्।
यस्त्विदं पठते प्रेम्णा बगलाप्रीतिमेति सः॥ 22॥
देव्यालये पठन् मर्त्यो बगलां ध्यायतीश्वरीम्।
पीतवस्त्रावृतो यस्तु तस्य नश्यन्ति शत्रवः॥ 23॥
पीताचाररतो नित्यं पीतभूषां विचिन्तयन्।
बगलां यः पठेन्नित्यं हृदयस्तोत्रमुत्तमम्॥ 24॥
न किञ्चिद् दुर्लभं तस्य दृश्यते जगतीतले।
शत्रवो ग्लानिमायान्ति तस्य दर्शनमात्रतः॥ 25॥

॥ इति सिद्धेश्वरतन्त्रे उत्तरखण्डे बगलापटले बगलाहृदयस्तोत्रं सम्पूर्णम्॥

अथ बगला हृदयम

(अथान्यत् बगला हृदयम्)

श्रीदेव्युवाच

इदानीं खलु मे देव बगलाहृदयं प्रभो।
कथयस्व महादेव यद्यहं तव वल्लभा।।1।।

ईश्वर उवाच

साधु साधु महाप्राज्ञे सर्वतन्त्रार्थ साधिके।
ब्रह्मास्त्र देवतायाश्च हृदयं वच्मि तत्त्वतः।।2।।
प्रणवं पूर्वमुच्चार्य स्थिर मायां ततो वदेत्।
सम्बोधन पदेनैव बगलामुखि उद्धरेत्।।3।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तदग्रे सर्वदुष्टानां ततो वाचं पदं मुखम्।
स्तम्भयेति ततो जिह्वां कीलयेति पदं ततः।।4।।
बुद्धिं विनाशय इति स्थिरमायां ततोऽग्रतः।
पदेच्च पुनरोङ्कारं स्वाहेति च पदं ततः।।5।।
षट्त्रिंशदक्षरी विद्या सद्यः स्तम्भनकारिणी।
अङ्गन्यासं ततः कुर्यात् स्थिरमयां हृदि न्यसेत्।।6।।
बगलामुखी तु शिरसि सर्वदुष्टानां शिखासु च।
वाचं मुखं पदं चैव कवचे विन्यसेत्ततः।।7।।
जिह्वां कीलय नेत्रयुग्मे आस्ये बुद्ध्यादिकं तथा।
गम्भीरां च मदोन्मत्तां स्वर्णकान्ति समप्रभाम्।।8।।
चतुर्भुजां त्रिनयनां कमलासन संस्थिताम्।
ऊर्ध्वकेशजटाजूटां करालवदनाम्बुजाम्।।9।।
मुद्गरं दक्षिणे हस्ते पाशं वामेन धारिणीम्।
रिपोर्जिह्वां त्रिशूलं च पीतगन्धानुलेपनाम्।।10।।
पीताम्बरधरां सान्द्रदृढपीनपयोधराम्।
हेमकुण्डलभूषां च पीतचन्द्रार्धशेखराम्।।11।।
पीतभूषण भूषाढ्या स्वर्ण सिंहासने स्थिताम्।
स्वानन्दानुमयीं देवीं रिपुस्तम्भनकारिणीम्।।12।।
मदनस्य रतेश्चापि प्रीतिस्तम्भनकारिणी।
महाविद्या महामाया महामेधा महाशिवा।।13।।
महामोहा महासूक्ष्मा साधकस्य वरप्रदा।
राजसी सात्विकी सत्या तामसी तैजसी स्मृता।।14।।
तस्याः स्मरणमात्रेण त्रैलोक्यं स्तम्भयेत् क्षणात्।
गणशो बटुकश्चैव योगिन्यः क्षेत्रपालकः।।15।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गुरवश्च गुणास्तिस्त्रो बगला स्तम्भिनी तथा।
जृम्भिणी मोदिनी चाम्बा बालिका भूधरा तथा।।16।।
कलुषा करुणा धात्री कालकर्षिणिका परा।
भ्रामरी मन्दगमना भगस्था चैव भासिका।।17।।
ब्राह्मी माहेश्वरी चैव कौमारी वैष्णवी रमा।
वाराही च तथेन्द्राणी चामुण्डा भैरवाऽष्टकम्।।18।।
सुभगा प्रथमा प्रोक्ता द्वितीया भगमालिनी।
भगवाहा तृतीया तु भगसिद्धाऽब्धिमध्यगा।।19।।
भगस्य पातिनी पश्चात् भगमालिनी षष्ठिका।
उड्डीयानपीठनिलया जालन्धरपीठ संस्थिता।।20।।
कामरूपे तथा संस्था देवीत्रितयमेव च।
सिद्धौघा मानवौघाश्च दिव्यौघा गुरवः क्रमातः।।21।।
क्रोधिनी जृम्भिणी चैव देव्याश्चोभयपार्श्वयोः।
पूज्यस्त्रिपुरनाथश्च योनिमध्येऽम्बिकायुतः।।22।।
स्तम्भिनी या महाविद्या सत्यं सत्यं वरानने।
एषा सा वैष्णवी माया विद्यां यत्नेन गोपयेत्।।23।।
ब्रह्मास्त्रदेवतायाश्च हृदयं परिकीर्तितम्।
ब्राह्मास्त्रं त्रिषु लोकेषु दुष्प्राप्यं त्रिदशैरपि।।24।।
गोपनीयं प्रयत्नेन न देयं यस्य कस्यचित्।
गुरुभक्ताय दातव्यं वत्सरं दुःखिताय वै।।25।।
मातृपितृरतो यस्तु सर्वज्ञानपरायणः।
तस्मै देविमदं देवि बगलाहृदयं परम्।।26।।
सर्वार्थ साधकं दिव्यं पठनाद् भोगमोक्षदम्।
।।इति श्रीशिवापार्वतीसंवादे बगलाहृदयं समाप्तम्।।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री बगलासहस्रनाम (पीताम्बरा) स्तोत्रम्

माँ बगला का यह सहस्रनाम स्तोत्र अति प्राचीन व दुर्लभ ग्रन्थ 'श्री उत्कट शम्बर नागेन्द्र प्रमाण तन्त्र' से लिया गया है। महामाया, माँ बगला के अनन्त रूप व भेद हैं। यह ब्रह्मास्त्र विद्या चतुवर्गफल प्रदान करने वाली, अति गुह्यतर, सर्वतन्त्रों में गुप्त, अति गुप्त और विशेषतः कलि काल में महासिद्धि प्रदान करने वाली हैं। साधकों को भी पग-पग पर सचेत किया गया है कि इस विद्या को प्रयत्नपूर्वक स्वयोनि के समान गुप्त रखना चाहिए और किसी को भी बताना नहीं चाहिए।

विनियोग

ॐ अस्य श्री पीताम्बरी सहस्रनाम स्तोत्र मन्त्रस्य भगवान सदाशिव ऋषिः, अनुष्टुप छन्दः, श्री जगद्वश्यकरी पीताम्बरी देवता सर्वाभीष्ट सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।

ध्यान

पीताम्बर परीधानां पीनोन्नत पयोधराम्
जटामुकुट शोभाढ्यां पीतभूमिसुखासनाम्।
शत्रोर्जिह्वां मुद्गरं च विभ्रतीं परमां कलाम्॥

स्तोत्र

ब्रह्मास्त्रं ब्रह्मविद्या च ब्रह्ममाता सनातनी।
ब्रह्मेशी ब्रह्मकैवल्यं बगला ब्रह्मचारिणी॥ 1॥

नित्यानन्दा नित्यसिद्धा नित्यरूपा निरामया।
सन्धारिणी महामाया कटाक्ष- क्षेम- कारिणी॥ 2॥

कमला विमला नीला रत्नकान्ति गुणाश्रिता।
कामप्रिया कामरता कामाकामस्वरूपिणी॥ 3॥

मङ्गला विजया जया सर्वमगंलकारिणी।
कामिनी कामिनीकाम्या कामुका कामचारिणी॥ 4॥

कामप्रिया कामरता कामाकामस्वरूपिणी।
कामाख्या कामबीजस्था कामपीठ निवासिनी॥ 5॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

कामदा कामहा काली कपाली च करालिका।
कंसारिः कमला कामा कैलासेश्वरवल्लभा॥ 6॥

कात्यायनी केशवा च करुणा काकेलिभुक्।
क्रिया कीर्तिः कृत्तिका च काशिका मधुरा शिवा॥ 7॥

ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं हूं ह्लीं बगलामुखि सर्वशत्रु स्तम्भिनी सर्वराज वशङ्करी एष ते बलिं गृहण गृहण ममाभीष्ट कुरु कुरु हुं फट् स्वाहा। बगलाय एष बलिर्न मम। ऐसा कहकर भगवती को विशेष अर्घ्य प्रदान

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

करें। (शहद, मिश्री, गाय का दूध, केसर व अदरक से मिलकर विशेष अर्घ्य बनता है।)

(7) अब उच्छिटभैरव को बलि प्रदान करें—

'**ॐ उच्छिष्ट भैरव एहि एहि बलिं गृहण गृहण हुं फट् स्वाहा।**' और प्रणाम करें।

(8) अब पूजा गृह से बाहर जाकर बटुकवाहन को बलि प्रदान करें- एक चतुरस्त्रमण्डल बनाकर उसमें बलि रखकर बटुक वाहन को प्रदान करें-

'**बटुक वाहन इमां पूजां बलिं च गृहण गृहण स्वाहा।**' तथा जल छिड़कें।

तदोपरांत हाथ, पैर धोकर पूजागृह में प्रवेश कर आसन पर बैठकर आचमन कर शान्ति पाठ करें। फिर निर्माल्य सहित नैवेद्य की बलि प्रदान करने हेतु उच्छिष्ट चाण्डालिनी का ध्यान करें तथा बलि स्वीकार करने हेतु प्रार्थना करें—

'**ऐं नमः उच्छिष्टचाण्डालिनी मातङ्गिसर्वजनवशङ्करी इमां पूजां बलिं च गृहण गृहण स्वाहा।**'

फिर हाथ धोकर भगवती से प्रार्थना करें—

मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वरि।
यत्पूजितं मया देवि परिपूर्णं तदस्तु मे॥

यथाशक्ति, यथाज्ञानेन, यथासम्भावितोपचारद्रव्यै समस्त कर्मणा श्री पीताम्बरार्पणमस्तु। ॐ तत् सत्।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

परिशिष्ट

लक्ष्मी मंत्र

परिचय

लक्ष्मी आदिशक्ति का वह रूप है, जो संसार को (मानव मात्र को) भौतिक सुख प्रदान करती है। अर्थात् वैभव, विलास, सम्पन्नता, अर्थ, द्रव्य, रत्न तथा धातुओं की अधिष्ठात्री देवी को 'लक्ष्मी' कहते हैं। इस देवी के व्यापक प्रभाव-क्षेत्र को देखकर ही कहा गया है 'लक्ष्मी के साथ लाख गुण रहते हैं।'

पौराणकि दृष्टि से ब्रह्माण्ड का नियन्त्रण करने वाले पुरुष-तत्व के तीन प्रतिरूपों अर्थात् त्रिदेवों में विष्णु को पालनकर्ता कहा जाता है। उन्हीं जगत्-पालक विष्णु की शक्ति को लक्ष्मी की संज्ञा दी गई है। विष्णु-पत्नी के रूप में लक्ष्मी उनके साथ सर्वत्र पूजित होती है। कहीं भी चित्रों में अथवा मूर्तियों में देखें, तो हमें लक्ष्मी-विष्णु अथवा लक्ष्मी-नारायण की युगल छवि दृष्टिगोचर होगी। सही भी है कि जो देवता पालन-कार्य करता है, उसकी शक्ति (पत्नी) अवश्य ही भौतिक वस्तुओं की समृद्धि से सम्पन्न होगी। मानव-जाति के पालन-पोषण में जो कुछ भी अन्न, वस्त्र, धन आदि प्रयुक्त होते हैं, वह सब लक्ष्मी की ही देन है।

लक्ष्मी के अभाव में भौतिक-जगत् का पालन अकल्पित विषय हो जाता। अस्तु, लक्ष्मी विष्णु की शक्ति और पत्नी है तथा वह संसार को विविध प्रकार के सुख-साधन प्रदान करती है। इस प्रसङ्ग में यह भी स्मरण रखना चाहिए कि तीनों देवता (ब्रह्मा, विष्णु, महेश) उस साधक पर विशेष कृपालु होते हैं, जो उन्हें उनकी शक्तियों (सरस्वती, लक्ष्मी, दुर्गा) के साथ स्मरण करता है। वैसे, किसी भी देवी की साधना करके उसके देवता की, और किसी भी देवता की साधना करके उसकी देवी की कृपा भी प्राप्त की जा सकती है, तथापि सरलतम और सङ्गत विधान यही माना गया है कि अभीष्ट देवी-देवताओं की युगलरूप में आराधना करनी चाहिए। इसका प्रभाव विशेषरूप से अधिक और अनुकूल पाया जाता है। अतः लक्ष्मी उपासकों के लिए लक्ष्मी के साथ विष्णु का स्तवन-पूजन विशेष लाभकर माना जाता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

लक्ष्मी का प्रादुर्भाव

समुद्र-मंथन में चौदह रत्न सागर से निकले थे। उन चौदह रत्नों में से एक रत्न लक्ष्मी भी थी। यहाँ 'रत्न' शब्द का अर्थ मूल्यवान पत्थर न मानकर दुर्लभ, विशिष्ट और सुन्दरतम, मूल्यवान, गुणयुक्त वस्तु समझना चाहिए। रत्नों के बटवारे में देवताओं की ओर जो कर्म-रत्न आये थे। उन्हीं में विष्णु को लक्ष्मी प्राप्त हुई थी। यह भी प्रसिद्ध है कि सागर ने अपनी कन्या लक्ष्मी, स्वयं ही विष्णु को अर्पित की थी। जो भी हो, लक्ष्मी का जन्म समुद्र से ही माना गया है और वह विष्णु-पत्नी के रूप में सर्वत्र समादृत है। वैभव, सम्पदा, श्री-समृद्धि और भौतिक सुखों की स्वामिनी होने के नाते वह समस्त मानव जाति की पूज्य है और सभी उसकी आराधना करके द्रव्य की कामना करते हैं। यहाँ एक प्रश्न यह भी उठता है कि क्या सागर से जन्म लेने और विष्णु-पत्नी बनने के पूर्व सागर में धन-वैभव का अस्तित्व नहीं था? इसके उत्तर में कहा जा सकता है कि लक्ष्मी तो एक प्रासङ्गिक रूप है, वस्तुत: आदिशक्ति ही समस्त संसार की स्वामिनी है। इस प्रकार वह अनेक रूपों में सांसारिक वस्तुओं की व्यवस्था करती रहती है।

यह आवश्यक नहीं है कि लक्ष्मी की आराधना से ही धन की प्राप्ति हो। कहीं भैरवी, काली, चामुण्डा और यक्षिणी जैसी देवियाँ भी सन्तुष्ट होने पर भक्त को विपुल वैभव-सम्पदा प्रदान करती हैं। वास्तविकता यह है कि समस्त देवी रूप उसी एक महाशक्ति के विभिन्न वर्ण भेद हैं, जो अखिल सृष्टि में व्याप्त है और जो कण-कण का नियंत्रण करती है। यों, आस्था और लौकिक-दृष्टि से जन-सामान्य लक्ष्मी को ही विशेष रूप से सम्पत्ति-दात्री के रूप में पूजते हैं।

समुद्र-मंथन

समुद्र-मंथन एक प्रतीकात्मक कथा है। समुद्र-मंथन से चौदह रत्नों का निकलना वस्तुत: श्रम की ओर संकेत करता है। भाव यह है कि यदि मानव-समुदाय जाति, धर्म, वर्ण और वर्ग-भेद को त्याग कर एक हो जाय तो उसमें इतनी प्रचण्ड शक्ति है कि समुद्र को भी मथ सकता है और इस प्रकार उसके अनन्त गर्भ में छिपी हुई सम्पदा को प्राप्त कर सकता है। देवता-दैत्य अपने सम्मिलित प्रयास से ही सागर की तलहटी में सुरक्षित 14 रत्नों को प्राप्त कर सके थे।

इस कथानक की पृष्ठभूमि मानव को श्रम की प्रेरणा देती है। भाव यह है कि जो व्यक्ति श्रम करेगा, वही रत्न (मूल्यवान-सुखदायक पदार्थ) प्राप्त कर सकता

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

है। और व्यावहारिक- जगत् में हम आज भी देखते हैं कि श्रम करने वाले व्यक्ति ही अपना निर्वाह कर पाते हैं। बेकार, निष्क्रिय और आलर्साजन दाने-दाने को तरसते रहते हैं। इस प्रकार स्पष्ट है कि लक्ष्मी जहाँ सुख-वैभव की दात्री है, वहीं वह श्रमाराधन भी चाहती है। उसकी कृपा प्राप्त करने के लिए साधक को श्रमशील होना आवश्यक है।

लक्ष्मी का प्रभाव क्षेत्र

लक्ष्मी का प्रभाव अतिव्यापक है। कहना चाहिए कि उसका विश्वव्यापी प्रभाव है। जीवन के किसी भी क्षेत्र की ओर देखें, लक्ष्मी से विरत नहीं हो सकते। भोजन, वस्त्र, आवास, लोकाचार, सामाजिक नियम-निर्वाह, दान-पुण्य, अतिथि-सेवा, देवाराधन, साधु-सत्कार, यज्ञ, तीर्थ यात्रा, परोपकार, सेवा-सहायता— सबका आधार धन है, धन का ही दूसरा रूप लक्ष्मी अर्थात् उसकी कृपा-दृष्टि है नीतिकारों ने कहा है—

वरं वनं व्याघ्र गजेन्द्र सेवितम्, द्रुमालयं पत्र फलाम्बु सेवनं।
तृणेषु शैय्या शत जीर्ण वल्कलं, न बन्धु मध्ये धनहीन जीवनम्॥

यह है कि निर्धन व्यक्ति बहुविध अभावों से पीड़ित रहने के साथ-साथ समाज और परिवार से भी उपेक्षित, तिरस्कृत और बहिष्कृत हो जाता है। वह सर्वत्र अपमानित होता है। लोग उससे घृणा करते हैं। उसे भाग्यहीन, अभागा, अशुभ, दरिद्र और पापी कहकर दुरदुराते हैं। उसके प्रति दया और सम्वेदना का भाव तो कदाचित् ही हज़ारों में कोई एक व्यक्ति प्रदर्शित कर सके, अन्यथा धनहीन मनुष्य जहाँ भी जाता है घोर लाञ्छन, अनादर और विडम्बना का पात्र बनता है। जैसे प्रतिभा, चेतना, वाणी, स्मरण-शक्ति, वाग्मिता, स्वर-सम्मोहन आदि के लिए देवी सरस्वती की कृपा अनिवार्य है, उसी प्रकार भौतिक-समृद्धि के लिए लक्ष्मी की दया व्यक्ति के लिए परम आवश्यक है। जब तक लक्ष्मी की कृपा नहीं होती, मनुष्य नाना प्रकार के अभावों से ग्रस्त रहता है। और लक्ष्मी की कृपा होते ही, धन-सम्पन्न होते ही वह सर्वत्र समादृत, पूज्य, वरणीय और प्रशंसित हो जाता है। संसार में अर्थ का महत्व (भौतिक दृष्टिकोण से) सर्वाधिक है। इसी आधार पर लक्ष्मी अर्थात् धन को सर्वगुण सम्पन्न कहा गया है। नीति-वाक्य है—

यस्यास्ति वित्त स नरः कुलीनः, स पण्डितः स श्रुतिवान गुणज्ञः।
स एव वक्ता स च दर्शनीय, सर्वे गुणा काञ्चनमाश्रयन्ति॥

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अर्थात् सुवर्ण-धन जिसके पास हो वह सर्वगुण-सम्पन्न माना जाता है। लोक उसकी सभी प्रकार से पूजा-प्रशंसा करता है।

दान की महिमा इतनी अधिक है कि उसकी प्रशंसा में सैकड़ों पृष्ठों का प्राचीन साहित्य प्राप्त होता है। तीर्थाटन, यज्ञ, परोपकार, लोक-सेवा, मन्दिर-निर्माण और अन्य प्रकार के परहित-कार्य मानव के लिए इसीलिए आवश्यक बताये गये हैं कि ये सब पुण्य-कार्य हैं। इनके द्वारा मनुष्य लोकहित का धर्माचरण करता है। किन्तु विचार करने पर ज्ञात होता है कि इन सबका आधार एकमात्र धन ही है। जिसके पास कुछ है ही नहीं, वह क्या दान-पुण्य और परोपकार करेगा? अतः जहाँ परोपकार के लिए धन आवश्यक है, वहीं धन के लिए लक्ष्मी की अनुकम्पा भी अपरिहार्य है।

जब तक लक्ष्मी की कृपा नहीं होती, व्यक्ति धन-सम्पन्न नहीं हो पाता। और यदि लक्ष्मी रुष्ट हो जाय तो बड़े-बड़े भूपालों को क्षण भर में राह का भिखारी बना देती है। लक्ष्मी का एक नाम 'चञ्चला' भी है। अस्थिर होने के कारण ही उसे यह संज्ञा दी गई है? वह कहीं स्थिर होकर नहीं रहती। आज यहाँ कल वहाँ। राव से रङ्क और रङ्क से राव होने की अगणित घटनाएं इस तथ्य का प्रमाण हैं कि लक्ष्मी सदा एक स्थान पर, एक व्यक्ति के समीप न रहकर, चलायमान रहती है। इसका एक सहज प्रमाण है — मुद्रा। मुद्रा अर्थात् रुपये-पैसे का सिक्का लक्ष्मी का साक्षात् स्वरूप माना जाता है। पर अपने व्यावहारिक-जीवन में हम देखते हैं कि अन्य वस्तुएं अपेक्षाकृत अधिक समय तक हमारे पास ठहरती हैं, ज़बकि मुद्रा हाथ में आते ही चली ज़ाती है।

चाहे जितनी अधिक आमदनी हो, पर हाथ में आई हुई मुद्रा यथावत सुरक्षित न रहकर, तुरन्त कहीं-न- कहीं चली जाती है। बैंक, बीमा, क्रय-विक्रय, भोजन, वस्त्र, चिकित्सा, प्रसाधन, मनोरञ्जन तथा ऐसे ही अन्य मार्गों से वह तुरन्त हमारे हाथ से चल देती है। भले ही हम अपने को धन-सम्पन्न मानते रहें, पर वास्तविकता यह है कि लक्ष्मी का चाञ्चल्य प्रतिक्षण हमें दिग्भ्रमित किये रहता है। यही कारण है कि आदि ग्रन्थों में जहाँ लक्ष्मी-पूजा का विधान मिलता है, वहाँ उसकी कृपा-अनुकूलता और स्थायित्व की याचना के भी संकेत दिये गये हैं। लक्ष्मी आती तो सभी के पास है, पर अधिकांश जनों को अपनी माया से चौंधिया कर तुरन्त चली जाती है। स्थिर होकर वह उन्हीं जनों के पास रहती है, जिन पर उसका कृपा-भाव

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हो जाता है। लक्ष्मी का महत्व हमारे भौतिक-संसार तक ही नहीं, स्वर्ग-लोक के देवताओं को भी अभिभूत किये रहता है।

देवराज इन्द्र अपनी वैभव-लिप्सा के लिए कुख्यात हैं। विपुल सम्पदा होने पर भी वे राज्य-लोभ, और अधिकार-मोह से निरन्तर ग्रस्त रहते हैं। लंकेश रावण का वैभव किसने नहीं सुना? अर्वाचीन इतिहास में भी अनेक सम्राटों की सम्पदा का सगर्व उल्लेख किया गया है। यह सब क्या है—लक्ष्मी का लीला विलास ही तो है! जिस पर प्रसन्न हुई उसे विश्व-विश्रुत कर दिया और जिससे रूठ गई—वह स्वजनों में भी उपेक्षित हो गया।

लक्ष्मी-प्राप्ति के उपाय

त्यागी-तपस्वियों और सन्त-महात्माओं की बात अलग है, कारण कि वे भौतिक-जगत् के माया-मोह से स्वयं को मुक्त कर चुके होते हैं। उन्हें भोजन की भी कामना नहीं रह जाती, वे मात्र वायु-सेवन करके ही अपना पोषण कर लेते हैं। उन्हें लक्ष्मी का लोभ नहीं रहता। यों विष्णु-पत्नी के रूप में वे महाशक्ति के इस अवतार के प्रति श्रद्धा अवश्य रखते हैं, पर स्वयं उसकी कृपा-कामना कहीं करते। हाँ, दूसरों पर कृपा करने के लिए वे उससे निवेदन कर देते हैं।

यही कारण है कि नितान्त दीन-दरिद्र और विपन्न-कुरूप दीखने वाले साधु-सन्तों के आशीर्वाद से कितने ही संसारीजन लक्ष्मी के कृपा-पात्र बन जाते हैं। परन्तु उस तरह के सिद्धान्त सर्वत्र सुलभ नहीं हैं। बहुधा वे समाज से परे एकान्त-साधना में रत रहते हैं। इसके विपरीत हम संसारी-जन, जो आजीवन अर्थ-लालसा से आक्रान्त रहते हैं, येन-केन-प्रकारेण सम्पत्ति-प्राप्ति करते रहते हैं। लक्ष्मी अर्थात् धन प्राप्त करने के कई उपाय हैं। कुछ को समाज की मान्यता प्राप्त है। वे नैतिक-उपाय कहे जाते हैं। कुछ को समाज ने स्वीकृति नही दी, वे अनैतिक-उपाय माने जाते हैं।

कला-शिल्प, मजदूरी, सेवा-वृत्ति और व्यवसाय को सामाजिक मान्यता प्राप्त है। इन साधनों से धनार्जन करना श्रेष्ठ माना जाता है। इसके विपरीत चोरी, डकैती, ठगी, षड्यन्त्र, लूट और अन्य प्रकार के दुराचारों द्वारा धन प्राप्त करना निन्दनीय कहा गया है। ऐसे कार्यों को समाज मान्यता नहीं देता। इस प्रकार के प्रयास त्याज्य, घृणित और दण्डनीय घोषित किये गये हैं। अनुभवों से भी स्पष्ट हुआ है कि सद्प्रयास द्वारा प्राप्त धन का उपयोग चाहे जिस कार्य में किया जाय,

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

वह अनुकूल परिणाम देता है, जबकि आपराधिक-कृत्यों द्वारा अर्जित धन का प्रभाव एक प्रकार की अज्ञात, अदृश्य, अपवित्रता और दूषण से युक्त होता है। ऐसा धन जहाँ भी जाता है, घातक प्रभाव उत्पन्न करता है।

लक्ष्मी की प्राप्ति सदैव शुभ नहीं होती। चुराई हुई, लूटी हुई, पीड़ितजन की अथवा अभिशप्त-सम्पदा सदैव विनाशक होती है। कुछ दशाब्दियों पूर्व मिस्र के सम्राट तूतनखामन का सुरक्षित कोष कुछ लोगों द्वारा निकाला गया था। उस अभियान के सारे सदस्य एक-एक करके अकल्पित-मृत्यु के ग्रास बने थे। इस प्रकार की एक-दो नहीं, हजारों घटनाएं हैं, जो प्रमाणित करती हैं कि सद्प्रयास से प्राप्त सम्पदा ही सुखद होती है, हेय विधियों से अर्जित धन तो महाकष्टदायी और विनाशक प्रभाव दिखाता है। परिश्रम तो सभी करते हैं, किन्तु लाभ सबको नहीं मिलता। ऐसी स्थिति में सम्पत्ति की स्वामिनी, धन-वैभव की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी की आराधना करने से उसकी कृपा प्राप्त हो जाती है और लक्ष्मी की कृपा ही साकार होकर वैभव सामग्री के रूप में साधक को प्राप्त होती है।

लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए साधकजन प्राय: तीन प्रकार की आध्यात्मिक साधनाएं करते हैं—1. मान्त्रिक, 2. यान्त्रिक, 3. तान्त्रिक।

इसके विपरीत, जिन लोगों की अध्यात्म में आस्था नहीं है, जो लक्ष्मी को देवी मानकर, केवल भौतिक वस्तु (सोना, चाँदी, रत्न, द्रव्य) समझते हैं, वे पूजा-पाठ और ध्यान-साधना न करके अपने पुरुषार्थ, चातुर्य और श्रम-सामर्थ्य को ही वरीयता देते हैं। इसमें भी दो वर्ग होते हैं—1. कुछ लोग आस्तिक-भाव से श्रम करते हैं, उन्हें देवी की कृपा की अपेक्षा कुछ-न-कुछ अवश्य रहती है। 2. कुछ लोग नास्तिक विचारों के होते हैं, वे केवल अपने तन-मन की शक्ति को ही लक्ष्मी प्राप्ति का आधार मानते हैं।

अस्तु, ये सभी जन मेहनत-मजदूरी, नौकरी, कला-शिल्प, व्यापार-धन्धे से लेकर चोरी-डकैती जैसे आपराधिक कार्यों तक, विभिन्न माध्यमों से अर्थोपार्जन हेतु प्रयास करते रहते हैं। सद्प्रयास वालों को असफलता में भी सामाजिक-सम्मान प्राप्त रहता है, जबकि आपराधिक प्रयासों के उपासक सफल होकर भी समाज में उपेक्षित, निन्दित और न्यायिक सीमाओं में आने पर दण्डित माने जाते हैं। आध्यात्मिक-दृष्टि से लक्ष्मी की साधना के तीन आयाम निर्दिष्ट किये गये हैं—मन्त्र-जप, यन्त्र-पूजन और तन्त्र-प्रयोग। इसका पृथक्-पृथक् विवेचन, विभिन्न ग्रंथों में प्राप्त होता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मन्त्र का जप

मन्त्र-जप एक विज्ञानसम्मत साधना-प्रक्रिया है। इसके प्रभाव से अभीष्ट देवता, प्राणी, व्यक्ति अथवा वस्तु का सामीप्य प्राप्त होता है। भले ही यह वर्णन अविश्वसनीय, संदिग्ध और अतिरंजित प्रतीत हो, पर है अक्षरशः सत्य। आज दूरदर्शन, दूरभाष, प्रक्षेपास्त्र, चालक-रहित विमान, उपग्रह जैसे भौतिक-यन्त्र जिस सिद्धान्त पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, उससे कहीं अधिक प्रामाणिक, तर्क-सम्मत, अनुभूत और विज्ञान-पोषित सिद्धान्त मन्त्र-जप के भी हैं। मन्त्र-सम्बन्धी कई विश्व-विश्रुत ग्रन्थ भारतीय-साहित्य में उपलब्ध हैं, जिनमें विभिन्न देवी-देवताओं का सान्निध्य प्राप्त कराने वाले मन्त्रों का वर्णन किया गया है। साधकजन लक्ष्मी के मन्त्रों का जप करके वाञ्छित लाभ उठा सकते हैं।

यन्त्र का पूजन

देवी-देवताओं के स्थूल रूप को सूक्ष्म आकार (ध्वनि रूप में) देकर यन्त्रों की रचना की गई है। प्रत्येक यन्त्र अपने आप में किसी-न-किसी देवता का प्रतिरूप है। प्रबल धारणा-शक्ति सम्पन्न साधक मन्त्र-जप के माध्यम से अभीष्ट देवता का सान्निध्य प्राप्त कर लेते हैं।

कालान्तर में मन्त्र-शास्त्र के विकसित रूप ने 'यन्त्र' को जन्म दिया। यन्त्र भी वस्तुतः मन्त्र ही है, किन्तु रचना-प्रक्रिया की दृष्टि से वह नितान्त भिन्न दीखता है। मन्त्र में जहाँ केवल ध्वनि का अस्तित्व है, वहीं यन्त्र में कुछ स्थूलता भी होती है। मन्त्र अदृश्य है, किन्तु यन्त्र दृश्य होता है।

मन्त्र का केवल उच्चारण किया जा सकता है अथवा किसी के द्वारा उच्चारित मन्त्र सुना जा सकता है, इसके विपरीत यन्त्र देखा जा सकता है। उसकी रचना मानव के हाथों होती है, अतः उसका स्पर्श भी सहज- सुलभ है। मन्त्र-साधना में केवल जप किया जाता है, जबकि यन्त्र-साधना में किसी यन्त्र विशेष को एक आकृति विशेष में चित्रित किया जाता है। यह आकृति प्रतीकात्मक होती है। विभिन्न रेखाएं, कोण, त्रिभुज, चतुर्भुज, बिन्दु अथवा पत्र-दल द्वारा अंकित करके कोई ज्यामितीय चित्र जैसा बनाया जाता है। उसमें अनेक स्थानों पर कुछ विशिष्ट वर्ण अथवा शब्द भी लिखे जाते हैं।

बाह्य-दृष्टि से अतिसामान्य रेखाचित्र प्रतीत होने वाला इस प्रकार का कोई भी यन्त्र वस्तुतः असामान्य प्रभाव से युक्त, वास्तव में किसी विशेष देवी-देवता का

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सांकेतिक रूप होता है। और उसमें कोई-न-कोई तत्सम्बन्धी मन्त्र भी अन्तर्निहित रहता है। लक्ष्मी-साधना के लिए अनेक प्रकार के यन्त्रों की रचना की गई है। यद्यपि वह रचना-प्रणाली अत्यधिक ज़टिल, दुरूह और श्रमसाध्य है-- फिर भी जो साधक धैर्यपूर्वक नियमानुकूल यन्त्र-रचना करके उसकी पूजा-आराधना करते हैं, वे निश्चय ही सफल मनोरथ होते हैं। लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए 'श्रीयन्त्र' एक विश्व-विश्रुत यन्त्र है, इसके अतिरिक्त भी कई यन्त्र ऐसे हैं, जो विधिवत् निर्मित करके पूजे जायें, तो चमत्कारी प्रभाव प्रत्यक्ष कर देते हैं।

तंत्र-साधना

मन्त्र-शास्त्र का तीसरा आयाम तंत्र है। इसका विकास यन्त्र-विद्या के बाद माना जाता है। सर्वप्रथम मन्त्रों की रचना हुई थी, उनका सरलीकरण यन्त्र के रूप में किया गया, और बाद में यन्त्रों को व्यावहारिक रूप देने, सर्वसुलभ और सहज-साध्य बनाने के लिए 'तन्त्र' की रचना की गई। मन्त्र में केवल ध्वनि ही उपासना का एकमात्र आधार होती है, जबकि यन्त्र में मूर्तरूप के पूजन और मन्त्र-जप का विधान है। कुछ ऐसे यन्त्र भी होते हैं, जो मन्त्र-जप की अनिवार्यता से मुक्त हैं। वे मात्र दर्शन-वन्दन से ही प्रभावी हो जाते हैं। उनकी चित्रात्मकता और उनका रेखाङ्कन कुछ ऐसा प्रतीकात्मक तथा सांकेतिक रूप में सारगर्भित होता है कि उनसे निःसृत किरणें वातावरण को, स्थान विशेष को और साधक के लक्ष्य को अदृश्य रूप में प्रभावित करती रहती हैं। आज भी देश में कुछ स्थानों पर ऐसे यन्त्र, जो शताब्दियों पूर्व निर्मित हुए थे, स्थापित हैं और यह एक आश्चर्यजनक सत्य है कि उन्हें देखकर दर्शक के मन-मस्तिष्क में एक प्रकार की अकल्पित, अलौकिक प्रतिक्रिया (भावनात्मक रूप में) अपने आप उत्पन्न हो जाती है।

भारतीयों को तो अन्धविश्वासी कहा जाता है, पर इन मन्त्रों की प्रभावधर्मिता ने कितने ही विदेशी भौतिक-विज्ञानियों को भी चमत्कृत किया है और वे

इस सत्य को सगर्व स्वीकार करने के लिए विवश हुए हैं कि भारतीय अध्यात्म और मन्त्र-तन्त्र में निश्चय ही अद्भुत प्रभाव निहित है। यहाँ के सामान्य रखाचित्र दीखने वाले अनेक यन्त्र इतने चमत्कारी हैं कि उनके सम्मुख हमारे रेडियो, टी.वी. और राडार लज्जित हो जाते हैं।

तन्त्र में यन्त्र की अपेक्षा भौतिक-वस्तुओं का प्रयोग अधिक होता है। यह पदार्थ-विज्ञान का सहोदर कहा जा सकता है। वैसे कई तन्त्र ऐसे हैं, जो यन्त्र की

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भांति रूपायित किये जाते हैं और मन्त्र-जप द्वारा उनकी ऊर्जा बढ़ाई जाती है। इस प्रकार वे तन्त्र अपने आप में मन्त्र और यन्त्र का भी संक्षिप्त प्रभाव निहित किये रहते हैं। अनेक तन्त्रों में चित्राङ्कन की प्रतिबद्धता नहीं होती, उनमें केवल भौतिक-वस्तुओं के प्रयोग का विधान होता है। ये प्रयोग सरल, सहज-सुलभ और साध्य होते हैं। अपनी सहृदयता और व्यावहारिकता के कारण ये बहुत प्रचलित हुए।

हालाँकि आगे चलकर तान्त्रिक प्रयोगों में कुछ विकृति भी आ गई थी और उनका दुरुपयोग भी होने लगा था, पर इससे तन्त्र का महत्त्व कम नहीं होता, दुरुपयोग का दोषी उसका प्रयोक्ता है, तन्त्र तो स्वयं में लोक-कल्याण के लिए ही क्रियाशील रहता है। जैसे आग की खोज हवन, शीत-निवारण और भोजनादि बनाने के लिए की गई थी, पर यदि कोई व्यक्ति उसके द्वारा किसी का घर फूंक दे तो यह आग का नहीं, उस प्रयोक्ता का दोष है। इसी प्रकार तन्त्र भी स्वयं में सद्प्रभाव की सृष्टि करते हैं। हाँ, प्रयोक्ता उसका दुरुपयोग कर डाले, यह अलग बात है।

लक्ष्मी-साधना के सन्दर्भ में जहाँ अनेक प्रकार के मन्त्रों की रचना की गई है, विविध प्रकार के यन्त्र निर्मित किये गये हैं, वहीं अनेक तंत्र-प्रयोगों की परिकल्पना भी प्राप्त होती है। खोजने पर तन्त्र-साहित्य का इतना विशाल भण्डार प्राप्त होता है कि बुद्धि चकरा जाती है। शक्ति-देवी को आधार मानकर ही सैकड़ों तन्त्र-ग्रन्थ रचे गये हैं, अन्य देवताओं के सम्बन्ध में प्राप्त साहित्य उसके अतिरिक्त है। लक्ष्मी कृपालु हो जाय, वह साधक के अथवा उसके इच्छित व्यक्ति के पास रहे, उसकी द्रव्य-सम्पदा अक्षुण्ण रहे, उसे वैभव-विलास की सामग्री उपलब्ध रहे, इस प्रकार की कामनाएं करने वाले जन (प्रायः समस्त मानव-समुदाय ऐसा ही है) लक्ष्मी की पूजा करते हैं।

कुछ लोग मन्त्र-जप का अवलम्ब लेते हैं, कुछ की यन्त्र-पूजा पर आस्था रहती है, वे यन्त्र-साधना करते हैं और कुछ लोग मान्त्रिक-प्रयोगों के विश्वासी होते हैं, वे विविध प्रकार के तन्त्रों का अवलम्ब लेकर लक्ष्मी को प्रसन्न करने का प्रयास करते हैं।

ये तीनों पद्धतियाँ प्रभावी हैं, आवश्यकता है केवल आस्था और नियम-पालन की।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तंत्र प्रयोग

मन्त्र-विद्या का तीसरा आयाम तन्त्र है। यह मन्त्र और यन्त्र से समन्वित होकर भी दोनों से पर्याप्त भिन्नता रखता है। यह एक असंदिग्ध सत्य है कि इसमें मन्त्र-यन्त्र का चरम विकसित और सहज-साध्य स्वरूप दृष्टिगोचर होता है। इसकी प्रभावात्मकता आश्चर्यजनक होती है। तन्त्र-ग्रन्थों की विपुल संख्या इस बात का प्रमाण है कि मानव-जीवन की किसी भी समस्या का समाधान तन्त्र द्वारा सहज सम्भव है। एक-एक विषय को लेकर न जाने कितने प्रयोगों की परिकल्पना की गई है। शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, आध्यात्मिक अर्थात् लौकिक-पारलौकिक विषयों से सम्बद्ध तान्त्रिक प्रयोगों का वर्णन उन ग्रन्थों में प्राप्त होता है।

देखकर व सोचकर मानव दिङ्मूढ़ हो जाता है कि कितनी कठोर साधना और दीर्घकालीन अनुभवों के पश्चात् मनीषियों ने इन सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया होगा और कितने समय का अन्तराल पार करने के पश्चात् इन प्रयोगों एवं सिद्धान्तों को विश्वसनीयता प्राप्त हुई होगी।

अस्तु, बौद्ध-काल में अपने चरमोत्कर्ष पर पहुँची हुई तन्त्र-साधना यद्यपि कुछ विकृतियों, वामाचार के कारण बाद में पतनशील हो गयी, तथापि वह लुप्त नहीं हुई। आज भी उसका अस्तित्व विद्यमान है और ग्रामीण टोने-टोटके से लेकर जटिलतम साधना के ज्ञाता, प्रोक्ता और भुक्तभोगी इसकी प्रामाणिकता का साक्षात्कार दे रहे हैं। मन्त्र और यन्त्र की भाँति तन्त्र भी शान्ति, पुष्टि, वशीकरण, उच्चाटन, विद्वेषण और मारणादि कर्मों में पूर्णतया सक्षम होता है। बल्कि सत्य तो यह है कि तन्त्र की क्षमता अधिक होती है।

सामान्य कहे जाने वाले, अशिक्षित-ग्रामीणों द्वारा किये गये तंत्र-प्रयोग कभी-कभी इतना भीषण प्रभाव दिखाते हैं कि बड़े-बड़े वैज्ञानिक नामधारी बुद्धिवादी भी उसको समझने, उसका प्रतिकार करने में असमर्थ हो जाते हैं। प्रासङ्गिकता की दृष्टि से यहां केवल लक्ष्मी-साधना से सम्बन्धित कुछ तान्त्रिक-प्रयोग दिये जा रहे हैं, जिनकी विधिवत् साधना करने से निश्चय ही दरिद्रता, अर्थाभाव, विपन्नता और ऋण जैसी आर्थिक-समस्याओं से मुक्ति पाकर साधक लक्ष्मी का कृपा-पात्र हो सकता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जिस पर लक्ष्मीजी की कृपा हो, उसे संसार में किसी प्रकार के भौतिक-सुख की कमी नहीं रह जाती। धन-सम्पदा के द्वारा कुछ भी अर्जित किया जा सकता है। दान-पुण्य, जप-तप, व्रत-तीर्थ आदि में भी धन ही प्रमुख आधार होता है। धन के लिए ही लोग अनेक प्रकार के दुष्कर्म और पापाचरण तक करते रहते हैं।

किन्तु यह भी एक कठोर सत्य है कि सद्मार्ग, सत्साधन और सात्त्विक प्रयास द्वारा अर्जित धन ही कल्याणकारी होता है। पापाचार के द्वारा प्राप्त किये धन से पुण्य कमाने की कल्पना एक बहुत बड़ी आत्म-प्रवञ्चना है। अस्तु, निष्ठावान साधकजन यदि नीचे लिखे प्रयोगों को अपनायें तो अवश्य ही लाभान्वित होंगे। लक्ष्मी-तन्त्र के क्षेत्र में कुछ अति सरल, प्रभावशाली, अनुभूत और आशु-फलदायक प्रयोग निम्नानुसार है—

नागेश्वर-तन्त्र

यह एक वनस्पति है। प्रचलित भाषा में इसे नागकेसर कहते हैं। जैसा कि प्रारम्भ में लिखा जा चुका है, तन्त्र-साधना वस्तुतः पदार्थ-प्रधान होती है। विभिन्न वस्तुओं का अवसर विशेष पर एक निश्चित विधि के द्वारा प्रयोग करना ही तन्त्र है। विधि के अन्तर्गत उन वस्तुओं को सम्बन्धित मन्त्र द्वारा शुद्ध करना, संयुक्त करना अथवा प्रयोग करना आदि क्रियाएं आती हैं। विधि अर्थात् नियम-पालन तन्त्र की अनिवार्यता है। इसके अभाव में तन्त्र निष्फल हो जाता है। नागेश्वर-तन्त्र की प्रयोग-विधि इस प्रकार है कि उसे कहीं से ले आयें। प्रायः पंसारियों की दुकान में यह प्राप्त हो जाती है। शीतलचीनी (कवावचीनी) के आकार से मिलता-जुलता इसका फूल होता है। वही प्रयोजनीय माना गया है। कहीं से भी लाकर, उसे घर में रख लें।

ध्यान रहे कि जिस दिन उसे लायें, शुभ-मुहूर्त होना आवश्यक है। उसे किसी पवित्र स्थान पर रख दें। सोमवार के दिन शिवजी की पूजा करें और प्रतिमा (घर-बाहर जहां भी उपलब्ध हो) पर चन्दन-पुष्प के साथ नागकेसर भी अर्पित करें। पूजनोपरान्त किसी मिठाई का नैवेद्य शिवजी को प्रस्तुत करने के उपरान्त यथासम्भव मन्त्र भी जपें। उस दिन व्रत (उपवास) रखें और केवल शाकाहार (फलाहार) करें।

क्रोध और अहम् से सर्वथा मुक्त रहकर उस दिन सामर्थ्यानुसार पशु-पक्षी तथा मानव (भिखारी) को भोजन दें, और कुछ न हो सके तो 25-50 पैसे ही

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दान कर दें। याचक को दुत्कारें नहीं अर्थात् खाली हाथ न लौटायें। शाम को आरती-पूजन के पश्चात् शिवजी का स्मरण करते हुए सोयें। इस प्रकार 21 सोमवारों तक नियमित साधना करें। वैसे, शिव-प्रतिमा पर नागकेसर तो नित्य ही अर्पित करें, किन्तु सोमवार को उपवास रखते हुए, विशेष रूप से साधना करें। अन्तिम अर्थात् इक्कीसवें सोमवार को पूजा के पश्चात् किसी सुहागिनी सुपुत्रा-ब्राह्मणी को निमन्त्रण देकर बुलायें और उसे भोजन-वस्त्र, दान-दक्षिणा देकर आदरपूर्वक विदा करें। इक्कीस सोमवारों तक नागकेसर-तन्त्र द्वारा की गयी यह शिवजी की पूजा साधक को दरिद्रता के पाश से मुक्त करके धन-सम्पन्न बना देती है। यों, सामान्य दैनिक-पूजा में भी शिवजी पर चन्दन-पुष्प के साथ प्रतिदिन नागकेसर-चढ़ाने से बहुत लाभ होता है।

नागेश्वर स्वस्तिक-तन्त्र

भोजपत्र का वर्गाकार टुकड़ा लेकर उस पर लाल चन्दन से स्वस्तिक का चिन्ह 卐 बनायें। सूख जाने पर गोंद के सहारे उस स्वस्तिक-चिन्ह को नागकेसर से विभूषित करें। पूरे चिन्ह पर गोंद में डुबोई हुई नागकेसर एक-एक करके ऐसे क्रम और सुरुचि से चिपकायें कि वह चिन्ह नागकेसर द्वारा निर्मित प्रतीत हो। इसके पश्चात् उसे लकड़ी के पीढ़े पर लाल वस्त्र बिछाकर स्थापित कर दें और धूप-दीप से पूजा करें। इस पूरी साधना के मध्य **'ॐ गं गणपतये नमः'** मन्त्र जपते रहें।

पूजनोपरान्त स्वस्तिक-यन्त्र को नमस्कार करके उस पर दृष्टि केन्द्रित कर दें और 1, 2, 3 मिनट तक अपलक देखते रहें। उसे देखते समय भी मन में गणेशजी का ध्यान करना चाहिए। दो मिनट बाद आंखें मूंद लें और उसी स्वस्तिक के आकार की कल्पना करें। इस प्रकार लगातार 21 बार करें—एकटक उस चिन्ह को देखने के बाद आंखें बन्द करके अन्तर्चक्षुओं में उसकी छवि उभारें। इस प्रकार वह नागकेसर का स्वस्तिक-चिन्ह बाह्य और आन्तरिक दृष्टि में स्थायी रूप से अंकित हो जायेगा।

किसी भी शुभ-मुहूर्त से प्रारम्भ करके इस यन्त्र-साधना को लगातार कुछ दिनों तक करते रहें। इसका प्रभाव लक्ष्मी को साधक के प्रति अवश्य ही द्रवीभूत कर देता है। गणेशजी स्वयं भी वैभवदाता हैं। स्वस्तिक-चिन्ह उनका प्रतिरूप है। इस प्रकार साधक को अकल्पित रूप से धन-लाभ होने लगता है। उसकी दरिद्रता

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

दूर हो जाती है और घर में श्री-सम्पत्ति का विलास प्रत्यक्ष हो जाता है। नागकेसर में विज्ञानसम्मत विकिरण प्रभाव है। साधक द्वारा की यह त्राटक-साधना अद्भुत रूप से द्रव्य लाभ करा देती है। स्मरण रहे कि कोई भी साधना की जाय— मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र कुछ भी हो— आस्था, शुचिता, संयम, नियम-पालन और मुहूर्त के प्रति सदैव ही सजग रहना चाहिए। ये प्रतिबन्ध अनिवार्य हैं। इनकी उपेक्षा होने से साधना निष्फल हो जाती है।

दूर्वा-तन्त्र

दूर्वा अर्थात् दूब एक विशेष प्रकार की घास है। आयुर्वेद, तन्त्र और अध्यात्म में इसकी बड़ी महिमा बतायी गई है। देव-पूजा में भी इसका प्रयोग होता है। गणेशजी को यह बहुत प्रिय है। साधक किसी शुभ-मुहूर्त से गणेशजी की पूजा प्रारम्भ करे और प्रतिदिन चन्दन, पुष्प आदि के साथ प्रतिमा पर 108 दूर्वा-दल (दूब के टुकड़े) अर्पित करे। धूप-दीप के बाद गुड़ और गरी का नैवेद्य चढ़ाना चाहिए। इस प्रकार प्रतिदिन दूर्वार्पण करने से गणेशजी की कृपा प्राप्त हो जाती है। ऐसा साधक जब कभी द्रव्योपार्जन के कार्य से कहीं जा रहा हो, तो उसे चाहिए कि गणेश प्रतिमा पर अर्पित दूर्वा-दलों में से 5-7 दल प्रसाद-स्वरूप लेकर जेब में रखले। यह दूर्वा-तन्त्र कार्यसिद्धि की अद्भुत कुञ्जी है।

गणेश पुष्प-तन्त्र

धन-सम्पत्ति की लालसा-पूर्ति के लिए घर में लक्ष्मी और गणेशजी की मूर्ति अथवा चित्र अवश्य रखना चाहिए। उनकी प्रतिदिन चन्दन, पुष्प, धूप, दीप आदि से पूजा करने का बहुत अनकूल प्रभाव होता है। इस ना एक सर्वाधिक प्रभावशाली रूप यह है कि यदि साधक द्रव्य-सम्बन्धी कार्य के लिए (नौकरी, मजदूरी, दुकानदारी आदि) घर से निकले, तो उसे चाहिए कि गणेश-प्रतिमा पर चढ़ाया गया एक पुष्प, प्रतिमा को प्रणाम करके उठा ले और उसे मस्तक से लगाकर जेब में रख ले। यह गणेश पुष्प-तन्त्र बहुत ही शुभ परिणाम देता है।

साधक जिस कार्य की कामना से घर से प्रस्थान करता है, उसमें उसे अवश्य ही सफलता प्राप्त होती है। साथ ही, वह शारीरिक रूप से सुरक्षित रहता है। आकस्मिक-दुर्घटना, चोट-चपेट आदि से वह बचा रहता है। अभीष्ट कार्य में सफलता देने के लिए गणेशजी का यह पुष्प-तन्त्र बहुत लाभदायक सिद्ध होता है। हाँ, उसके प्रति आस्था होना अनिवार्य है। आस्था का अभाव सत्य को भी मिथ्या कर देता है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शनि-तन्त्र

शनिवार के दिन सन्ध्या-समय एक सादे सफेद कागज को एक ओर काजल लगाकर काला करलें। दूसरी ओर काजल से ही यह स्तुति अङ्कित करें—

नीलाञ्जन समाभासं, रविपुत्रं यमाग्रजं।
छायामार्त्तण्ड सम्भूतं, तं नमामि शनैश्चरम्॥

पीपल के वृक्ष के नीचे यह साधना करनी चाहिए। साधक का मुँह पश्चिम दिशा की ओर हो। यन्त्र तैयार हो चुकने पर उसे पट्टे पर स्थापित करके धूप-दीप से पूजा करें। दीपक में घी का प्रयोग किया जाता है, किन्तु उसमें सात बूँद सरसों का तेल भी मिला देना चाहिए। धूप-दीप देने के पश्चात् यन्त्र को नमस्कार करते हुए 'धनम् देहि' का सात बार निवेदन करें, फिर काले उड़द के सात दाने (1-1 करके) यन्त्र पर अर्पित करें और ऊपर लिखा श्लोक पढ़कर फिर से यन्त्र को नमस्कार करें। यह साधना द्रव्य-दायक होती है।

उन लोगों के लिए इसका विशेष अनुकूल प्रभाव होता है, जो किसी भी प्रकार का संख्यात्मक व्यापार (लॉटरी, सट्टा, घुड़दौड़, शेयर) करते हैं। उनके लिए यन्त्र का लाभ इस प्रकार सुलभ हो सकता है कि वे पूजनोपरान्त शनिदेव को नमस्कार करके 'धनं देहि' जपते हुए उस यन्त्र (कागज) के टुकड़े-टुकड़े कर दें। 10-12 टुकड़े करके प्रत्येक पर भिन्न-भिन्न संख्याएं (अपनी रुचि की) लिखें और उन्हें गोली के रूप में मोड़कर सामने रख लें। फिर क्रमश: कोई भी तीन गोलियाँ उठालें। पहली गोली की अपेक्षा दूसरी गोली की संख्या अधिक प्रभावशाली होती है।

वैसे, तीनों गोलियों की संख्याएं अलग-अलग उस व्यक्ति को सफलता का संकेत देती हैं। उन संख्याओं अथवा उनसे युक्त संख्याओं को व्यापार में प्रयोग करने से सफलता प्राप्त होती है। और कुछ न हो, तो भी काजल-निर्मित शनि-यन्त्र और उस पर अर्पित किये गये उड़द के दानों का प्रभाव साधक को आर्थिक-लाभ के अवसर प्रदान करता है।

वस्तु-तन्त्र

घर आते समय मार्ग की कोई एक वस्तु हाथ में लेते आना चाहिए। वह खरीदी गई वस्तु न होकर वह सहज-सुलभ हो—तभी प्रभावी होती है। कोई फूल, कोई पत्ता, कोई लकड़ी, फल, कागज का टुकड़ा, पौधे की टहनी अथवा

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ऐसी ही कोई अन्य वस्तु अवश्य लाना चाहिए। वास्तव में यह सब लक्ष्मी के प्रतीक हैं। खाली हाथ आना अशुभ होता है। हाथ में कुछ रहने से रिक्तता का दोष मिट जाता है। पता नहीं, किस वस्तु में लक्ष्मीजी ने उस समय निवास कर रखा हो। अत: यदि वे किसी भी रूप में घर आ गयीं, तो समृद्धि अपने-आप आ जाती है। गाँवों में हम देखते हैं कि लोग खेत-खलिहान से आते समय आम की टहनी, कोई फूल, एक लोटा जल, दातुनें अथवा ऐसी कोई अन्य वस्तु हाथ में अवश्य लिये रहते हैं।

इसके पीछे जाने-अनजाने उनकी यही वस्तु-तन्त्र की साधना प्रेरक रहती है। भले ही वे इसकी व्याख्या न कर सकें, पर ऐसा करना वे आवश्यक मानते हैं, कारण कि इसे उनके यहाँ परम्परागत मान्यता प्राप्त है। ऐसी वस्तुओं का प्रभाव यद्यपि बहुत सूक्ष्म होता है, किन्तु उसके अस्तित्व को झुठलाया नहीं जा सकता। वस्तु-तन्त्र का प्रभाव अकाट्य होता है।

चन्द्र-तन्त्र

किसी भी महीने की अष्टमी (शुक्ल पक्ष) के दिन सात्त्विक चर्या करके, सायंकाल चन्द्रमा उदय होने पर दही-भात अथवा खीर का नैवेद्य चन्द्रमा को अर्पित करें। सायंकाल स्नानोपरान्त धूप-दीप से चन्द्रदेव का पूजन करके नैवेद्य अर्पित करना चाहिए। लेकिन यह ध्यान रखें कि नैवेद्य या तो केले के पत्ते पर रखा जाय अथवा चांदी की कटोरी में। नैवेद्य प्रस्तुत करने के पश्चात् चन्द्रदेव की स्तुति में 21 बार चन्द्र-मन्त्र का जप करें (मन्त्र इसी पुस्तक में अन्यत्र देखें)। यह क्रम अष्टमी से प्रारम्भ करके पूर्णमासी तक प्रतिदिन पूरा करना चाहिए। पूर्णमासी के दिन व्रत रखें और किसी निर्धन को श्वेत-वस्त्र दान करें।

वस्त्र नया हो, और उपयोगिता की दृष्टि से छोटा न हो। रात में उस दिन का नैवेद्य, चन्द्रमा को अर्पित करने के बाद प्रसाद रूप में स्वयं ग्रहण करना चाहिए। किन्तु उस प्रसाद के अतिरिक्त उस दिन और कुछ भी खाना निषिद्ध है। प्रति मास अष्टमी से पूर्णिमा तक इस चन्द्र-यन्त्र की साधना करने से साधक को द्रव्य-लाभ होता है। ध्यान रहे कि ऐसा लाभ उन्हीं को होता है, जो किसी प्रकार का उद्यम-व्यवसाय करते हैं। रात्रि-कालीन व्यवसायों में इसका विशेष प्रभाव पड़ता है। निष्क्रिय, प्रमादी, उद्योग-रहित अथवा दुराचारी व्यक्ति को यह साधना अनुकूल नहीं होती।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नैवेद्य-तन्त्र

यह एक अति सरल तन्त्र-प्रयोग है। इसके लिए शुक्ल पक्ष में प्रतिदिन सायंकाल चन्द्रमा को धूप-दीप देकर श्वेत पदार्थ का नैवेद्य अर्पित करें। नैवेद्य के पास ही दीपक जलाकर रख दें। यह क्रिया ऐसे स्थान पर की जानी चाहिए, जहाँ चन्द्रमा की किरणें आ रही हों। झरोखा, जीना अथवा छत पर जहाँ चाँदनी हो, वहीं नैवेद्य तथा दीपक रखें। अन्धेरे में अथवा चन्द्रमा के परोक्ष स्थान पर रखने से साधना निष्फल हो जाती है। नियमानुसार की गई यह साधना भी व्यवसायी, उद्यमी, रात्रि-कर्मचारी वर्ग को बहुत लाभप्रद सिद्ध होती है।

मार्जारी-तन्त्र

मार्जारी अर्थात् बिल्ली सिंह परिवार का जीव है। केवल आकार का अन्तर इसे सिंह से अलग करता है अन्यथा यह सर्वाङ्ग में सिंह का लघु-संस्करण है। प्रवृत्ति से हिंसक होकर भी यह जन्तु पालतू बन जाता है, जबकि सिंह की स्वच्छन्दता और प्रचण्ड हिंसा-भावना का दमन नहीं किया जा सकता। मार्जारी अर्थात् बिल्ली की दो श्रेणियाँ होती हैं—पालतू और जङ्गली। जङ्गली को वन-बिलार कहते हैं। यह आकार में बड़ा होता है, जबकि घरों में घूमने वाली बिल्लियाँ छोटी होती हैं। वन-बिलार को पालतू नहीं बनाया जा सकता, किन्तु घरों में घूमने वाली बिल्लियाँ पालतू हो जाती हैं।

अधिकतर यह जीव काले रङ्ग का होता है, किन्तु सफेद चित-कबरी और लाल (नारङ्गी) रङ्ग की बिल्लियाँ भी देखी जाती हैं। अस्तु, घरों में घूमने वाली बिल्ली (मादा) भी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त कराने में सहायक होती है, किन्तु यह तन्त्र-प्रयोग दुर्लभ और अजात होने के कारण सर्व-साधारण के लिए लाभकर नहीं हो पाता। वैसे, यदि कोई व्यक्ति इस मार्जारी-तन्त्र का प्रयोग करे, तो निश्चित रूप से वह लाभान्वित हो सकता है। गाय, भैंस, बकरी की तरह लगभग सभी चौपाये मादा पशुओं के पेट से प्रसव के पश्चात् एक झिल्ली जैसी वस्तु निकलती है। वस्तुतः इसी झिल्ली में गर्भस्थ बच्चा आवरित रहता है।

बच्चे के जन्म के समय वह भी बच्चे के साथ बाहर आ जाती है। यह पॉलीथिन की थैली की तरह पारदर्शी, लिजलिजी, रक्त और पानी के मिश्रण से तर और देखने में घृणित होती है। सामान्यतः इसे आँवर अथवा नाल कहते हैं। इस नाल को तान्त्रिक-साधना में बहुत महत्त्व प्राप्त है। सभी की नाल का उपयोग

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बन्ध्यत्व-ग्रस्त अथवा मृतवत्सा-स्त्रियों के लिए परम हितकर माना गया है। वैसे, अन्य पशुओं की नाल के भी विविध उपयोग होते हैं।

अत: विषय-विस्तार न हो, इसीलिए यहाँ केवल मार्जारी (बिल्ली) की नाल का ही तान्त्रिक प्रयोग लिखा जा रहा है। जिसे सुलभ हो, इसका प्रयोग करके लक्ष्मी की कृपा प्राप्त कर सकता है। पालतू बिल्ली पर निगाह रखें। जब उसका प्रसव-काल निकट हो, उसके लिए रहने और खाने की ऐसी व्यवस्था करें कि वह आपके कमरे में ही बनी रहे। यह कुछ कठिन कार्य नहीं है, प्रेमपूर्वक पाली गई बिल्लियाँ तो कुर्सी, बिस्तरे और गोद तक में, बराबर मालिक के पास बैठी रहती हैं। उस पर बराबर निगाह रखें। जिस समय वह बच्चों को जन्म दे रही हो, सावधानी से उसकी रखवाली करें। बच्चों के जन्म के तुरन्त बाद ही उसके पेट से नाल (झिल्ली) निकलती है। स्वभावत: बिल्ली उसे खा जाती है। बहुत कम लोग ही उसे प्राप्त कर पाते हैं। उपाय यह है कि जैसे ही बिल्ली के पेट की नाल बाहर आये, उस पर कोई बड़ा कपड़ा, कम्बल, टाट या चादर फेंक दें। आशय यह है कि उसे ढँक दें। ढँक जाने पर बिल्ली उसे तुरन्त खा नहीं सकेगी। चूंकि प्रसव-पीड़ा के कारण वह कुछ शिथिल भी रहती है, इसलिए तेजी से झपट भी नहीं सकती। जैसे भी हो, प्रसव के बाद नाल को उठा लेना चाहिए।

फिर उसे धूप में सुखाकर प्रयोजनीय रूप दिया जाता है। धूप में सुखाते समय भी उसकी रखवाली में सतर्कता आवश्यक है अन्यथा कौवा, चील, कुत्ता आदि कोई भी उसे उठाकर ले जा सकता है। तेज धूप में दो-तीन दिनों तक रखने से वह चमड़े की तरह सूख जायेगी। सूख जाने पर उसके चौकोर टुकड़े (दो या तीन वर्ग इंच के या जैसी भी सुविधा हो) कर लें और उन पर हल्दी लगाकर रख दें। हल्दी का चूर्ण अथवा लेप कुछ भी लगाया जा सकता है। यदि लेप लगाया है, तो उसे फिर से सुखा लेना चाहिए। इस प्रकार हल्दी लगा हुआ बिल्ली की नाल का टुकड़ा लक्ष्मी-तन्त्र का अचूक घटक होता है। तन्त्र-साधना के लिए किसी शुभ-मुहूर्त में स्नान-पूजा करके शुद्ध स्थान पर बैठ जायें और हल्दी लगा हुआ नाल का एक सूखा टुकड़ा बायें हाथ में लेकर मुट्ठी बन्द कर लें और लक्ष्मी, रुपया, सोना, चाँदी अथवा किसी आभूषण का ध्यान करते हुए 54 बार यह मन्त्र पढ़ें—'**मर्जबान उल किस्ता।**'

इसके पश्चात् उसे माथे से लगाकर अपने सन्दूक, पिटारी, बैग या जहाँ भी रुपये-पैसे या जेवर रखते हों, रखदें। कुछ ही समय बाद आश्चर्यजनक रूप से

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

श्री-सम्पत्ति की वृद्धि होने लगती है। इस नाल-तन्त्र का प्रभाव विशेष रूप से धातु-लाभ (सोना-चाँदी की प्राप्ति) कराता है।

यदि किसी के पास ऐसी नाल हो, तो उसका एक टुकड़ा किसी अन्य व्यक्ति को देकर उसे भी समृद्धि का मार्ग बता सकता है।

इस सन्दर्भ में मैं अपने अनुभव का उल्लेख करना चाहूंगा—मेरे निकटतम दो परिवारों में (ननिहाल और ससुराल) बिल्ली की नालें प्राप्त की गयीं और यह एक आश्चर्यजनक सत्य है कि वे दोनों परिवार थोड़े ही समय पश्चात् आर्थिक दृष्टि से बहुत सम्पन्न हो गये। उन्हें सोने-चाँदी का पर्याप्त लाभ हुआ। उपलब्धि के माध्यम ऐसे अकल्पित और आकस्मिक थे कि सहसा विश्वास ही नहीं हो रहा था। किन्तु सत्य सदैव सत्य रहता है। मार्जारी-तन्त्र का प्रभाव उन परिवारों को धन-सम्पन्न बनाने में पूर्ण सक्रिय रहा।

अश्वी जिह्वा तन्त्र

घोड़ी की शारीरिक-संरचना में कुछ ऐसा वैचित्र्य है कि प्रसव के समय उसकी जीभ का अग्र-भाग अपने-आप गिर जाता है। यह भी दुर्लभ वस्तु है, कारण कि एक तो घोड़े-घोड़ी पालने का रिवाज ही समाप्त हो गया है, दूसरे जहाँ कहीं घोड़ी हो भी, तो उसके प्रसव के समय वहाँ उपस्थित रहने का संयोग ही नहीं बन पाता। फिर भी प्रयास से सब कुछ सम्भव है। मार्जारी की भाँति घोड़ी की भी लगातार देखभाल की जाय, तो प्रसव के समय उसके मुँह से गिरी हुई जीभ प्राप्त हो जाती है। विचित्र बात यह है कि गिरी हुई जीभ के स्थान पर उसके नयी जीभ आ जाती है। अस्तु, ठीक बिल्ली की नाल की तरह उसे भी सुखाकर और हल्दी लगाकर रख देना चाहिए। यह जीभ बहुत समृद्धिदायक मानी गई है।

किसी शुभ-मुहूर्त में उस जीभ को धूप-दीप देकर लक्ष्मीजी का ध्यान करते हुए बटुए में, भण्डार में, कोष में अथवा जेवरों की पिटारी में रख देना चाहिए। उसके प्रभाव से घर में धन-धान्य की वृद्धि होने लगती है। मेरे गाँव में एक लाला नामक नाई थे। वे सदा घोड़ी पालते थे। उन्हें इस तन्त्र का ज्ञान था, इसलिए वे प्रयास करके जीभ प्राप्त कर लेते थे। उनके पास कई जीभें संग्रहीत थीं। और, यह भी सत्य है कि वे धन-सम्पत्ति की दृष्टि से एक सम्पन्न व्यक्ति हो गये थे।

अश्व-नाल-तन्त्र

नाखून और तलवे की रक्षा के लिए प्रायः घोड़े के पैर में लोहे की नाल जड़वा देते हैं। विशेष रूप में इक्के ताँगे में जुतने वाले घोड़ों के अवश्य ही नाल

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

जड़ी जाती है, क्योंकि उन्हें प्रतिदिन पक्की सड़कों पर दौड़ना पड़ता है। यह नाल भी बहुत प्रभाव-सम्पन्न होती है। दारिद्र्य-निवारण के लिए इसका प्रयोग अनेक प्राचीन ग्रन्थों में वर्णित है। घोड़े की नाल तभी प्रयोजनीय होती है, जब वह अपने आप घोड़े के पैर से उखड़कर गिरी हो और शनिवार के दिन किसी को प्राप्त हो। अन्य दिनों में मिली हुई नाल प्रभावहीन मानी जाती है। शनिवार को अपने-आप राह चलते कहीं ऐसी नाल दीख जाये, भले ही वह घोड़े के पैर से कभी भी गिरी हो, तो उसे प्रणाम करके 'ॐ श्री शनिदेवाय नमः' का उच्चारण करते हुए उठा लेना चाहिए।

शनिवार को इस प्रकार प्राप्त नाल लाकर घर में न रखे, उसे बाहर ही कहीं सुरक्षित छिपा दें। दूसरे दिन रविवार को इसे लेकर सुनार के पास जाये और उसमें से एक टुकड़ा कटवाकर उसमें थोड़ा ताँबा मिलवा दें। ऐसी मिश्रित धातु (लौह-ताम्र) की अँगूठी बनवायें और उस पर नगीने के स्थान पर 'शिवमस्तु' अङ्कित करा दें। इसके पश्चात् उसे घर लाकर, देव-प्रतिमा की भाँति पूजें और पूजा की अलमारी में, आसन पर प्रतिष्ठित कर दें। आसन का वस्त्र नीला होना चाहिए। एक सप्ताह बाद अगले शनिवार को शनिदेव का व्रत रखें। सन्ध्या-समय पीपल के वृक्ष के नीचे शनिदेव की पूजा करें और तेल का दीपक जलाकर, शनि-मन्त्र 'ॐ शं शनैश्चराय नमः' का जप करें।

एक माला जप के पश्चात् पुनः अँगूठी को उठायें और 7 बार यही मन्त्र पढ़ते हुए पीपल की जड़ से स्पर्श कराकर उसे पहनलें। यह अँगूठी बीच की या उसके बगल की (मध्यमा अथवा अनामिका) उँगली में पहननी चाहिए। उस दिन केवल एक बार, सन्ध्या को पूजनोपरान्त भोजन करें। और, सम्भव हो तो प्रति शनिवार को व्रत रखकर पीपल के वृक्ष के नीचे शनि देव की पूजा करते रहें। कम-से-कम सात शनिवारों तक ऐसा कर लिया जाय तो विशेष लाभ होता है।

ऐसे व्यक्ति को यथासम्भव नीले रङ्ग के वस्त्र पहनने चाहिए। और कुछ न हो सके तो नीला रूमाल या अँगोछा ही पास रखा जा सकता है। इस अश्व-नाल से बनी मुद्रिका को साक्षात् शनिदेव की कृपा के रूप में समझना चाहिए। इसके धारक को बहुत थोड़े समय में ही धन-धान्य की सम्पन्नता प्राप्त हो जाती है। दरिद्रता का निवारण करके घर में वैभव सम्पत्ति का संग्रह करने में यह अँगूठी चमत्कारिक प्रभाव दिखाती है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

नकुल (नेवला) तन्त्र

नकुल नेवला नामक जन्तु वैसे तो जङ्गली है, किन्तु गाँवों और शहरों में आबादी के बीच भी पाया जाता है। यह प्रायः खण्डहरों में रहता है और भोजन की खोज में घरों में भी आ जाता है।

नेवला मार्ग में मिल जाय, रास्ता काट जाय, रास्ते के बीच या दायें-बायें खड़ा हो जाय और व्यक्ति की ओर देखकर मुँह खोले अथवा बोल दे— सभी लक्षण बहुत शुभ माने गये हैं।

कहा जाता है कि नकुल साक्षात् नारायण का सन्देशवाहक है। वह जिसे दीख जाये, मानो भगवान् विष्णु की कृपा का सन्देश दे रहा है। अज्ञानतावश लोग ऐसे दृश्य का लाभ उठा नहीं पाते, किन्तु यदि तान्त्रिक-विधि से ऐसे नकुल-दर्शन की साधना की जाय तो निश्चित रूप से भगवान विष्णु और उनकी शक्ति श्री लक्ष्मीजी की कृपा साधक को प्राप्त हो जाती है। कहीं जाते समय यदि नेवले का दर्शन हो जाय, तो आगे न जाकर, तुरन्त वहीं लौट आयें और हाथ-पैर धोकर या स्नान करके इष्टदेवता की मूर्ति (चित्र) के सम्मुख बैठकर नौ अगरबत्ती या धूपबत्ती जलायें और परम तन्मय-भाव से भगवान विष्णु का स्मरण करें। यदि माला हो, तो उस पर अथवा ऐसे ही, बिना माला की गणना किये, भगवान विष्णु का यह मन्त्र जपना शुरु कर दें।

'ॐ नमो नारायणाय'

इसकी जप संख्या यही है कि जब अगरबत्तियाँ बुझ जायँ, तब जप की पूर्णता मानी जाती है। जप के उपरान्त, यदि उपलब्ध हों तो पुष्प भी, अन्यथा केवल दीपक द्वारा मूर्ति की पूजा करें। यह उपासना, यह तांत्रिक-प्रयोग विष्णु और लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने में बहुत सहायक होता है। यों यदि आप किसी यात्रा पर हैं और आगे जाना आवश्यक है, तो नकुल-दर्शन के पश्चात् तुरन्त उसे प्रणाम करें और उक्त मन्त्र का जाप करते हुए, गन्तव्य-स्थान की ओर बढ़ जायें। निश्चित रूप से यात्रा सफल और लाभदायक रहेगी।

ताम्र-सप्तक-तन्त्र

इसके द्वारा सामान्य व्यक्ति भी अपने घर को लक्ष्मी का निवास-स्थान बना सकता है। इस साधना के प्रभाव से धन-धान्य की वृद्धि होती है, दुःख-दारिद्र्य दूर हो जाता है। और भौतिक-दृष्टि से सामान्य निर्वाह की सुविधाएं स्वतः

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उपलब्ध हो जाती हैं। यह साधना वर्ष में केवल एक दिन अपना पूर्ण प्रभाव रखती है—चैत्र शुक्ला प्रतिपदा के दिन। यदि ऐसा सम्भव नहीं है, बीच में ही करना आवश्यक है तो किसी शुभ-मुहूर्त वाले बुधवार के दिन भी की जा सकती है। इस तन्त्र की विधि इस प्रकार है—

ताँबे का पैसा (ताम्रपत्र का गोल टुकड़ा), ताँबे की पादुकाएं (खड़ाऊँ अथवा पैर के तलवे के आकार के कटे हुए ताम्रपत्र के छोटे टुकड़े), एक मुट्ठी नया गेहूँ, एक गाँठ समूची नयी हल्दी, एक बड़ी हर्र, एक बड़ा टुकड़ा नमक, एक मुट्ठी नागकेसर ये सातों वस्तुएं हल्दी द्वारा रँगे गये, नये पीले कपड़े में बाँधकर उस पोटली की चन्दन, पुष्प, अक्षत, धूप, दीप से पूजा करके, इष्टदेवता का स्मरण करते हुए, रसोई-घर में, भण्डार में अथवा अन्य किसी श्रेष्ठ स्थान में लटका दें।

यह पोटली धन-धान्य और वैभव की प्राप्ति कराने में परम सहायक होती है। पूरे वर्ष तक इसका प्रभाव बना रहता है। अगले वर्ष फिर यही क्रिया करें और पुरानी पोटली को किसी स्थान (नदी-तालाब) में विसर्जित कर दें। इस साधना के द्वारा सामान्य व्यक्ति भी अपने भौतिक-अभाव को दूर कर सकते हैं।

अडार-तन्त्र

अडार का अर्थ है-कूड़ा-करकट, फटी-पुरानी रद्दी वस्तुएं, टूटे-फूटे बर्तन और जीर्ण-क्षीर्ण कपड़े आदि। ये सब दरिद्रता के निवास-स्थल हैं। दरिद्रता और लक्ष्मी में परम्परागत वैमनस्य है। दोनों का एक साथ रहना सम्भव नहीं। अतः लक्ष्मी के उपासकों को चाहिए कि वे अडार से घर को मुक्त रखें। अडार न रहने पर दरिद्रता स्वयं ही चली जायेगी, क्योंकि उसे अडार में ही सुख मिलता है। दरिद्रता का पलायन लक्ष्मी के आगमन का मार्ग प्रशस्त करता है। अतः दारिद्रय-निवारण और लक्ष्मी-प्राप्ति के लिए अडार-तन्त्र की साधना करनी चाहिए। स्मरण रहे कि यह साधना मुख्यतः स्त्रियों (गृहणियों) के द्वारा की जाती है। जिस घर में स्त्री न हो, वहाँ पुरुष भी कर सकते हैं। अडार-तन्त्र का परिणाम थोड़े दिनों में ही अपना प्रभाव दिखाने लगता है।

प्रत्येक शनिवार और अमावस्या के दिन पूरे घर की सफाई करें। वैसे तो रोज ही झाड़ा-बुहारी होती है, पर शनि और अमावस को विशेषरूप से पूरे मकान की, कौने-कौने की सफाई करें। मकड़ी का जाला, धूल, फूटे बर्तन, फटे कपड़े, रद्दी, अप्रयोजनीय कागज, टूटे-फूटे खिलौने, पीपे, बक्स, फर्नीचर तथा इस प्रकार की

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अन्य गृहस्थी की वे वस्तुएं जो घर में हों, किन्तु प्रयोजनीय न रह गई हों, जिनका रूप विकृत हो गया हो, उन्हें निकाल कर घर के बाहर, दूर कहीं फेंक दें। पूरे घर में झाड़ू लगायें, यथासम्भव लिपाई-पुताई या फर्श की धुलाई करें। अलमारी, खिलौने, फर्नीचर, किताबें, फोटो आदि कपड़े से रगड़कर साफ करें। बर्तनों को मांज-धोकर चमका लें, बिखरी हुई वस्तुओं को सहेज कर यथास्थान रख दें और गूगल, लोबान, अगरबत्ती, धूपबत्ती अथवा घी-गुड़ के धुएं से पूरे मकान को शुद्ध करें।

सायंकाल घर में जितने भी प्रकाश-यन्त्र (लालटेन, चिमनी, कुप्पी, दीपक, बल्ब, ट्यूब-लाइट, कन्दील आदि) हों, उन्हें थोड़ी देर के लिए जला दें। कम से कम दो-तीन दीपक सभी घरों में रहते हैं, उन्हें जलाकर घर में इस तरह रखें कि सर्वत्र प्रकाश फैल जाय, अन्धेरा न रहने पाये। यथा-स्थान ऐसी प्रकाश-समस्या 10-5 मिनट अथवा 2-3 घण्टे तक के लिए की जा सकती है। बाद में अन्य प्रकाश-यन्त्रों को बुझाकर, एक मुख्य प्रकाश-यन्त्र को रातभर जला रहने दें।

यहां यह भी स्मरण रखना चाहिए कि दीपक को कभी फूंक से न बुझायें। मुंह से फूंक मारकर दीपक बुझाना निषेध है। किसी वस्त्र या हाथ के माध्यम से हवा का झोंका मारकर ही उसे बुझाना चाहिए। इस क्रम में यह अनिवार्य नियम है कि दीपक से कुछ जलायें नहीं। बहुधा स्त्रियां माचिस की बचत के कारण दीपक से ही लौ लेकर चूल्हा, तपता आदि जलाती हैं। यह बहुत ही अमंगलकारी होता है। इस क्रिया से दरिद्रता, ऋण, अभाव और श्री-हानि की वृद्धि होती है। अतः दीपक से भूलकर भी कोई अग्नि-प्रयोग न करें। उसके लिए अलग से माचिस या अंगारों का प्रयोग करना चाहिए।

इस प्रकार प्रत्येक शनि और अमावस्या के दिन घर का कूड़ा-कचरा, रद्दी सामान बाहर फेकंना, फर्श की धुलाई (लिपाई-पुताई) करना, सायं पूरे घर को प्रकाशित करना तथा समस्त वस्तुओं को झाड़-पोंछ कर यथा-क्रम व्यवस्थित रूप से रखना— यही अडार तन्त्र है।

इसका नियमित पालन करने से कुछ ही दिनों बाद घर में दिरद्रता-नाश और श्री-समृद्धि का आभास होने लगता है। अडार-तन्त्र की साधना जिस दिन प्रारम्भ करें, उस दिन एक झाड़ू (नया छोटा-सा) लाकर सफाई-लिपाई के बाद घर के मुख्य द्वार पर पीछे की ओर (अन्दर की ओर किवाड़ों के बगल में) कील के

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सहारे लटका दें। यह प्रयोग दरिद्रता को घर में पुनः प्रविष्ट होने से रोक देता है। वह झाड़ू सदैव वहां टंगा रहने दें।

अशोक-तन्त्र

किसी भी शिवरात्रि अथवा सोमवार के दिन स्नानोपरान्त शुद्ध होकर अशोक-वृक्ष के पास जायें। उसके नीचे की (जड़ के पास की) थोड़ी-सी मिट्टी किसी पात्र में ले आयें। ध्यान रहे कि इस साधना में आदि से अन्त तक 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र का मौन-जप करते रहना आवश्यक है। अशोक-वृक्ष के पास जाने के लिए घर से प्रस्थान करते समय ही मन्त्र जप प्रारम्भ कर दें और फिर साधना पूरी होने तक निरन्तर जप करते रहें, बीच में किसी से बातचीत न करें। मिट्टी प्राप्त करने के बाद घर आयें और पहले से स्वच्छ शुद्ध की हुई एकान्त पवित्र जगह पर उसे रख दें। यदि मिट्टी ढेलेदार है तो उसे कूटकर छलनी से छानकर चूर्ण जैसी महीन बना लें। इस चूर्ण को शुद्ध थाली में रखें। उसमें केसर के 1-2 रेशे, केवड़े के इत्र की एक बूंद, नागकेसर, सफ़ेद चन्दन का चूर्ण मिलादें फिर उसे गाय के दूध में सानकर आटे की लोई जैसा गोला बनायें। दूध यदि काली गाय का हो तो विशेष उत्तम है, अन्यथा किसी भी गाय का दूध ले सकते हैं।

केसर, चन्दन, इत्र, दूध, नागकेसर—यह सब पहले से लेकर रख लेना चाहिए। बेलपत्र भी आवश्यक हैं। बेलपत्रों की संख्या 108 होनी चाहिए और प्रत्येक बेलपत्र के तीन पत्ते होने आवश्यक हैं। कोई पत्ता कटा-फटा, टूटा, जीर्ण अथवा विकृत न हो। उसे एक-एक परख कर ही रखें। मिल सकें तो धतूरा या मदार के पुष्प भी ले आयें—ये सब पूजा के लिए आवश्यक और प्रभावी उपादान हैं।

उपरोक्त विधि से निर्मित मिट्टी की लोई से शिवजी की प्रतिमा (शिव-लिङ्ग) की रचना करें। उसे लकड़ी के पट्टे पर श्वेत-वस्त्र बिछाकर, उस पर प्रतिष्ठित करें और ठीक शिव-प्रतिमा की भाँति उसे शुद्ध जल (गङ्गाजल हो तो अति उत्तम) से स्नान कराकर चन्दन, पुष्प, अक्षत, धूप, दीप से पूजा करें। इस समस्त पूजन-प्रक्रिया के मध्य 'ॐ नमः शिवाय' का मन्त्र अविच्छिन्न गति से जपते रहें।

पूजा के समय बेलपत्र विशेष सावधानी से अर्पित करें। प्रतिमा पर 1-1 करके बेलपत्र चढ़ायें और हर बार 'ॐ नमः शिवाय' का उच्चारण करें। प्रतिमा और उसका आसन ऐसे ढंग से स्थापित करें कि बेलपत्र या पुष्प सरक कर नीचे न

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गिरें। प्रतिमा का जैसा शृङ्गार आप करें, वह उसी रूप में सज्जित रहे। पूजा के पश्चात् रुद्राक्ष की माला पर उपरोक्त मन्त्र का जप करें। जप-संख्या अपनी सामर्थ्यानुसार ही निश्चित कर लें, परन्त 1, 5, 7, 11 अथवा 21 माला जपें। तदुपरान्त प्रतिमा को प्रणाम करके दैनिक कार्यों में लग जायें।

इन दिन उपवास रखें, काम-क्रोध, ईर्ष्या, द्वेष से मुक्त रहकर परम शान्ति के साथ अपनी दैनिक-चर्या करें। भोजन के लिए दूध-फल आदि का प्रयोग करें। अन्न, नमक, तेल आदि का सेवन वर्जित है। सायंकाल शुद्ध होकर उस प्रतिमा की आरती करें और पुष्प-बेलपत्र आदि उतार कर कहीं सुरक्षित रख दें। अगले दिन से नित्य उस शिव-लिङ्ग की सामान्य पूजा करते रहें, और सोमवार आने पर पुनः प्रथम दिवस की भाँति विधिवत् 108 बेलपत्र द्वारा उसका पूजन करें। सम्भव हो तो प्रतिदिन भी इसी विधि से कर सकते हैं। इस प्रकार सात सोमवारों तक यह पूजा करनी चाहिए। प्रत्येक सोमवार को प्रथम दिन वाले विधि-विधान का पालन करना आवश्यक है। प्रतिमा केवल एक बार (प्रथम सोमवार को) ही बनाई जाती है, शेष पूजन-प्रक्रिया सबमें समान रहती है।

प्रत्येक सोमवार की संध्या को आरती के पश्चात् उतारे गये बेलपत्र और पुष्प एक कपड़े की थैली में संग्रहीत करते रहें। सातवें सोमवार को पूजा के पश्चात् नैवद्य अर्पित करें। नैवेद्य के लिए सिंघाड़े अथवा मेवाओं की खीर बनायी जाती है। सामर्थ्य के अनुसार कोई भी फलाहारी-व्यवस्था कर सकते हैं। सायंकाल पुनः आरती करें और बेलपत्र उतार कर थैली में रख लें। ध्यान रहे कि प्रति सोमवार के बेलपत्रों की पोटली अलग-अलग होनी चाहिए।

अन्तिम सोमवार को सायंकाल आरती के पश्चात् प्रत्येक पोटली से 1-1 बेलपत्र ले लें और उन्हें (सात दिन के सात बेलपत्र) एक पीतल या ताँबे की डिबिया में रख लें। शेष बेलपत्र (सातों पोटलियाँ) बाद में किसी नदी-तालाब या पवित्र स्थान में विसर्जित कर दें। वह प्रतिमा कहीं सुरक्षित रख लें और उसकी दैनिक-पूजा करें। ऐसा सम्भव न हो तो उसे किसी शिवालय में स्थापित कर दें अथवा किसी जलाशय में विसर्जित कर दें।

इस पूरी साधना में सात सप्ताह लगते हैं। सात सोमवारों तक परम आस्था, पवित्रता और नियमपूर्वक यह पूजा कर लेने पर साधक को चमत्कारी ढङ्ग से लाभ की अनुभूति होती है। शेष बचाकर रखे गये सात बेलपत्र इस साधना का

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सार-तत्व होते हैं। उस डिब्बी की प्रतिदिन धूप-दीप से पूजा करनी चाहिए। उसका दर्शन, स्पर्श, पूजन परम लाभदायक होता है। अशोक-तन्त्र की यह साधना घर में भौतिक-समृद्धि ले आती है। दरिद्रता को दूर करके साधक को धन, वैभव, सम्मान, शान्ति और सौख्य प्रदान करने में यह परम समर्थ है। सहज और सरल भी है।

थोड़े में ही सारी वस्तुओं की व्यवस्था की जा सकती है। इसमें न तो कोई मूल्यवान् वस्तु प्रयुक्त होती है और न साधना पद्धति में ही कोई जटिलता है। आस्था और लगन के द्वारा कोई भी साधक इस तन्त्र का लाभ उठा सकता है। शारीरिक रोग, अर्थ-सङ्कट, भय, उपेक्षा और दरिद्रता जैसी दु:खदायी स्थितियों से मुक्त करके साधक को सुखी, सन्तुष्ट और सन्तुलित बनाने में यह अशोक-तन्त्र आश्चर्यजनक प्रभाव दिखाता है। ऋण-मुक्ति और भाग्योदय के लिए यह बहुत ही श्रेष्ठ साधना है।

हरिद्रा-तन्त्र

हरिद्रा का प्रचलित नाम 'हल्दी' है। यह पौधे की जड़ है और मसाले के रूप में लगभग सभी परिवारों में इस्तेमाल होती है। जहाँ इसका प्रयोग खाद्य-पदार्थों को शोभनीय पीला रङ्ग प्रदान करता है, वहीं इसके औषधीय-गुण भी अनेक प्रकार से शरीर का पोषण करते हैं। किन्तु यह बहुत कम लोगों को ज्ञात है कि हल्दी में आध्यात्मिक प्रभाव भी निहित रहता है। यह इसकी दिव्यता का प्रमाण है कि विभिन्न पूजन-प्रयोगों में अक्षत-चन्दन की भाँति इसे भी विशेष महत्त्व दिया जाता है। विष निवारक, श्री-सौख्यवर्द्धक, सौभाग्य और शान्तिदायक हल्दी, वस्तुत: भगवान विष्णु की परम-प्रिय वस्तु है, और इस नाते यह जहाँ भी रहती है— लक्ष्मी का आह्वान करती है।

हल्दी कई तरह की होती है। एक हल्दी खाने के काम में नहीं आती, पर चोट-चपेट और दूसरे औषधीय-गुणों में उसे महत्त्व दिया जाता है। रङ्ग में सभी पीली होती हैं और पवित्रता का तत्त्व सभी में होता है। हमारे दैनिक-प्रयोग में आने वाली हल्दी पीली (बसन्ती) और लाल (नारङ्गी) दो प्रकार की होती हैं। हालाँकि यह वर्ण-भेद सूक्ष्म होता है, सामान्य-दृष्टि में वह पीली ही दीख पड़ती है। इसी में कोई-कोई गाँठ काले रङ्ग की निकल आती है। हालाँकि ऐसा कदाचित् ही कभी होता है, किन्तु यदि किसी से वह काली हल्दी की गाँठ प्राप्त

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

हो जाय, तो समझना चाहिए कि उसे लक्ष्मी-प्राप्ति का एक श्रेष्ठ दैवी-साधन मिल गया है।

यह काली हल्दी (गहरे कत्थई रङ्ग की) देखने में जितनी कुरूप, अनाकर्षक और अनुपयोगी प्रतीत होती है, वस्तुत: वह उतनी ही अधिक मूल्यवान्, दुर्लभ और दिव्य-गुण-युक्त होती है। यदि किसी को ऐसी हल्दी प्राप्त हो जाय, तो उसे घर लाकर दैनिक पूजा के स्थान पर रखदें। यह जहाँ भी रहती है, सहज ही वहाँ श्री-समृद्धि का आगमन होने लगता है। इसे नये पवित्र कपड़े में अक्षत और चाँदी के टुकड़े अथवा किसी सिक्के के साथ रखकर गाँठ बाँध दें और धूप-दीप से पूजा करके गल्ले या बक्से में रख दें, तो आश्चर्यजनक अर्थ-लाभ होने लगता है। व्यापारी-वर्ग इसे गल्ले (पैसों की थैली या तिजोरी) में रखते हैं।

लक्ष्मी-साधना के अन्तर्गत इस हरिद्रा-तन्त्र की विधि यह है कि किसी अष्टमी के दिन से इसकी पूजा आरम्भ करें। सर्वप्रथम प्रात: उठकर नित्यकर्म से निवृत्त हो, ठीक सूर्योदय के समय, पूर्व की ओर मुँह करके आसन पर बैठें, तत्पश्चात् इस हल्दी की गाँठ को धूप-दीप देकर नमस्कार करें। यह क्रिया ठीक सूर्योदय के समय की जाती है, परन्तु स्थान ऐसा हो कि साधक सूर्यनारायण का दर्शन कर सके। उदय होते हुए सूर्यनारायण को नमस्कार करके, सामने आसन पर प्रतिष्ठित हरिद्रा-खण्ड (हल्दी की गाँठ) को नमस्कार करते हुए—माला के सहारे 108 बार इस मन्त्र का जप करना चाहिए— 'ॐ ह्रीं सूर्याय नम:'

उपरोक्त विधि से प्रतिदिन इसकी पूजा की जाय तो बहुत लाभ होता है। अष्टमी के दिन उपवास रखकर, विशेष रूप से पूजा करनी चाहिए। उस दिन व्रत रखने, फलाहार करने, यथाशक्ति कुछ दान-पुण्य करने से इसका विशेष प्रभाव दृष्टिगोचर होता है। हरिद्रा-तन्त्र की साधना में यह तथ्य स्मरण रखना चाहिए कि इसके साधक के लिए—मूली, गाजर और जमींकन्द (सूरन) का प्रयोग वर्जित है। अत: खाद्य रूप में इनका सेवन नहीं करना चाहिए।

स्मरण रहे कि काली हल्दी का प्रयोग केवल इसी रूप में होता है—तान्त्रिक-साधना के रूप में। अन्यत्र जहां कहीं हल्दी के सन्दर्भ में कोई प्रयोग लिखा हो, वहाँ सामान्य पीली-हल्दी ही उपयुक्त होती है। यदि कहीं दारु-हल्दी, आंवा-हल्दी या काली-हल्दी का स्पष्ट निर्देश प्राप्त होता है, तो वहां तदनुसार, अन्यथा सामान्य स्थिति में प्रचलित पीली-हल्दी का ही प्रयोग करना चाहिए। पुखराज रत्न के पूरक के रूप में, विष्णु-प्रतिमा के अलङ्करण में तथा अन्य

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

माङ्गलिक कार्यों में पीली हल्दी का प्रयोग किया जाता है। कहीं-कहीं कच्ची हल्दी (हरी गांठ) भी प्रयुक्त होती है।

वट-लता-तन्त्र

बागों अथवा जंगलों में उगे हुए बरगद-वृक्षों पर प्राय: कुछ अन्य लताएं भी चढ़ी हुई दिखाई पड़ती हैं। ये लताएं बरगद के वृक्ष के आस-पास ही भूमि पर उगती हैं और उसके तने से लिपटकर ऊपर शाखाओं तक पहुंच जाती हैं। ऐसी लता बहुत प्रभावशाली होती है। हालांकि यह जल्दी प्राप्त नहीं होती, तो भी खोज करने से मिल जाती है। बरसात के दिनों में (सावन से क्वार तक) ऐसी लताएं सरलता से प्राप्त हो सकती हैं। किसी पूर्णमासी की रात में बरगद-वृक्ष से लिपटी लता की जड़ खोदकर निकालें। उसका 4-5 अंगुल लम्बा टुकड़ा काटकर ले आयें। उसे धोकर पवित्र स्थान में रखें और उस पर नागकेसर चढ़ाकर धूप-दीप दें। इसके पश्चात् प्रतिदिन देव-प्रतिमा की भाँति उसकी पूजा करते हुए धूप-दीप देते रहें।

यह साधना धन-सम्पदा की वृद्धि करती है। एक वर्ष के भीतर इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से सामने आ जाता है। किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि कोई अपवित्र व्यक्ति उस लता-बड़ को छुए नहीं। आध्यात्मिक-साधना के आस्था और शुचिता अनिवार्य अंग हैं। इनके बिना कोई भी क्रिया सफल नहीं हो पाती। अत: साधक को इस ओर विशेष रूप से सजग रहना चाहिए।

कचनार-तन्त्र

कचनार वृक्ष के पुष्प अपनी सुन्दरता के लिए प्रसिद्ध हैं। ये पुष्प प्राय: दो रंगों में प्राप्त होते हैं—श्वेत और बैगनी। कचनार का पंचांग (पौधे के पांचों अंग) औषधीय प्रयोग के लिए प्रसिद्ध हैं। विभिन्न रोगों के शमन हेतु कचनार की उपयोगिता आयुर्वेद-ग्रन्थों में बड़े विस्तार से वर्णित है। तन्त्र-साधना में भी इसे महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। लक्ष्मी-तन्त्र के अन्तर्गत कचनार की पत्तियों को परम उपयोगी बताया गया है। इस तन्त्र की साधना-विधि इस प्रकार है—

विजया दशमी (दशहरे) के दिन किसी सौभाग्यशाली, सदाचार, कुलीन, श्रेष्ठ धनाढ्य-व्यक्ति से विनयपूर्वक कचनार की 5, 7, 11 पत्तियां तुड़वायें और उसी के हाथों वे पत्तियाँ प्रसाद रूप में ग्रहण करें। स्मरण रहे कि पत्तियाँ तोड़ते समय उस व्यक्ति का मुंह भी पूर्व की ओर हो। इसी प्रकार पत्तियाँ ग्रहण करते समय साधक का मुंह पूर्व की ओर होना चाहिए। कचनार की उन पत्तियों को घर

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

ले आएं और चाँदी या पीतल की डिब्बी में रखकर उनकी प्रतिदिन देव-प्रतिमा की तरह पूजा करें। उस डिब्बी को देव-स्थान में ही रखें।

यदि घर में देव-स्थान नहीं है, तो किसी एकान्त आले-अलमारी में शुद्धतापूर्वक उसे प्रतिष्ठित कर दें और वहीं नित्य उसकी धूप-दीप से पूजा करें। यह कांचनार-तन्त्र द्रव्य-दायक होता है। इसकी साधना के फलस्वरूप घर में धन-धान्य की वृद्धि होने लगती है। लक्ष्मी-प्राप्ति, दरिद्र-निवारण और वैभव-सम्पदा के लिए यह एक अति सरल और सहज-साध्य तन्त्र है।

मुद्रा-तन्त्र

जिस दिन अमावस्या की तिथि शनिवार को पड़ रही हो, उस दिन (शनिवार को) प्रातः सूर्योदय से पूर्व ही स्नान करके घर से उत्तर की ओर स्थित पीपल अथवा बरगद के पेड़ के पास जाकर उसकी प्रार्थना करते हुए, एक बड़ा-सा पत्ता तोड़ लायें। पत्ता भूमि पर नहीं गिरना चाहिए। उसे घर लाकर देव-स्थान में स्नान कराकर आसन पर स्थापित कर दें। फिर नागकेसर को पानी में चन्दन की भांति पीसकर उसके लेप से उस पत्ते पर मन्त्र लिखें। मन्त्र लिखने के लिए लेखनी (कलम) के रूप में दूर्वा-दण्ड (दूब-घास का टुकड़ा) का प्रयोग करना चाहिए। यह समस्त साधना पूर्वाभिमुख होकर ही करें। पत्ते पर लिखा जाने वाला मन्त्र इस प्रकार है—'शान्तिरस्तु, पुष्टिरस्तु, तुष्टिरस्तु' मन्त्र-लेखन के पश्चात् उस पत्ते की चन्दन, कुमकुम, पुष्प, दूप, दीप आदि से पूजा करें।

पूजा के बाद उस पत्ते को अपने इष्टदेवता का स्मरण करते हुए, किसी धर्म-ग्रन्थ—रामायण, गीता, दुर्गा-सप्तशती, भागवत अथवा अन्य किसी पुराण आदि में रख दें। उसके बाद प्रत्येक शनिवार को प्रातः यही साधना, इसी प्रकार करें। लगातार सात सप्ताह तक प्रत्येक शनिवार (कुल सात शनिवारों में) यह पूजा इसी प्रकार करनी चाहिए। अन्तर केवल यही है कि हर अगले शनिवार को पूजा के बाद वह पत्ता ग्रन्थ में उसी जगह रख दिया जाता है, जहां पहले वाला (पिछले शनिवार वाला) पत्ता रखा था। उसे रखने के पूर्व पिछला पत्ता निकाल लेना चाहिए।

पूजा समाप्त होने पर वह पिछली बार वाला पत्ता किसी नदी-तालाब जैसे एकान्त पवित्र स्थान में विसर्जित कर दें। कुल सात शनिवारों तक यह साधना की जाती है। सातवें शनिवार को अन्तिम अर्थात् सातवें पत्ते को ग्रन्थ में न रखकर आसन पर ही रहने दें और उस पर कोई मुद्रा (रुपया, पैसा, अठन्नी, चवन्नी)

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

धोकर रखें तथा उस मुद्रा की भी चन्दन, पुष्प, धूप, दीप से पूजा करें। यह पूजा का अन्तिम चरण होता है। इसी दिन उड़द की दाल के तीन पकौड़े बनवाकर उन्हें नैवेद्य के रूप में उस पत्ते पर आसीन सिक्के को अर्पित करें।

पूजा हो चुकने पर वह सिक्का लेकर किसी कील के सहारे घर के मुख्य द्वार की देहरी पर (देहरी न हो तो किवाड़ पर) जड़ दें। जड़ते समय भी अपने इष्टदेवता का स्मरण करते रहें तथा ये समस्त क्रियाएं पूर्वाभिमुख स्थिति में ही सम्पन्न की जायें। मुद्रा को यथास्थान जड़ देने के पश्चात् पुनः पूजा-स्थल पर आयें और भोग लगाये गये तीनों पकौड़े प्रसाद-स्वरूप ग्रहण करें। इस प्रसाद का कोई अंश किसी को भी न दें, वे तीनों पकौड़े स्वयं साधक के लिए होते हैं।

इसके बाद वह सातवां पत्ता भी पहले की भाँति विसर्जित कर दें। इसके बाद केवल एक ही प्रतिबन्ध रह जाता है—प्रत्येक शनिवार को हनुमानजी के दर्शन करना। मन्दिरों में प्रायः उनकी मूर्ति रहती है। यदि वह सुलभ न हो तो उस बरगद अथवा पीपल के वृक्ष का दर्शन कर लेना चाहिए, जहां से पूजा के लिए पत्ते लाये जाते थे। वहां जाते समय यह धारणा मन में होनी चाहिए कि इस वृक्ष में साक्षात् शनिदेव का वास है और वह अवश्य ही मेरे ऊपर कृपा करेंगे। वह मुद्रा-तन्त्र साधकों को ऋण-मुक्त करके विभिन्न स्रोतों से अर्थ-लाभ कराता है। इसके प्रभाव से दैनिक-आय में वृद्धि हो जाती है और घर में धन-धान्य की समृद्धि स्पष्ट परिलक्षित होने लगती है।

सियार-तन्त्र

सियार एक अति निन्दित वन्य-जन्तु होने पर भी तन्त्र-शास्त्र में उपयोगी माना जाता है। कारण कि उसके सिर पर एक गाँठ होती है, जो अद्‌भुत प्रभाव रखती है। यद्यपि, यह गाँठ सभी सियारों के सिर पर न होकर, किसी-किसी में ही पायी जाती है। प्रचलित भाषा में इसे गीदड़-सिंगी अथवा सियार-सिंगी कहते हैं।

यह बादामी रंग के मुलायम बालों से आवरित होती है और सिर पर एक छोटा-सा जौ या गेहूं के दाने के बराबर काले रंग का सींग उगा होता है। शिकारी और वन्य-जातियों के लोग इसे खोजते रहते हैं। जाति-विशेष को (सियार को) पहचान कर वे उसे मार डालते हैं और सियार-सिंगी प्राप्त कर लेते हैं। यह प्रायः आंवले के बराबर होती है। अधिकांश गोलाकार ही प्राप्त होती है, किन्तु अपवाद-स्वरूप चपटी भी देखी जाती है। आकार में सब एक समान न होकर, छोटी-बड़ी भी होती हैं। यह परम शक्तिशाली और प्रभावकारी वस्तु होती है। तान्त्रिक-विधि

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

से इसका प्रयोग व्यक्ति के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होता है। यह शत्रु-पराभव, सामाजिक-सम्मान, शरीर-रक्षा और श्री-समृद्धि के लिए प्रयुक्त होती है।

यह जब भी कहीं उपलब्ध हो, ले आयें और किसी पवित्र स्थान में रख दें। पुष्यामृत, नवरात्रि, अष्टमी, दीपावली और ग्रहण जैसे किसी शुभ-मुहूर्त में इसकी पूजा करें और धूप-दीप देकर मन्त्र द्वारा इसे सिद्ध कर लें, तो यह अपना चमत्कारी प्रभाव तुरन्त दिखाने लगती है। इसमें चामुण्डा देवी का वास माना जाता है, अत: इसकी पूजा में चामुण्डा देवी (अथवा दुर्गाजी) को इष्ट मानना चाहिए। लाल कपड़े के आसन पर इसे प्रतिष्ठित करके लाल चन्दन, सिन्दूर, धूप-दीप आदि से इसकी पूजा करनी चाहिए। तदुपरान्त घी का दीपक जलाकर इनमें से किसी एक मन्त्र का जप करें—

- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।
- ॐ नमो भगवते रुद्राय ॐ चामुण्डे.......... में वश मानय स्वाहा।

जप संख्या 1, 3, 5, 7 या 11 माला तक, कुछ भी निर्धारित कर लें। जप के उपरान्त उसी मन्त्र को जपते हुए 108 आहुतियाँ देकर हवन करें और एक कुमारी-कन्या को भोजन तथा दक्षिणा दें। इसके पश्चात् चाँदी की डिब्बी में सिंदूर, लौंग, कपूर, अक्षत और तुलसीदल के साथ सियार-सिंगी स्थापित करके सुरक्षित रख लें।

यह डिब्बी जहां रहेगी, वहीं श्री-समृद्धि प्रदान करेगी। इसे धारण करने वाला व्यक्ति दुर्घटना, विवाद, युद्ध अथवा अन्य किसी संकट में पड़ने पर तुरन्त ही आपदा मुक्त हो जाता है। धन-सम्पत्ति चाहने वाले साधक यदि उस डिब्बी में चांदी की अथवा कोई भी एक मुद्रा (सिक्का) रख दें तो विशेष प्रभाव होता है। यहां यह तथ्य भी स्मरणीय है कि उपरोक्त मन्त्रों में प्रथम मन्त्र का उपयोग धन प्राप्ति के लिए किया जाता है और द्वितीय मन्त्र का जप उस स्थिति में करणीय है, जब साधक की कामना किसी को वशीभूत करने की हो। ऐसी स्थिति में मन्त्र पढ़ते समय रिक्त स्थान पर उस व्यक्ति का नाम लेना चाहिए, जिसको प्रभावित करना हो।

कुछ तन्त्र-ग्रन्थों में ऐसा निर्देश प्राप्त होता है कि यह डिब्बी स्त्रियों को नहीं छूनी चाहिए। आकस्मिक आवश्यकता पड़ने पर इसे तुरन्त भी सिद्ध किया जा सकता है। उसकी विधि यह है कि लोबान अथवा गूगल की धूनी देकर उसके

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

धुएं में इसे शुद्ध कर लें, फिर 'ॐ नमो भगवते रुद्राय ॐ चामुण्डे सर्वजन, राज्याधिकारिगणा मे वश मानय स्वाहा।'

मन्त्र जपकर (108 बार) इसे पुन: धूप-दीप से पूजें और सिंदूर की डिब्बी में रखकर धारण कर लें। यह विधि भी बहुत प्रभावशाली होती है। ऐसी मन्त्र-सिद्ध सियार-सिंगी जिसके पास हो, वह जहां भी जाता है, वहां की स्थिति और वातारण उसके अनुकूल हो जाता है। चांदी की डिब्बी सम्भव न होने पर पीतल या तांबे की डिब्बी भी प्रयुक्त हो सकती है, किन्तु अन्य सामग्री—सिंदूर, कपूर आदि यथावत् रहना चाहिए और उसमें चांदी का एक टुकड़ा भी आवश्यक होता है।

इस सन्दर्भ में पाठकों से मेरा व्यक्तिगत निवेदन है कि यदि सम्भव हो तो वे ऐसे तान्त्रिक-प्रयोगों की साधना अवश्य करें। आस्था और शुचितापूर्वक की गई साधना निश्चित रूप से सफल होती है। मैंने इस तन्त्र (जम्बुकी) तथा अन्य 2-3 प्रयोगों का लाभ स्वयं प्राप्त किया है। इनके चमत्कारी प्रभाव को देखकर मन आह्लाद से भर उठता है।

हाथ जोड़ी-तन्त्र

इसमें धन प्राप्त कराने की अद्भुत क्षमता होती है। किसी भी शुभ मुहूर्त में—विशेषतया रवि, मङ्गल या शुक्रवार के दिन इसे तिल्ली के तेल में डुबो दें। 15 दिनों बाद निकाल कर बाहर करलें, फिर किसी अन्य शुभ योग में इसकी लाल चन्दन, सिंदूर, धूप-दीप से पूजा करके लाल कपड़े में सिंदूर, लौंग, कपूर के साथ लपेट कर भुजा या कण्ठ में धारण करलें। चाँदी या पीतल की डिब्बी में भी रख सकते हैं।

इसके प्रभाव से धन-सम्पदा, सुरक्षा और सम्मान की प्राप्ति होती है। इसमें लगभग वही समस्त गुण होते हैं, जो सियार-सिंगी के प्रसङ्ग में वर्णित हो चुके हैं। यह भी श्री चामुण्डा देवी का प्रतिनिधित्व करती है, अत: इसकी पूजा-साधना में उन्हीं का मन्त्र जपना चाहिए।

हाथ जोड़ी की साधना में इन दो मन्त्रों में से किसी एक का जप किया जा सकता है। यदि कोई साधक 12000 मन्त्र जपकर 1008 आहुतियों से हवन करे, तो इसका प्रभाव चिरस्थायी और अदम्य हो जाता है। ऐसी मन्त्र-सिद्ध हाथाजोड़ी धारण करके कहीं जाने पर कार्य की सफलता में कोई संशय नहीं रह जाता। कहीं

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

से भी इसे प्राप्त करके मन्त्रानुष्ठान द्वारा इसके लाभ का अनुभव किया जा सकता है। मन्त्र इस प्रकार हैं—

- ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं चामुण्डायै नमः स्वाहा।
- ॐ किलि किली स्वाहा।

यदि हाथाजोड़ी और सियार-सिंगी को एक ही डिब्बी में रखें, और प्रतिदिन धूप-दीप से उस डिब्बी की पूजा करके 1 माला इस मन्त्र— 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे'—का जप करते रहें, तो भी आश्चर्यजनक लाभ होता है। जम्बुकी-तन्त्र की भाँति इस भुजयुग्म-तन्त्र में भी स्त्रियों का इसका (सियार सिंगी का) स्पर्श वर्जित किया गया है।

शंख-तन्त्र

यों, शंख एक समुद्री-जीव का अस्थिपञ्जर है—साक्षात् हड्डी। किन्तु अपने तान्त्रिक प्रभाव के कारण यह इतना पवित्र और प्रसिद्ध है कि देव-प्रतिमा की भाँति पूजित होता है। पौराणिक-सन्दर्भों में इसे लक्ष्मी का सहोदर माना गया है, अतः स्वयं सिद्ध है कि यह जहाँ रहेगा, लक्ष्मी भी वहाँ पहुँचेगी।शंख कई प्रकार के, विभिन्न आकृतियों के होते हैं। वे सभी प्रायः बायीं ओर को खुलते हैं। एक विशेष जाति के शङ्ख दायीं ओर को खुलने के कारण दक्षिणावर्ती कहे जाते हैं। यह शङ्ख श्री-समृद्धि के लिए चिर-प्रसिद्ध है। यदि कहीं से प्राप्त हो सके तो इसे अवश्य ले आयें और घर में देव-प्रतिमा की भाँति स्थापित करके नित्य उसकी पूजा करें। लक्ष्मी और विष्णु के प्रिय-पात्र इस शङ्ख की पूजा से धन-धान्य की निश्चित रूप से वृद्धि होती है।

दक्षिणावर्ती शङ्ख सहज सुलभ नहीं होता, यह बहुत खोजने पर ही कभी-कहीं दीख पड़ता है। आज के भौतिक-युग में तो ऐसी दुर्लभ आध्यात्मिक-साधना की वस्तुएं भी नकली बनायी जाने लगी हैं। रुद्राक्ष, मोती, शङ्ख, रत्नादि सब नकली बिकने लगे हैं। यही कारण है कि विधिवत् साधना करने पर भी उनका कोई प्रभाव साधक को दिखाई नहीं पड़ता। अस्तु, वास्तविक दक्षिणावर्ती शङ्ख लाकर उसे किसी शुभ-मुहूर्त में(बृहस्पतिवार हो तो अति उत्तम)।

पञ्चामृत अथवा गङ्गाजल (शुद्ध कूप-जल से भी) स्नान कराकर चाँदी के पत्तर पर आसीन करें। रजत-पत्र के अभाव में श्वेत या पीले वस्त्र पर लाल आसन बिछाकर उस पर आसीन कर दें। तत्पश्चात् श्वेत चन्दन (केसर-गोरोचन युक्त),

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

पीले पुष्प, धूप-दीप आदि से उसकी पूजा करें और निम्नलिखित मन्त्र का नियमित रूप से 1 माला जप करें—

'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं श्रीधरकस्थाय पयोनिधि जाताय श्री दक्षिणावर्त्त शङ्खाय ह्रीं श्रीं क्लीं श्रीकाराय पूज्याय नमः।'

लक्ष्मी और विष्णु के प्रिय-पात्र इस शङ्ख की नियमित पूजा करने से धन-सम्पदा में अवश्य ही वृद्धि होती है। मैंने इसे धनाढ्य-जनों, व्यापारियों द्वारा बड़ी आस्था के साथ पूजित होते देखा है। इसे सदैव देव-प्रतिमाओं के पास लाल, पीले अथवा श्वेत आसन पर रखना चाहिए। यथासम्भव चाँदी के आसन पर ही रखें। यह अन्य शङ्खों की भांति औंधा कर (पेट के बल) नहीं, बल्कि पीठ के बल रखा जाता है। अर्थात् इसका पेट ऊपर की ओर खुला हुआ रहना चाहिए। इसमें दूध या जल भरकर लक्ष्मीजी को अर्घ्य देने से वह बहुत प्रसन्न होती हैं। वैसे भी, जब यह शंख रखा हो तो इसमें थोड़ा जल भर देना चाहिए।

एक प्रयोग यह भी है कि उपरोक्त मन्त्र पढ़ते हुए यदि साधक इस शंख में भरा हुआ जल अपने या किसी अन्य के ऊपर छिड़के तो उसका दुःख, दारिद्रय, दुर्भाग्य और भीषणतम-पातक नष्ट हो जाता है।

एकाक्षी नारिकेल-तन्त्र

नारियल अर्थात् गरी का गोला सामान्यतः दो बिन्दुओं से युक्त होता है। इन्हें नारियल की आंखें कहते हैं। किन्तु कभी कभी एक बिन्दु वाला गोला भी मिल जाता है। ऐसा गोला दुर्लभ होता है। इसे एक आँख वाला नारियल (एकाक्षी नारिकेल) कहते हैं। यह भी पवित्र, मंगलमय और धन-सम्पत्ति प्रदायक होता है।

यह जिस घर में रहेगा, लक्ष्मी वहां अवश्य ही निवास करेगी। यदि कभी प्राप्त जाय, तो इसे लाकर देव-प्रतिमा की भाँति घर के किसी पवित्र स्थान में, लाल आसन पर प्रतिष्ठित कर देना चाहिए। इसे साक्षात् लक्ष्मी और विष्णु मानकर दैनिक-पूजा करने से बहुत लाभ होता है। व्यवसायी-वर्ग के लिए तो यह वरदान-स्वरूप होता है। गोले के आकार का महत्व नहीं है, वह चाहे छोटा हो या बड़ा, उसका एकाक्षी होना आवश्यक है।

श्रीफल-तन्त्र

श्रीफल भी वस्तुतः नारियल की जाति का ही एक लघुतम फल है। रूपरेखा में समान होकर भी आकार में यह नारियल की अपेक्षा बहुत छोटा, छोटी-सुपाड़ी

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अथवा छोटे बादाम के बराबर होता है। इसे भी बहुत पवित्र, शुभ और समृद्धिकारी माना गया है। यह सरलता से प्राप्त हो जाता है। इसे लाकर नारिकेल-तन्त्र की तरह पूजा करके कोष, भण्डार, संग्रह अथवा देव-प्रतिमाओं के मध्य रखने से घर में भौतिक-सम्पदा की वृद्धि होने लगती है।

वैसे, इन सभी तान्त्रिक-वस्तुओं के प्रयोग, इनकी साधना पद्धति का विवेचन तन्त्र-ग्रन्थों में बड़े विस्तार से (जटिल और दुष्कर रूप में) प्राप्त होता है। किन्तु आज के युग में वह सहज-साध्य नहीं रह गया। मेरा अपना अनुभव है कि मात्र शुभ-मुहूर्त, आस्था, शुचिता और सहज-श्रद्धा के द्वारा नियमित दर्शन-पूजन करने से भी इन वस्तुओं का कुछ-न-कुछ प्रभाव अवश्य दृष्टिगोचर होता है। श्रीफल की पूजा में यह मन्त्र जपना चाहिए—

'ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः।'

स्मरण रहे कि नारिकेल और श्रीफल की पूजा में इन पर लाल चन्दन ही प्रयोग करना चाहिए। शंख के लिए श्वेत अथवा पीला चन्दन श्रेष्ठ होता है। शेष धूप-दीप और हवन की क्रिया सबमें समान रहती है। मन्त्र-जप के समय (प्रत्येक साधना में) घी का दीपक जलता रहना चाहिए। सरलता की दृष्टि से यहां सभी प्रयोग बहुत संक्षिप्त और सहज-साध्य रूप में दिये गये हैं। वैसे, यदि साधक समर्थ हो तो वह जप-संख्या, आहुति-संख्या और साधना-काल में इच्छित-वृद्धि कर सकता है। इसी प्रकार दान-पुण्य के लिए भी वह पाँच के स्थान पर पचास या सौ ब्राह्मणों को भोजन और दक्षिणा दे सकता है।

शिवलिंगी-तन्त्र

वैसे तो कोई भी शिव-लिङ्ग हो, वह सदा शुभ और पूजनीय होता है, किन्तु नर्मदेश्वर शिव-लिंग विशेष रूप से प्रभावशाली कहे जाते हैं। नर्मदा-नदी की जलधारा में बहते हुए शिला-खण्ड प्राकृतिक रूप में शिव-लिङ्ग का आकार ग्रहण कर लेते हैं। मुख्यतः ओंकारेश्वर-क्षेत्र और धाबड़ी-कुण्ड में ऐसे शिव-लिङ्ग सरलता से उपलब्ध हो जाते हैं। अपने रूपाकार और वर्ण-सौन्दर्य के आधार पर ये बड़े मोहक, प्रभावशाली और तदनुसार मूल्यवान भी होते हैं। आकृति (चिन्ह-प्रतीक) भेद से इनकी अनेक श्रेणियां होती हैं।

जैसे तिलक-लिङ्ग, मुख-लिङ्ग, धारा-लिङ्ग, ज्योति-लिङ्ग, ओंकार-लिङ्ग, अर्द्धनारीश्वर-लिङ्ग और चन्द्रभाल-लिङ्ग आदि। सामान्य रूप से तो कोई भी

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

लिङ्ग हो उत्तम माना जाता है, किन्तु उपरोक्त श्रेणी के शिव-लिङ्ग जो वस्तुतः दुर्लभ हैं, विशेष रूप से पूज्य, प्रभावी और मूल्यवान् होते हैं। इनमें से जो भी मिले, लाकर घर में प्रतिष्ठित करके नियमित पूजा करने से लक्ष्मी की कृपा और धन-धान्य की प्राप्ति होती है।

शिवजी की पूजा के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं करनी पड़ती। वे मात्र थोड़े-से जल का अर्घ्य पाकर भी प्रसन्न हो जाते हैं। वैसे, चन्दन, पुष्प, बेलपत्र, धूप-दीप आदि से शिव-लिङ्ग की पूजा करके यदि नित्य 5-7 माला 'ॐ नमः शिवाय' मन्त्र का जप किया जाय, तो भोलानाथ की कृपा से साधक का दुःख-दारिद्र्य थोड़े ही दिनों में दूर हो जाता है।

श्वेतार्क-तन्त्र

सफेद फूल वाले मदार का पौधा कदाचित् ही कहीं दीख पड़ता है, अन्यथा सभी मदार बैगनी फूल देते हैं। श्वेत मदार का पेड़ बहुत दुर्लभ वनस्पति है। यदि किसी स्थान पर यह मिल जाय, तो शुभ-मुहूर्त में उसकी जड़ खोद लायें। यह जड़ प्रायः गणेश-प्रतिमा के आकार की होती है। जैसी भी हो उसे ले आयें और धोकर लाल वस्त्र के आसन पर रख दें। तत्पश्चात् ठीक गणेश-प्रतिमा की भाँति उसे स्नान कराकर— लाल चन्दन, पुष्प, हल्दी, सिंदूर, अक्षत, धूप-दीप से उसकी पूजा करें और 1 माला गणेशजी का मन्त्र—'ॐ गं गणपतये नमः' जपें। इस प्रकार उस जड़ी (श्वेतार्क-मूल) की नित्य पूजा करने से गणेशजी की कृपा प्राप्त होती है और साधक को विभिन्न स्रोतों से धन लाभ होने लगता है। जिस घर में श्वेतार्क मूल हो और उसकी पूजा होती रहे, वहाँ लक्ष्मी अवश्य ही निवास करती है। विघ्नों का निवारण होकर वहाँ सुख-सौभाग्य का वातावरण अपने-आप आ जाता है।

बाँदाल-तन्त्र

आम, जामुन, महुआ, नीम आदि के पेड़ों पर कभी-कभी दूसरी जाति का पेड़ अपने-आप उग आता है। इसे बाँदा अथवा बाँदाल कहते है। तन्त्र-शास्त्र की दृष्टि से बाँदा में भी बहुत आश्चर्यजनक गुण निहित हैं। प्रत्येक वृक्ष पर उगे हुए बाँदा का प्रभाव भिन्न-भिन्न होता हैं। परोप-जीपी वनस्पति के सर्वश्रेष्ठ, लक्ष्मी-वर्द्धक प्रयोग ये हैं—

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

● भरणी नक्षत्र के दिन कुश (घास विशेष) का बाँदा लाकर उसे देव प्रतिमा की भाँति चन्दन, पुष्प, धूप, दीप आदि से पूजें। तत्पश्चात् 11 माला अग्रलिखित मन्त्र का जप करके 108 बार इसी मन्त्र से आहुति देते हुए हवन करें।

तत्पश्चात् पीले अथवा लाल शुद्ध कपड़े में वह बाँदा, कोई सिक्का और एक गाँठ हल्दी तथा अक्षत रखकर पोटली बनालें। यह पोटली जहाँ भी रहेगी-धन-धान्य की वृद्धि करेगी।

● उपरोक्त विधि से पुष्य नक्षत्र के दिन, इमली के पेड़ पर उगा हुआ बाँदा ले लायें और उसकी विधिवत् पूजा करके, किसी लाल कपड़े में लपेट कर बाहु पर धारण करें अथवा भण्डार में रखें तो श्री-सम्पदा में वृद्धि होती है।

● रोहिणी-नक्षत्र के दिन गूलर के वृक्ष का बाँदा लायें उसकी पूजा करके घर में किसी पवित्र स्थान पर रख दें। यह भी धन-धान्य की वृद्धि करता है।

● स्वाती नक्षत्र में बेर के वृक्ष का बाँदा लाकर पूजनोपरान्त घर में स्थापित करने से भौतिक-कामनाओं की पूर्ति होती है।

● यदि कहीं दूब के पौधे पर उगा हुआ बांदा मिल जाय, तो उसे पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र के दिन लाकर विधिवत् पूजनोपरान्त दुकान में स्थापित करने से व्यापार में सफलता प्राप्त होती है।

● अश्लेषा नक्षत्र में सोमवार के दिन बहेड़ा वृक्ष का बाँदा, विधिवत् पूजकर भण्डार में रखने से धन-धान्य की वृद्धि होती है।

● पलाश-वृक्ष का बाँदा यदि होली के दिन पूजकर भण्डार में रखा जाय तो वह भण्डार कभी रिक्त नहीं होता।

● पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के दिन सेमल-वृक्ष का बाँदा विधिपूर्वक पूजा करके घर में स्थापित करने से धन-सम्पदा की वृद्धि होती है।

● एक दिन पहले से पौधे को निमन्त्रण देकर, ठीक सूर्य-ग्रहण अथवा चन्द्र-ग्रहण के दिन, सूर्योदय से पूर्व ही गूलर बाँदा लाकर उसकी पूजा करें और ठीक ग्रहण-काल में (ग्रहण पड़ते समय) कमलगट्टे की माला से मन्त्र-जप करें। स्मरण रहे कि इस प्रयोग में लक्ष्मी-गायत्री मन्त्र का जप करना चाहिए। जप की संख्या यही है कि पूरे ग्रहण-काल तक जप किया जाय। ग्रहण समाप्त होकर जब पूर्ण

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मोक्ष हो जाय, तब अन्तिम माला पूरी करके 108 बार हवन करना चाहिए। इस साधना से वह बाँदा अद्भुत शक्ति-सम्पन्न हो जाता है। उसे सोने के यन्त्र (ताबीज) में धारण करने से साधक को अदृश्य और गुप्त (गढ़े हुए) धन की प्राप्ति होती है।

सामान्य प्रयोगों में बाँदा को सिद्ध करने का मन्त्र यह है—

'ॐ नमो धनदाय स्वाहा'

ग्रहण-काल में बाँदा को सिद्ध करने के लिए जिस लक्ष्मी-गायत्री मन्त्र का ऊपर संकेत दिया गया है, वह इस प्रकार है—

'ॐ महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्न्यै च धीमहि तन्नो लक्ष्मी प्रचोदयात्'

बाँदा एक बहुत ही शुभ-वनस्पति है। तान्त्रिक-विधि से इसकी साधना का लाभ बहुत थोड़े समय में प्राप्त हो जाता है।

सहदेई तन्त्र

सहदेई एक सुलभ पौधा है। यह भी तान्त्रिक-गुणों से युक्त होता है। किसी रवि-पुष्य योग के दिन इसे लाकर, देव-प्रतिमा की भाँति पूजें और साक्षात् लक्ष्मी का प्रसाद मानकर लाल वस्त्र की पोटली में रखलें। यह पोटली अन्न-भण्डार अथवा तिजोरी, जहाँ भी रखी जायेगी—समृद्धि-कर प्रभाव डालेगी।

यद्यपि इन सभी वानस्पतिक-तन्त्रों में पदार्थ-शोधन के भिन्न मन्त्र हैं, किन्तु यदि साधक उस वनस्पति को प्राप्त करने के समय से लेकर पूजा तथा अभीष्ट प्रयोग तक निरन्तर अपने इष्ट-देवता का अथवा लक्ष्मीजी का मन्त्र पूर्ण आस्था के साथ अविराम गति से जपता रहे, तो भी यह वनस्पति पूर्णतया शक्ति-सम्पन्न हो जाती है।

निर्गुण्डी-तन्त्र

पुष्य-नक्षत्र के दिन निर्गुण्डी-पौधे की जड़ लाकर, पूजनोपरान्त उसे भण्डार में रखने से धन-धान्य की वृद्धि होती है।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

लक्ष्मणा-तन्त्र

रवि-पुष्य, दीपावली, ग्रहण अथवा अन्य किसी शुभ-मुहूर्त में लक्ष्मणा-पौधे की जड़ ले आयें। उसे विधिवत् स्नान कराकर धूप-दीप से पूजें। तदुपरान्त मन्त्र-जप के द्वारा इसे प्रभावित करके देव-प्रतिमाओं के पास स्थापित करदें। आवश्यकतानुसार इसको विभिन्न कार्यों में प्रयुक्त किया जा सकता है। यह वशीकरण, सन्तान-प्राप्ति, विजय, सम्मान, भौतिक-बाधा निवारण आदि के लिए बहुत उपयोगी जड़ी मानी गई है। आर्थिक-समृद्धि के लिए यदि किसी राज-कर्मचारी की कृपा वाञ्छित हो तो इसे सिंदूर के साथ घिसकर, माथे पर तिलक की भाँति धारण करना चाहिए। ऐसा तिलकधारी व्यक्ति जिस राज-कर्मचारी के पास जायेगा, उसकी कृपा अवश्य प्राप्त करेगा।

बहेड़ा-तन्त्र

आयुर्वेद में वर्णित 'त्रिफला' का एक अङ्ग 'बहेड़ा' सुलभ फल है। इसका पेड़ बहुत बड़ा— महुआ के पेड़ जैसा होता है। रवि-पुष्य के दिन इसकी जड़ और पत्ते लाकर अन्य उपरोक्त वनस्पतियों की भाँति उसकी पूजा करें, तत्पश्चात् उसे लाल वस्त्र में बाँधकर भण्डार, तिजोरी या बक्से में रख दें। यह प्रयोग भी बहुत समृद्धिकारी माना गया है।

शंख पुष्पी-तन्त्र

पुष्य-नक्षत्र के दिन शंख पुष्पी की जड़ घर लाकर, इसे देव-प्रतिमा की भाँति पूजें और तदनन्तर चाँदी की डिब्बी में प्रतिष्ठित करके, उस डिब्बी को धन अथवा अन्न-भण्डार के स्थान पर अथवा बक्से-तिजोरी में रख दें। यह प्रयोग लक्ष्मीजी की कृपा प्राप्त कराने में अत्यन्त समर्थ प्रमाणित होता है।

स्मरण रहे कि चाहे जैसी साधना हो, साधक को उसके प्रति अटूट निष्ठा, अभङ्ग विश्वास, पूर्ण संयम, शुचिता, धैर्य और विनम्र भाव रखना चाहिए। ऐसे किसी भी प्रयोग में सम्बन्धित-देवता का स्मरण-चिन्तन बहुत लाभदायक रहता है। आवश्यकतानुसार किसी योग्य पण्डित, पुरोहित, विद्वान, साधक अथवा साधु-सन्त से परामर्श ले लेना चाहिए।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

तान्त्रिक-प्रयोगों में वस्तु की शुद्धता बहुत आवश्यक रहती है। उसमें तनिक भी दोष होने पर साधना खण्डित हो जाती है। लगभग यही स्थिति यन्त्र-साधना की भी है। यन्त्र का रेखाङ्कन और पदार्थ-प्रयोग, शास्त्रीय विधि-विधान के अनुसार न होने से साधना का सुफल प्राप्त नहीं होता। मन्त्र-साधना में भी मन्त्रोच्चार की शुद्धता परम आवश्यक है। जिन साधकों को ऐसे अवसरों पर कठिनाई हो, उन्हें चाहिए कि और सब छोड़कर सम्बन्धित-देवता का स्मरण, चिन्तन और नाम-जप पूर्ण निष्ठा के साथ करें। नियम-प्रतिबन्ध से मुक्त यह आस्थाधारित-साधना आश्चर्यजनक प्रभाव दिखाती है।

जो लोग अशिक्षित हैं, असमर्थ हैं, किसी प्रकार की तन्त्र-मन्त्र जैसी साधना नहीं कर सकते, उनके लिए सर्वसुलभ और निश्चित-रूपेण प्रभावी-साधना यही है कि वे परम निष्ठा के साथ अपने इष्ट-देवता अथवा किसी भी देवी-देवता की शरण ले लें। थोड़े ही समय पश्चात् वे अनुभव करेंगे कि कोई अदृश्य-शक्ति, चमत्कारी रूप में उन्हें प्रेरणा, बल, धैर्य, धन आदि की प्राप्ति करा रही है।

लगभग सभी सम्प्रदायों में, सभी धर्मों में— थोड़े हेर-फेर से यह तथ्य सर्व-स्वीकृत हैं—

न काष्ठे विद्यते देवो, न पाषाणे न मृण्मये।
भावे हि विद्यते देव, तस्माद् भावो हि कारणम्॥

सारांश रूप में यही कहना पर्याप्त होगा कि मानव-जीवन में सुख, शान्ति, समृद्धि के लिए जहाँ व्यक्ति का परिश्रम अनिवार्य है, वहीं उसका प्रारब्ध भी प्रमुख कारक है और आध्यात्मिक-साधना के द्वारा वह अपने परिश्रम तथा प्रारब्ध दोनों को अनुकूलता में परिवर्तित कर सकता है।

आजीविका का मन्त्र (1)

'शाबर-मन्त्र' केवल हिन्दू-संस्कृति में ही नहीं, अन्य धर्म-संस्कृतियों में भी उपलब्ध हैं। वहां उन्हें 'शाबर-मन्त्र' न कहकर, अपने धर्म-ग्रन्थों के अनुसार नाम दिये गये हैं। यहाँ कुछ मुस्लिम-सम्प्रदायों के मन्त्र दिये जा रहे हैं। ये भी अपने ढङ्ग के शाबर-मन्त्र हैं। और, इस सचाई को स्वीकार कर लेने में कोई हिचक नहीं होनी चाहिए कि मुस्लिम-मन्त्रों में उच्चारण भले ही जटिल हों, मन्त्र लम्बे हों, परन्तु कर्मकाण्ड का विधान बहुत जटिल नहीं है। कई एक मन्त्र तो राह चलते ज़पे जायें, तो भी अपना प्रभाव दिखाकर चमत्कृत कर देते हैं।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

आज रोजी-रोटी की समस्या बहुत जटिल होती जा रही है। गरीबी, महंगाई, अभाव और रोजी-रोजगार का न होना, यह सब सामान्य व्यक्ति को बहुत पीड़ित कर रहे हैं। बेकारी, नौकरी, व्यापार आदि के लिए यहां एक मन्त्र लिखा जा रहा है। यह मुस्लिम-सम्प्रदाय का 'शाबर-मन्त्र' है। इसे सिद्ध कर लेने पर व्यक्ति को कहीं-न-कहीं रोजी-रोटी का जुगाड़ अवश्य हो जाता है।

मन्त्र—'या गफूरो'

प्रयोग विधि—दिनभर पवित्रता से रहें। रात के पहले पहर में नहाकर, साफ कपड़े पहिन कर, एकान्त शुद्ध स्थान में बैठें और धूपबत्ती में लोबान मिलाकर सुलगा लें। फिर आसन पर बैठकर ईश्वर का ध्यान करते हुए उपर्युक्त मन्त्र एक बार पढ़ें। उसके बाद 21 बार नीचे लिखा मन्त्र पढ़े—

मन्त्र—"अल्लहुमसल्ल अलामुहम्मदिन अला अल मुहम्मदिन वबारिक वसल्लिम।"

इस मन्त्र का 21 बार जप पूरा हो जाने पर प्रथम मन्त्र 'या गफूरो' का जप 1000 बार करें, फिर 21 बार दूसरा मन्त्र पढ़ें। यही क्रिया नित्य रात में 21 दिनों तक करते रहें—1 बार प्रथम मन्त्र, फिर 21 बार दूसरा मन्त्र, फिर 1000 बार प्रथम मन्त्र, फिर 21 बार दूसरा मन्त्र। यह एक दिन की साधना है। ऐसा 21 दिनों तक करें। रोजी के प्रयास में सफलता मिलेगी।

आजीविका का मन्त्र (2)

इसी विषय का एक मन्त्र और लिखा जा रहा है—

मन्त्र—"या इशरा फील बहक्क या अल्लाहो।"

प्रयोग विधि—उड़द का साफ आटा 25 तोले (5 छटांक) लायें, उसे भिगो दें, फिर गूंदकर एक रोटी बनायें। उसे बीच से मोड़कर (दो तह में करके) सफेद कपड़े में बांध लें। फिर उसमें से नोंच-नोंच कर थोड़ा-थोड़ा आटा निकालें और झारबेरी के बराबर गोलियां बना लें। गोलियों की संख्या 101 होनी चाहिए। गोलियों को किसी नदी के पानी में (बहते पानी में) प्रवाहित कर दें। ध्यान रहे कि आटा गूंदने से लेकर, गोली प्रवाहित करने तक-सारी क्रिया में मन्त्र-जप होता रहना चाहिए।

साथ ही, यह भी उल्लेखनीय है कि प्रत्येक गोली को 101 बार मन्त्र पढ़कर ही जल में प्रवाहित करें। इस क्रिया में कुछ अधिक समय लगता है, परन्तु प्रभाव

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

भी अवश्य होता है। 40 दिनों तक यह साधना की जाये तो साधक के लिए कहीं-न-कहीं आजीविका (रोजी-रोटी) की व्यवस्था हो जाती है।

आजीविका मन्त्र (3)

यह मन्त्र साधना की दृष्टि से अपेक्षाकृत सरल है और यदि कोई व्यक्ति पूर्ण संयम, पूर्ण आस्था के साथ इसका जप करे, तो अवश्य ही लाभ उठा सकता है:—

मन्त्र— **"काली कङ्काली महाकाली**
मरे सुन्दर जिये काली
चार वीर भैरूं चौरासी
तब तो पूजूं पान मिठाई
सब बोलो काली की दुहाई।"

प्रयोग विधि—रोज सवेरे नित्य-कर्म से निवृत्त हो स्नान करें, फिर साफ-शुद्ध वस्त्र पहिनकर आसन पर बैठें। मुंह पूर्व दिशा की ओर रहे और इस मन्त्र को अपने इष्टदेव का स्मरण करते हुए 49 बार पढ़ें। यह क्रिया प्रतिदिन करते रहें। इसका जप हमेशा 7 गुणक में करना चाहिए—7×7=49 बार। इसी प्रकार जप के दिनों की संख्या भी—7, 14, 21, 28, 35 या 49 दिन की होनी चाहिए। यह मन्त्र भी अद्भुत प्रभावशाली माना गया है।

दूसरे के द्वारा किये गये अभिचार-प्रयोग के निवारण का मन्त्र

यदि किसी ने किसी प्रकार का अभिचार-प्रयोग कर दिया हो—किसी तन्त्र-मन्त्र के प्रयोग द्वारा कष्ट दे रहा हो, तो उससे मुक्ति पाने के लिए नीचे लिखा मन्त्र सहायक होता है:—

मन्त्र— **"उलट वेद पलटन्त काया**
उतर आव बच्चा गुरु ने बुलाया
वेग सत्त नाम, आदेस गुरु का।"

प्रयोग विधि—अगर यह पता लग जाय कि किस चौराहे या रास्ते पर किये गये प्रयोग के प्रभाव से कोई व्यक्ति पीड़ित है, तो उसी पर, अथवा आस-पास के किसी प्रमुख चौराहे पर, रात्रि के समय शराब की बोतल साथ लेकर जायें। उपर्युक्त मन्त्र पढ़ते हुए, वहां शराब की धारा छोड़ें, शराब छिड़कें, फिर लौट आयें।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

बाद में, जब कभी किसी व्यक्ति पर से अभिचार का दुष्प्रभाव उतारना हो, तो पुनः उसी चौराहे पर जायें और वहां से मिट्टी के सात छोटे टुकड़े (कङ्कड़ी) उठा लें। 21 बार मन्त्र पढ़ते हुए, उन कंकड़ियों पर फूंक मारें, फिर एक-एक कंकड़ी मन्त्र पढ़ते हुए, एक-एक दिशा में फेंक दें। बाकी तीन कंकड़ी अपने साथ लेते आयें। इसके बाद रोगी को सामने बुलायें और सात बार मन्त्र पढ़कर एक कंकड़ी उसके शरीर पर मारें। इस प्रकार तीनों कंकड़ियों को 7-7 बार मन्त्र-सिद्ध करके, उस पर चलावें।

इस क्रिया से रोगी हर तरह के अभिचार-प्रभाव से मुक्त हो जाएगा। जादू-टोना, तन्त्र-मंन्त्र, वीर सब इस प्रयोग से शान्त हो जाते हैं। जमीन पर यही मन्त्र सात बार पढ़कर हाथ से एक रेखा (गोल घेरा) खींच लें। वह स्थान समस्त प्रकार के भयजनित दुष्प्रभावों से मुक्त रहेगा। प्रवास, यात्रा, अपरिचित-स्थान में अथवा कहीं भी, यदि रात में सोना पड़े तो उक्त मन्त्र को 7 बार पढ़कर, वहां भूमि पर रेखा करं लें। सुरक्षा के लिए वह रेखा 'लक्ष्मण-रेखा' जैसी शक्तिशाली हो जायेगी।

देह सुरक्षा का मन्त्र

यदि प्रवास की स्थिति में, घर से बाहर सोना पड़े या अन्य किसी कारण से अपरिचित-स्थान में रात्रि बिताने की कोई विवशता हो, तो नीचे लिखा मन्त्र पहले सिद्ध कर लें, फिर रात्रि में सोते समय (कहीं भी रहें) जमीन पर एक घेरा अपने चारों ओर खींच लें। इसके प्रयोग से वह स्थान निर्दोष हो जायेगा और वहां सोने पर, रात में किसी आपदा (जीव-जन्तु, सांप-बिच्छु, आग-पानी) की आशंका नहीं रहेगी।

मन्त्र— **''छोटी मोटी पमन्त, बार को बार बाँधे**
पार को पार बाँधे, मरा घमा हाँण बाँधे
जादू वीर बाँधे टोना टम्बर बाँधे
दीठ मूँठ बाँधे चौकी द्वार बाँधे,
भेड़िया और बाघ बाँधे
बीछू और साँप बाँधे
लाइल्लाह का कोट इल्लिलाह की खाई

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

मुहम्मद रसूलिल्लाह की चौकी
हजरत अली की दुहाई।''

प्रयोग विधि—पहिले इस मन्त्र को किसी शुक्रवार के दिन नहा-धोकर, लोबान की धूनी देकर, एकान्त शुद्ध स्थान में बैठकर, 108 बार पढ़ लें। यह समय रात्रि का होना चाहिए। बाद में, जब भी कहीं रात में सोना पड़े, वहां बैठकर मन्त्र पढ़ते हुए, अपने दोनों घुटनों को ठोकें, फिर जमीन पर एक गोल घेरा बना दें। उसमें सोने से पूरी सुरक्षा रहेगी।

स्थान रक्षा का मन्त्र

कोई-कोई साधना ऐसी होती है, जिसमें घोर निर्जन वन, एकान्त नदी-तट, श्मशान, पर्वतीय-गुफा, किसी बाग, खेत, खलिहान अथवा तालाब आदि में रात के समय जप करने का निर्देश होता है। रात्रि के समय अन्धेरे में ऐसे निर्जन-स्थान स्वत: भयानक प्रतीत होते हैं। फिर यदि वहाँ कोई वायव्य-आत्मा, भूत-प्रेत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी आदि पहुँच जाएं, तो साधक के लिए वहाँ बैठना असम्भव हो जाता है। रोमाञ्चकारी दृश्य, अस्वाभाविक कोलाहल, वायु वेग, कम्पन, बिजली की कौंध, मेघ-गर्जना, आंधी, चक्रवात आदि प्राकृतिक-उपद्रव वहां के वातावरण को और भी भयद बना देते हैं। ऐसी स्थिति में वहाँ साधक शान्त, स्थिर-चित्त होकर बैठ नहीं पाता, फलस्वरूप उसे अपने प्रयास में (साधना में) सफलता नहीं मिलती।

❑❑

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

यंत्र प्रयोग

सर्वकार्य सिद्धि का यंत्र

आक के पत्ते पर पन्द्रह दिन तक पन्द्रह यन्त्र लिख पत्ते के नीचे शत्रु का नाम लिख दो और अग्नि में जला दो तो बैरी का नाश होय। जो कार्य की सिद्धि के लिए लिखे तो उत्तर दिशा में बैठकर अनार की कलम से लिखे। बैरी के ऊपर लिखे तो दक्षिण दिशा में मुख करके लोहे की कलम से लिखे और लिख-लिखकर एक सौ एक बार मिटावै तो शत्रु मरे और संकल्प बैरी के नाम का करे।

इस यन्त्र को यदि शुभ कार्य के लिये लिखे तो संकल्प पहिले कर लेवे। इस यन्त्र को शुभ कार्य के लिए शुक्लपक्ष और उत्तम दिन से लिखना आरम्भ करे और जो अशुभ कार्य के लिए करे तो कृष्णपक्ष में किसी निकृष्ट वार से प्रारम्भ करें इस यंत्र को ब्रह्मचर्य से लिखे। केवल मूंग, चावल का प्रयोग करें तथा यन्त्र को लिखकर नदी में बहावे। जो यन्त्र निकलकर बाहर आ पड़े उसको अपने पास रखे तो सम्पूर्ण कार्य की सिद्धि होवे।

कार्य संकल्प

लक्ष्मी प्रसन्नता को २०००, लिखे, रोगी अच्छे करने को ६०००, वशीकरण ३०००, परमेश्वर को प्रसन्न करने को ४०००, देवता प्रसन्न करने को ५०००, रोजगार लगने को ४०००, विदेशी को घर बुलाने के लिए २०००, बांझ स्त्री को बेटा करने के लिए ५०००, मन इच्छित कार्य करने को १५०००, खेती अच्छी उपजाने को २०००, मित्र मिलाप को २०००, मन्त्र की सिद्धि को २०००, प्रेत दूर करने को २०००, गई वस्तु प्राप्त करने को ५०००, शत्रु वश करने को २०००, बन्दमोक्षियों को ६०००, विष नाश करने को २५०००, सरस्वती प्रसन्न करने को १०००, मनुष्य से शत्रुता दूर करने को २०००, औषधि की सिद्धि को १०००, तिजारी दूर करने को ६०००, दुःख दूर करके सुख उपजाने को २०००, राजसभा को मोहने के लिए २०००, राजा के प्रसन्न करने को ४०००, अनहोनी बात करने को एक लाख यन्त्र लिखे। इन यन्त्रों को गेहूं के चून (आटे) में गोली बांधकर मच्छियों के लिए नदी में डाल सम्पूर्ण कार्यों की सिद्धि होय।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

अब हम वह विधि लिखते हैं कि, जो पार्वती ने शिवजी से पूछी थी और उत्तर में शिवजी ने कहा कि हे शिवे! सम्पूर्ण यन्त्र कीले हुये हैं परन्तु यह पंचदशी यन्त्र कलियुग में प्रसिद्ध फलदायक है। इस यन्त्र का उद्धार यह है **"ॐ हरिः श्री हरिस्तथा।"**

पन्द्रह के यन्त्र की दूसरी विधि

बड़ की कलम से कृष्ण पक्ष की चौदस से इस यंत्र को लिखना प्रारम्भ करे तो धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष मिले। अनार की कलम से एक सहस्र पृथ्वी पर लिखे तो बंधन से छूटे और स्वामी से मित्रता होय।

पीपल की कलम से लिखे तो दरिद्रता का नाश होय गोमूत्र, मनसिल, कपूर, तगर, गोरोचन इनकी स्याही बनाकर पीपल की जड़ की कलम से भोजपत्र पर इस यंत्र को एक सहस्र लिखे तो मनोवांछित कार्य सिद्ध होय। बेलपत्र का रस, हरिताल, मनसिल इनको घोलकर बेल की कलम से दो सहस्र मंत्र एकांत और शुभ स्थान में बैठकर पृथ्वी में लिखे तो मनोवांछित कार्य सिद्ध होय। आक के पत्तों के रस से आक के पत्ते पर १०८ यंत्र लिखे।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सिद्ध यन्त्र 15 का

उत्तम ब्राह्मण

८	१	६
३	५	७
४	९	२

मध्यम ब्राह्मण

६	१	८
७	५	३
२	९	४

उत्तम क्षत्री

४	३	८
९	५	१
२	७	६

मध्यम क्षत्री

२	७	६
९	५	१
४	३	८

उत्तम वैश्य

२	९	४
७	५	३
६	१	८

मध्यम वैश्य

४	९	२
३	५	७
८	१	६

मध्यम शूद्र

८	३	४
१	५	९
६	७	२

उत्तम शूद्र

६	७	२
१	५	९
८	३	४

ये लक्ष्मीवर्धक पन्द्रह का यन्त्र है। इसको सिद्ध कर लेने से ऋण एवं दरिद्रता का अवश्य ही नाश होकर लक्ष्मी वृद्धि हो, धन-धान्य एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती हो।

यह यन्त्र खाकी, वादी आबी, आतिशी चार प्रकार का होता है, यह राशि के अनुरूप प्रयोग किया जाता है।

खाकी

८	१	६
३	५	७
४	९	२
वृष	कर्क	तुला

वादी

६	७	२
१	५	९
८	३	४
मिथुन	मीन	कुंभ

आबी

२	७	६
९	५	१
४	३	८
कन्या	मकर	वृ.

आतिशी

४	९	२
३	५	७
८	१	६
मेष	सिंह	धन

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

इन्हें भोजपत्र पर लिखकर कीकर के वृक्ष में बांध देवे तो इन्द्र के समान भी जो प्रबल शत्रु होवे तो भी उसको ज्वर और देहशूल उत्पन्न होगा। हल्दी को जल में घिसकर १०८ यन्त्र पत्थर पर लिखकर दुश्मन की चोखट में गाड़ देवे तो भाई बेटे आदि नातेदारों से कलह होवे। ओंगे के रस से भोजपत्र पर लिखकर गले में बांधे तो तिजारी चौथिया सब प्रकार के ज्वर जाते रहते हैं। भांगरे के रस से इस यंत्र को भोजपत्र पर लिखकर बाहु और हृदय में धारण करे तो शास्त्रार्थ में जीते।

पन्द्रह के यन्त्र का मंत्र

ॐ ह्रीं क्लीं पारस्वपक्ष्या नवनागकुलसेवनाय स्वाह॥

प्रयोग विधि—पन्द्रह के यन्त्र की गोली आटे में बनाकर सवा लाख मछलियों को डाले और इस मन्त्र को पढ़ता रहे। सन्तान के अर्थ इस यंत्र को शताबर के पत्तों पर लिखे, भाग्यवृद्धि के लिये बड़ के पत्तों पर, देश अर्थ के लिये कमल पत्र पर, काम अर्थ के लिये कांसी के पत्र पर भोजन के लिये केले के पत्ते पर इस यंत्र को लिखे।

यन्त्र लिखने की लेखनी

सर्व कार्य की सिद्धि के लिए चमेली की कलम, आकर्षण के लिये जामुन की कलम, स्तम्भन के लिये बड़ की कलम, वशीकरण के लिये कुश की कलम से लिखे तथा शुभ काम के लिये सोने रूपे की कलम से केशर, चन्दन, अगर, कपूर और कस्तूरी से लिखे।

रविवार की प्रयोग विधि

रवौ वारेऽर्कदुग्धेन श्मशाने भस्मना लिखेत्।
यस्य वर्णस्य नामानि चितामध्ये विनिक्षिपेत्॥
विक्षिप्तो जायतो मर्त्यो ह्यष्टोत्तरशतं जपेत्।

अर्थात् रविवार के दिन आक के दूध में मरघट की भस्म मिलाकर इस यन्त्र को लिखे और नीचे वैरी का नाम लिखकर चिता की अग्नि में डाल देवे और उस पूर्वोक्त मंत्र को १०८ बार जपे तो वह मनुष्य विक्षिप्त हो जायेगा।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

सोमवार की प्रयोग विधि

चन्द्रवारे गृहीत्वा तु श्वेतदूर्वी च केशरम्।
श्वेतगुंजासमायुक्तं कपिलापयमध्यतः॥
पंचदशीं विलोमं तु संध्याकाले विशेषतः।
यंत्रेण लिस्यते सम्यग्बाह्वोः कंठे च धारयेत्॥
राजानं वशमाप्नौति अन्यलोकेषु का कथा॥

अर्थात् सोमवार के दिन सफेद दूब, केशर, सफेद चिरमिट और कपिला गाय का दूध इन सबको लेकर संध्या समय इस पन्द्रह के यन्त्र को विलोम रीति से लिखे और लिखकर भुजा और कंठ में बांध देवे तो राजा भी वशीभूत हो जाता है और मनुष्यों का तो कहना ही क्या है।

मंगलवार की प्रयोग विधि

भौमवारे गृहीत्वा तु काकरक्तं च पक्षकम्।
यंत्रेण यस्य नामानि मृतवस्त्रे समालिखेत्॥
तस्य द्वारे खनेद्भूमौ भवेदुक्चाटनं ध्रुवम्॥

अर्थात् मंगलवार के दिन कौवे के पंख की कलम से उसी के रुधिर से मुर्दे के वस्त्र पर नाम लिखकर दरवाजे की भूमि में गाड़ देवे तो निश्चय उस मनुष्य का उच्चाटन होगा।

बुधवार की प्रयोग विधि

बुधवारे गृहीत्वा तु नागकेशर रोचनम्।
यंत्रं लिखित्वा तेनैव तस्य वर्ति समाचरेत्॥
सर्पपतैलेन प्रज्वाल्य मंत्रमष्टोत्तरं जपेत्।
नृकपाले कज्जलं कृत्वाञ्जयेन्मोहयेज्जगत्॥

अर्थात् बुधवार के दिन नागकेशर और गोरोचन से यन्त्र लिखकर बत्ती बना लेवे और सरसों के तेल में उसे जलाकर मनुष्य की खोपड़ी पर काजल पारे और पूर्वोक्त मंत्र को एक सौ आठ बार जपकर काजल लगावे तो वशीकरण हो जायेगा।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

गुरुवार की प्रयोग विधि

गुरुवार हरिद्रादि रोचनं घृतमिश्रितम्।
यंत्रराजं समालिख्य यस्य नाम समध्यकम्॥
आसने निखनेच्चैव सर्वस्याकर्षणं भवेत्।

अर्थात् गुरुवार के दिन हल्दी, गोरोचन, घी ये मिलाकर मंत्र लिखे, बीच में नाम लिख देवे और आसन के नीचे दबा ले तो सबका आकर्षण होगा।

शुक्रवार की प्रयोग विधि

भृगुवारे सकर्पूरं वचाकुष्ठमधूनि च।
यंत्रराजं तु संलिख्य भूर्जपत्रे सुशोभनम्॥
दृष्ट्वा तं स्त्रिय आयांति प्राणैरपि धनैरपि॥

अर्थात् शुक्रवार के दिन कपूर, वच, कूठ और मधु मिलाकर इस यंत्र राज को लिखे तो इसे देखकर धन और प्राण दोनों लेकर स्त्री चली आती है।

शनिवार की प्रयोग विधि

शनिवारे चिताकाष्ठं पञ्चदशी विलोमकम्।
लिखेद्येषां च नामानि श्मशान निखनेदपि॥
कुक्कुटस्यातिरक्तेन म्रियते नात्र संशयः।

अर्थात् शनिवार को चिता के काठ की कलम से मुर्गे के रुधिर से उलटा यंत्र लिखकर मरघट में गाड़ें, उस पर जिसका नाम लिखा हो वह अवश्य मर जायेगा।

यंत्र लिखने की विधि

चन्द्रो नेत्रे तथा वह्निर्वेदबाणरसास्तथा।
मुनिनागग्रहाश्चैव पञ्चदशी प्रकीर्तिता॥

अर्थात् एक, दो, तीन, चार, पांच, छः, सात, आठ और नौ ये अंक पन्द्रह के यंत्र बनाने में काम आते हैं।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शान्तिक पौष्टिक यन्त्र

उ उ उ उ उ उ उ उ

उ	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	उ
ह्रीं	अ	आं	इं	ईं	उं	ऋ	ऋ	ह्रीं
ह्रीं	जं	झं	ञं	टं	ठं	ऊं	ॠं	ह्रीं
ह्रीं	छं	भं	मं	यं	रं	डं	लृं	ह्रीं
ह्रीं	चं	बं	सं	हं	लं	ढं	लॄं	ह्रीं
ह्रीं	ङ	फं	षं	शं	वं	णं	ए	ह्रीं
ह्रीं	घं	पं	नं	धं	दं	तं	ऐं	ह्रीं
ह्रीं	गं	खं	कं	अः	अं	थं	ओं	ह्रीं
उ	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	क्रौं	उ

उ उ उ उ उ उ उ उ

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उचित सुन्दर तिथि और शुभ दिन में इस यन्त्र को गोरोचन, केशर, कपूर और कस्तूरी से चमेली की लकड़ी की कील से कांसी की थाली पर लिखे, फिर अत्यन्त भक्ति पूर्वक कमल के फूल, मालती, केतकी, मलिका, बकुल इनके पुष्पों से पूजन करे, ऋतु के फल चढ़ावे, कपूर, तांबूल, धूप, दीप और सफेद वस्त्र से पूजन करे परन्तु सुगन्ध रहित और लाल रंग की कोई वस्तु न चढ़ावे। इसी तरह नैवेद्यादिक से तीन दिन तक पूजन करता रहे, दुर्गापाठ करता रहे, घी और खीर का ब्राह्मणों को यथेष्ट भोजन तीन दिन तक करावे और स्वयं तीन दिन तक पृथ्वी पर सोवे फिर चौथे दिन इस, यन्त्र को निकालकर पत्र में मढ़वाकर भुजा में धारण करे। इस यन्त्र के धारण करने से ऊपरी बाधा दूर हो जाती है तथा विशेष करके अलक्ष्मी, कलह और मन्दभाग्यता ये सब जाते रहते हैं तथा अन्य जो बाधा पहुंचाना चाहते हैं उनका सब कर्त्तव्य व्यर्थ हो जाता है। इस यन्त्र का नाम शांति पौष्टिक है। यह देवताओं को भी दुर्लभ है।

शत्रुनाशक यन्त्र

इस यन्त्र को कौवे के पंख से भोजपत्र पर विष और हरताल से लिखे फिर इस यन्त्र को श्मशान में गाड़ दे। अकस्मात् शत्रु की मृत्यु हो जायेगी।

ॐ
ह्लीं देवदत्त
ॐ

सास-ससुर वशीकरण यन्त्र

ॐ ह्लीं १ ११
ह्लीं
१९
क्री स्वा

इस यन्त्र को गेहूं की रोटी पर लिख काली कुतिया को खिलावे तो सास वश में होय और कुत्ते को खिलावे तो स्वसुर वश में हो जायेगा।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

उच्चाटन यन्त्र

इस यन्त्र को काले कुत्ते के रुधिर से भोजपत्र पर लिखे और विधिवत् पूजन करके कुत्ते के गले में बांध देवे। ज्यों-ज्यों वह कुत्ता दौड़ेगा, त्यों-त्यों वह मनुष्य भी भाग जायेगा।

हक्षीं हक्षीं हक्षीं हक्षीं

साध्य नाम

व्याधि से रक्षा का यन्त्र

यदि वन के बीच से कोई सिंह, व्याघ्र, रीछ, भेड़िया आदि मांसाहारी पशु आ जाय। तब इस मन्त्र को बायें हाथ की हथेली पर थूक से लिख लेवें और अनामिका आँगुली में से थोड़ा-सा रुधिर निकालकर उसके चारों ओर लगा देवे तो वह दुष्ट जन्तु तत्काल भाग जायेगा।

ह्रीं

दूरदेश का मारक यन्त्र

इस यन्त्र को मनुष्य के कपाल पर श्मशान में कौए के पंख से लिखे। फिर इसकी भस्म करके रुधिर और विष से लिखे यन्त्र को शराब सम्पुट में रखकर राख भर देवे और अग्नि के ऊपर रख दें तो दुश्मन चाहे जिस देश को क्यों न गया हो उसको कालज्वर चढ़ेगा।

हुं हुं हुं हुं हुं हुं हुं हुं

फट्

साध्य नाम

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

स्त्री आकर्षण का यन्त्र

ॐ ह्क्षीं क्लाति हां स्वाहा देवदत्त

इस यन्त्र को दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के रुधिर से बायें हाथ की हथेली पर लिख लें और फूल, पान, धूप, दीप से पूजन करे तो वह स्त्री प्रहर भर में आ जायेगी।.

विघ्ननाशक यन्त्र

उं	मं		व
दं	त	को	मं
तं	र	लं	प
	गु	र	गो

इस यन्त्र को मालकांगनी के रस से कागज पर लिखकर गले में बांधे तो कोई भय नहीं होगा।

नर-नारी में विद्वेषण का यन्त्र

ॐ अजिते स्वाहा

दे	व	द	त्त	दे	व	द	त्त
द	र्भ	गा	भ	व	दु	र्भ	गा
						भ	व

ॐ अपराजिते स्वाहा

उक्त यन्त्र को भोजपत्र पर गोरोचन और कुंकुम से दोनों किनारों पर जाप और मौन धारण से लिखकर, नदी के किनारे की मिट्टी ले आवे उस मिट्टी से गणपति की मूर्ति बनाकर इस यंत्र को उस पर डाल देवे और फिर उस गणपति की मूर्ति को गौ के दूध से स्नान करावे, अनेक तरह के फल-फूल, धूप-दीप और मोदकों से पूजन करके स्तुति करे। इस तरह पूजन करके शराब संपुट में रखकर संपुट के ऊपर अघोर-अघोर दो बार लिख देवे और पृथ्वी में गाड़ देवे तो स्त्री पुरुषों में परम विद्वेषण होगा।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

शत्रु वशीकरण हेतु यन्त्र

गलग्लि साध्यनाम गलग्लि

इस यन्त्र को चौदस की रात्रि के समय श्मशान में जाकर मनुष्य के कपाल पर लिखे और धतूरे के रस से मरघट के कोयंला को घिसकर स्याही बनाय और नग्न होकर लिखे। फिर शराब संपुट में इस यन्त्र को रखकर बलि मांसादि उपहार रखे और अपने रुधिर से पूजन करे और उसी जगह गाड़कर प्रतिदिन रात के समय उस पर अग्नि जलावे ऐसा करने से तीसरे दिन ज्वर आकर बढ़ता चला जाता है।

उच्चाटन का यन्त्र

इस यन्त्र को चतुर्दशी की रात के समय लाल वस्त्र और लाल फूलों की

ॐ गं गणपतिं प्रहित ँ गँ देवदत्तः ँ गँ धँ स्वांगहा

माला धारण करके चंदन लगाकर अनामिका अंगुली के रुधिर से लिखे और लाल रंग के ही पुष्पों से पूजन करके ब्राह्मक्ष्णों को भोजन करावे दणिा देवे। फिर इस यन्त्र के टुकड़े करके उच्छिष्ट भात में मिलाकर श्मशान में जाकर कौवों को खिला देवे तो उसका उच्चाटन होगा।

कांसे राज वशीकरण यन्त्र

कांसी के पात्र को राख से मांजकर चमेली की लकड़ी की कलम बनाकर गोरोचन और चन्दन से जिसको वश करना चाहे उसका नाम लिखे और उसके चारों ओर एक गोलाकार कुंडली खींच दे, उसके ऊपर अष्टदल कमल बनाकर वकार लिख दे और एक गोल रेखा खींच देवे उसमें अकारादि सोलह स्वर लिखे और मल्लिका, चमेली तथा श्वेत कमल के पुष्पों से पूजन करे, सुगंधित द्रव्य सामने रखे और एक श्वेत वस्त्र उढ़ा दें। इस यन्त्र का नाम महामोहन है, इसका विधिपूर्वक पूजन करके सुवर्ण अथवा चांदी के ताबीज में मढ़कर शिर, भुजा अथवा गले में बांधे, चाहे स्त्री हो चाहे पुरुष वह सम्पूर्ण दास की तरह वश में हो जाते हैं।

Sanskrit Digital Preservation Foundation, Chandigarh

राजा कोप शांत करने का यन्त्र

ह्क्ष्रीं	ह्क्ष्रीं	ह्क्ष्रीं	ह्क्ष्रीं
ह्क्ष्रीं	देवदत्त		ह्क्ष्रीं
ह्क्ष्रीं	ह्क्ष्रीं	ह्क्ष्रीं	ह्क्ष्रीं

इस यंत्र को भोजपत्र पर गोरोचन, केशर चन्दन में अनामिका का रुधिर मिलाकर लिखे और अनेक प्रकार के पुष्प मिष्ठान्न और मांस से विधिवत् पूजन करे, यथाशक्ति कन्या और ब्राह्मक्षण भोजन करावे, योगिनियों को नमस्कार करके राजदरबार में जाय और मुट्ठक्षी में इस यन्त्रराज को ले जाय तो तत्काल राजा का क्रोध शांत हो जायेगा और राजा उसके वश हो जायेगा।

भवबन्ध विनाशक यन्त्र

इस यन्त्र को भोजपत्र पर गोरोचन और चन्दन से लिखे और लोहे के ताबीज में रखकर शिर पर रखे, धीरे-धीरे संसार से वैराग्य उपजेगा। पुत्र, मित्र धन, स्त्री से मोह बन्धन छूट जायेगा और योगी होकर इच्छापूर्वक विचरने लगेगा।

नि:सारं
नि:सारं
नि:सारं
नि:सारं
देवदत्त
नि:सारं
नि:सारं
नि:सारं
नि:सारं

सेना भगाने का यंत्र

ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं
ॐ ह्क्ष्रीं ॐ ह्क्ष्रीं
ॐ ह्क्ष्रीं ॐ ह्क्ष्रीं
देवदत्त
लांगण
स्वाहा
ह्क्ष्रीं
ॐ ह्क्ष्रीं ॐ ह्क्ष्रीं
ॐ ह्क्ष्रीं ॐ ह्क्ष्रीं
ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं ह्क्ष्रीं

